समृद्धि न्यूज़

| संसेक्स | निफ्टी |
|---|---|
| 60,300.58 | 17,813.60 |

तापमान
अधिकतम 34 °c
न्यूनतम 23 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



बौद्धिक संपदा का सृजन आवश्यक : इन्द्र दमन तिवारी पेज-02

यूपी में मिले कोरोना के 602 नए केस, रोगियों के स्वस्थ होने... पेज-03

वर्ष 10 अंक 246 लखनऊ, 27 अप्रैल गुरुवार, 2023 पृष्ठ 12 मूल्य 2.00 www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

भारत की हेल्थकेयर प्रतिभा ने जीता दुनिया का भरोसा

## हमारा लक्ष्य सभी का अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण है : प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वन अर्थ वन हेल्थ- एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 समिट को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति भारत की दृष्टि केवल बीमारी की कमी पर ही नहीं रुकती। उन्होंने कहा कि रोगों से मुक्त होना कल्याण के मार्ग का एक पड़ाव मात्र है। भारत ने प्रतिशत-20 की प्रेसीडेंसी वन अर्थ वन हेल्थ वन फ्यूचर की थीम के साथ शुरू की। उन्होंने कहा कि



**दुनिया भर के सैकड़ों देश इस पहल में हमारे साथ आगे बढ़ रहे हैं, और पेशेवर और अकादमिक डोमेन से सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के हितधारकों का होना बहुत अच्छा है। यह भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन का प्रतीक है।**

**नरेन्द्र मोदी**

दुनिया भर के सैकड़ों देश इस पहल में हमारे साथ आगे बढ़ रहे हैं, और पेशेवर और अकादमिक डोमेन से सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के हितधारकों का होना बहुत अच्छा है। यह भारत के वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन का प्रतीक है।उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य सभी का अच्छा स्वास्थ्य और कल्याण है। हमारा लक्ष्य सभी का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण है। मोदी ने कहा कि वैक्सीन और दवाओं के माध्यम से जीवन बचाने के महान मिशन में भारत को कई देशों का भागीदार होने पर गर्व है। उन्होंने कहा कि भारत ने कोविड महामारी के दौरान 30 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन डोज 100 से ज्यादा देशों में मदद के लिए पहुंचाई हैं। यहा हमारी क्षमता और प्रतिबद्धता को दिखाता है। उन्होंने कहा कि जब समग्र स्वास्थ्य सेवा की बात आती है, तो भारत के पास कई महत्वपूर्ण ताकतें हैं। हमारे पास टैलेंट है, हमारे पास टेक्नोलॉजी है, हमारे पास परंपराएं हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और बाहर दोनों जगह, हमारे डॉक्टरों को उनकी क्षमता और प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सम्मान दिया जाता है। दुनिया भर में कई हेल्थकेयर सिस्टम हैं जो भारतीय पेशेवरों की प्रतिभा से लाभान्वित होते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में संस्कृति, जलवायु और सामाजिक गतिशीलता में जबरदस्त विविधता है। भारत की हेल्थकेयर प्रतिभा ने जीता दुनिया का भरोसा।

## नक्सली हमले में 10 पुलिसकर्मी शहीद

**छत्तीसगढ़ : गाड़ी को 50 किलो विस्फोटक से उड़ाया, ड्राइवर की भी मौत, सुरक्षाबलों को रेस्क्यू करने जा रहे थे**



**दंतेवाड़ा (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में बुधवार को नक्सली हमले में 10 पुलिसकर्मी शहीद हो गए। ये जवान डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) यूनिट के थे। इनके अलावा इनकी गाड़ी के ड्राइवर की भी हमले में मौत हुई है। इनकी टीम बारिश में फंसे सुरक्षा बलों को रेस्क्यू करने जा रही थी। इसी दौरान नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट में पुलिसकर्मियों का वाहन उड़ा दिया।

हमला दंतेवाड़ा जिले के अरनपुर थाना क्षेत्र में अरनपुर-समेली के बीच हुआ। सूत्रों के मुताबिक यहां पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ भी हुई है। इसी मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों ने वाहन पर बम फेंका था। आईजी सुंदरराज पी ने कहा- मौके पर सीनियर ऑफिसर्स भेजे गए हैं। इलाके में सर्चिंग ऑपरेशन जारी है। नक्सली हमले में शहीद होने वालों में प्रधान आरक्षक जोगा सोढ़ी, मुन्ना राम कड़ती, संतोष तामो, नव आरक्षक दुल्गो मण्डावी, लखमू मरकाम, नव आरक्षक जोगा कवासी, नव आरक्षक हरिराम मण्डावी, गोपनीय सैनिक राजू राम करटम, जयराम पोड़ियाम जगदीश कवासी और गाड़ी के ड्राइवर धनीराम यादव शामिल हैं।

बस्तर में नक्सलियों का ञ्चष्टह्रष्ट (टैक्टिकल काउंटर अफेंसिव कैंपेन) चल रहा है। नक्सली इस दौरान अक्सर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देते हैं। ञ्चष्टह्रष्ट को देखते हुए फोर्स भी अलर्ट मोड पर है। बस्तर के सभी जिलों में जवानों को सर्चिंग के लिए भेजा जा रहा है।

### पांच दिन पहले नक्सली कैंप किया था ध्वस्त

5 दिन पहले सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने नक्सलियों का कैंप ध्वस्त कर दिया था। भारी मात्रा में विस्फोटक समेत नक्सलियों के दैनिक उपयोग का सामान बरामद किया गया था। बताया जा रहा है कि इस कैंप में करीब 25 से 30 की संख्या में नक्सली मौजूद थे। जवानों के आने की खबर मिलते ही सभी नक्सली भाग गए।

### नक्सलियों को बख्शेंगे नहीं : बघेल

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हमले पर दुख जताया है। कहा- शहीदों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को हर संभव सहायता देने की बात कही है।

### दो ट्रेनें रद्द

बस्तर में किरंदुल-विशाखापट्टनम पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। ये दोनों यात्री ट्रेनें आज दंतेवाड़ा से आगे किरंदुल नहीं जाएगी। हालांकि किरंदुल से लौह अयस्क लेकर विशाखापट्टनम तक मालगाड़ियों की आवाजाही बरकरार रहेगी। ईको (ईस्ट कोस्ट) रेलवे मंडल ने यात्री ट्रेनों को लेकर आदेश जारी किया है।

### विधायक के काफिले पर हुआ था हमला

बीजापुर से कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी के काफिले पर एक हफ्ते पहले नक्सलियों ने हमला किया था। जिस वाहन में जिला पंचायत सदस्य पार्वती कश्यप बैठीं थीं, उस वाहन पर गोलियां लगी थीं। सभी सुरक्षित हैं। विधायक विक्रम मंडावी, जिला पंचायत सदस्य समेत कांग्रेसी नेता गंगालूर गए हुए थे। यहां मंगलवार को साप्ताहिक हाट बाजार में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया था। लौटते वक्त पदेड़ा गांव के नजदीक नक्सलियों ने चलते वाहनों पर फायरिंग की थी।

### दो साल पहले जवानों पर बीजीएल दागा था

3 अप्रैल 2021 को बीजापुर जिले के तर्रेम थाना क्षेत्र के टेकलगुड़ा में हुई मुठभेड़ में 22 जवान शहीद और 35 से ज्यादा घायल हुए थे। इन पर 350 से 400 नक्सलियों ने हमला किया था। इनमें माओवादियों के बड़े कैडर्स के लीडर भी मौजूद थे। जवानों पर भारी मात्रा में बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) दागा गया था। साथ ही डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा बटालियन के जवानों से हथियार भी लूट कर ले गए थे। कोबरा के एक जवान राकेश्वर सिंह मन्हास का अपहरण किया गया था। जवान के पास से भी हथियार लूट लिए थे। इस मुठभेड़ में नक्सलियों ने अपने ञ्चष्टह्रष्ट के दौरान वारदात को अंजाम दिया था। बाद में जवान राकेश्वर सिंह को नक्सलियों ने रिहा कर दिया था।

## मजहब के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है

**दुनिया में जहां भी श्रीराम का मंदिर होगा, वहीं उनके अनन्य भक्त हनुमान जी का मंदिर जरूर होगा**

**बंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक में 10 मई को मतदान होना है और नतीजे 13 मई को घोषित किए जाएंगे। कर्नाटक के चुनावी घमासान में सत्ता पक्ष और विपक्ष के दिग्गज नेताओं के रैलियों का दौर भी प्रदेश में शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा सहित 98 केंद्रीय और 150 राज्य के नेता बीजेपी की तरफ से चुनावी अभियान में लग गए हैं। वहीं कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी अपने दो दिवसीय कर्नाटक दौरे पर नजर आईं। बीजेपी के फायर ब्रांड नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रैली भी कर्नाटक में देखने को मिल रही है। जहां अपने आक्रमक भाषण से वो विरोधियों को निशाने पर लेते दिखे।



### बादल की सेवाओं को सदैव रखा जाएगा याद : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की है। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। योगी ने कहा कि प्रकाश सिंह बादल वरिष्ठ एवं अनुभवी राजनेता थे।उन्होंने समाज के गरीब, कमजोर, शोषित और वंचित वर्गों के लिए जीवनपर्यन्त संघर्ष किया। पंजाब के मुख्यमंत्री तथा भारत सरकार के मंत्री के रूप में उनकी सेवाओं को सदैव याद रखा जाएगा। वहीं सपा चीफअखिलेश यादव ने भी पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर दुख जताया है। उन्होंने ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

### मजहब के नाम पर आरक्षण देने वाले भारत के हितैषी नहीं हो सकते

विजयपुरा में जनसभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग समाज को जाति के नाम पर बांटने का प्रयास कर रहे हैं। जिन्होंने मजहब के आधार पर आरक्षण देने की घोषणा की है वे भारत के हितैषी नहीं हो सकते। मजहब के आधार पर आरक्षण असंवैधानिक है। योगी आदित्यनाथ ने कर्नाटक में अपनी पहली चुनावी रैली में धर्म आधारित आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि यह संविधान के खिलाफ है। उन्होंने यह भी दावा किया कि मजबूत 'डबल इंजन सरकार' के कारण पिछले छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ। आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा के नेतृत्व वाले जनता दल (सेक्युलर) के गढ़ में एक चुनावी रैली के दौरान कहा कि कांग्रेस पॉपुलर फंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) का तुष्टिकरण करती है और धर्म आधारित आरक्षण देती है, जो भारतीय संविधान के खिलाफ है।

## सीएम ध्यान भटकाने के लिए कर रहे 'तमंचे' की बात

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि शिक्षा और स्वास्थ्य समेत विभिन्न बुनियादी सुविधाएं देने में विफल रहने के कारण मुख्यमंत्री जनता का ध्यान भटकाने के लिये 'तमंचे' की बात कर रहे हैं। उन्नाव में नगरीय निकाय चुनाव प्रचार के लिये आयोजित एक जनसभा में मुख्यमंत्री योगी द्वारा दिये गये एक बयान के बारे में पूछे जाने पर यादव ने यह आरोप लगाया। मुख्यमंत्री योगी ने



मंगलवार को उन्नाव में एक चुनावी रैली में सपा पर निशाना साधते हुए कहा था कि 2017 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार आने से पहले प्रदेश में एक पार्टी विशेष से जुड़े लोगों के हाथों में 'तमंचे' होते थे लेकिन आज राज्य के नौजवानों के हाथों में टैबलेट है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गाजियाबाद में पत्रकारों से कहा, ''मुख्यमंत्री शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं, तो वह 'तमंचे' की बात करते हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं दे पा रहे हैं तो वह 'तमंचे' की बात करते हैं। वह क्यों ऐसा बोल रहे हैं। वह इसलिये बोल रहे हैं क्योंकि अंग्रेजी में एक कहावत है कि 'ओल्ड हैबिट्स डाई हार्ड' यानी पुरानी आदतें जल्दी जाती नहीं हैं।'' यादव गाजियाबाद से सपा की मेयर प्रत्याशी पूनम यादव के घर गये थे। उन्होंने राज्य के ज्यादातर नगर निगमों में लंबे समय से काबिज भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''भाजपा की नाकामी का परिणाम है कि शहर गंदे के गंदे हैं। समाजवादियों के काम हटा दो तो राजधानी लखनऊ में क्या मिलेगा?

### ईडी केस-सिसोदिया की जमानत पर फैसला 28 अप्रैल तक टला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला 28 अप्रैल तक टाल दिया है।

ईडी केस में कोर्ट ने 18 अप्रैल को फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं, सीबीआई केस में जमानत को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट सुनवाई के दौरान बेंच ने सीबीआई से कहा कि अगर आपके पास वो सबूत हैं, जिन पर आपको भरोसा है, तो हमें भी दिखाएं। मामले की सुनवाई गुरुवार को दोपहर ढाई बजे से होगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### देश में 157 नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे

**नई दिल्ली।** देश में 157 नए सरकारी नर्सिंग कॉलेज खोले जाएंगे। कैबिनेट ने बुधवार को यह फैसला लिया। केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि जहां मेडिकल कॉलेज है वहां ही 10 करोड़ रुपए के सहयोग से एक नर्सिंग कॉलेज बनाया जाएगा।

#### डीपीएस स्कूल में बम की धमकी, पुलिस ने स्कूल खाली कराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली-मथुरा रोड पर स्थित डीपीएस स्कूल में बम रखने की धमकी मिली है। यह धमकी स्कूल के ईमेल पर आई है। हालांकि पुलिस ने स्कूल को खाली कराकर जांच-पड़ताल की, मगर बम कहीं नहीं मिला। पुलिस ईमेल भेजने वाले की तलाश कर रही है।

#### आप की शैली ओबेरॉय दोबारा दिल्ली की मेयर चुनी गई

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की शैली ओबेरॉय गुरुवार को दोबारा दिल्ली नगर निगम की मेयर चुन ली गईं। इस पद के लिए आज ही वोटिंग होनी थी, लेकिन वोटिंग से पहले भाजपा ने अपनी प्रत्याशी शिखा राय और डिप्टी मेयर पद के कैंडिडेट का नाम वापस ले लिया। 22 फरवरी को हुए चुनाव में शैली ओबेरॉय मेयर बनी थीं। तब उनका कार्यकाल केवल 38 दिन का था, जो अब खत्म हो रहा है।

**अतीक-अशरफ हत्याकांड में बिना पक्ष सुने न दिया जाए कोई आदेश**

## 28 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट में होनी है सुनवाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज़**

प्रयागराज में अतीक अहमद और अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्याकांड के मामले में दाखिल की गई सुप्रीम कोर्ट की याचिका पर यूपी सरकार ने कैबिनेट दाखिल किया है। यूपी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दाखिल कर मांग की है कि बिना उनका पक्ष सुने इस मामले में कोई आदेश पारित किया जाए। बता दें वकील विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में कमेटी बनाकर जांच की मांग की है। जिस



पर सुप्रीम कोर्ट ने 28 अप्रैल को पूरे मामले की सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता वकील विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट में मांग की है कि अतीत और अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या कि सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में जांच कराई जाए।

## सूडान से अब तक 561 भारतीयों को निकाला

**जेद्दाह पहुंचे, एयरलिफ्ट कर भारत लाया जाएगा, अभी भी तीन हजार से ज्यादा लोग फंसे**

**खार्तूम/नई दिल्ली (एजेंसी)।** सूडान में 72 घंटे के संघर्ष विराम के बाद राजधानी खार्तूम समेत देश के अन्य हिस्सों में झड़पें जारी हैं। इस बीच, पिछले 24 घंटों में साढ़े पांच सौ से ज्यादा भारतीयों को निकाल लिया गया है। इन्हें सऊदी अरब के जेद्दाह लाया जा चुका है। अब तक तीन बैच में 561 लोगों को जेद्दाह पहुंचा दिया गया है। सूडान में 4 हजार से ज्यादा भारतीय रहते हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि ऑपरेशन कावेरी के तहत पहले बैच में 278 भारतीयों को नेवी के जहाज आईएनएस सुमेधा से सूडान पोर्ट से सऊदी अरब के जेद्दाह पहुंचाया गया। इसके बाद 148



और 135 भारतीयों को भारतीय वायु सेना के सी-130जे एयरक्राफ्ट से जेद्दाह लाया गया। अब इन्हें जल्द ही एयरलिफ्ट कर भारत लाया जाएगा। सूडान में तख्तापलट के लिए सेना और पैरामिलिट्री फोर्स (आरएसएफ) के बीच 15 अप्रैल को लड़ाई शुरू हुई थी। वर्ल्ड हेल्थ आर्गनाइजेशन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, लड़ाई में अब तक 459 लोगों और सैनिकों की मौत हो चुकी है। 4,072 लोग घायल हुए हैं। सूडान में 72 घंटे का सीजफायर 27 अप्रैल रात 12 बजे तक हैं। इस दौरान यहां से अन्य देशों को अपने नागरिकों को निकालने का समय है।

**कलियागंज घटना पर बोलीं ममता बनर्जी, यह अस्वीकार्य**

## दंगे में शामिल लोगों की संपत्ति कुर्क करेगी पुलिस

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के कालियागंज इलाके में एक किशोरी की मौत के विरोध में हुई हिंसा को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। हिंसा में कथित संलिप्तता को लेकर कुल 11 लोगों को हिरासत में लिया गया है। अब इसी को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का बयान सामने आया है। ममता ने दावा किया कि बंगाल के कालियागंज में पुलिस थाना और लोगों की संपत्ति जलाने के लिए बाहरी लोगों को लाया गया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पुलिस दंगे में



शामिल लोगों की संपत्ति कुर्क करने को लेकर काम करेगी। उन्होंने कहा कि कल की गुंडागर्दी जिसमें पुलिस बल पर हमला किया गया और लोगों की संपत्ति और सरकार को नुकसान पहुंचाया गया, अस्वीकार्य है।

**खाप का समर्थन** | **धरना दे रहे पहलवानों को खाप पंचायतों का सपोर्ट**

## 1430 गांव वाली खाप ने कहा- बेटियां रो रही हैं, उनके साथ कुछ तो हुआ है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जंतर-मंतर पर धरना दे रहे पहलवानों के समर्थन में हरियाणा की खाप पंचायतें 27 अप्रैल को दिल्ली पहुंचेंगी। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रोटेस्ट कर रहे रेसलर्स में शामिल बजरंग पूनिया ने खाप पंचायतों से साथ देने की अपील की थी। 24 अप्रैल को पूनिया ने कहा, पिछली बार हमसे भूल हो गई थी। हम खिलाड़ी हैं, हमें राजनीति नहीं आती। आज हमें आपकी जरूरत है, हमारा साथ दें। इतने बड़े खिलाड़ी धरने पर हैं। अब कुछ नहीं हुआ, तो कभी नहीं होगा। हमारी बहन-बेटियों की लड़ाई में साथ आएं। ये लड़ाई एक बाहुबली के खिलाफ है। 25 अप्रैल की शाम होते-होते कई खाप पंचायतें एक्टिव हो गई। मीटिंग होने लगी। फैसला हुआ कि जंतर-मंतर जाकर पहलवानों का सपोर्ट करेंगे। कुछ पंचायतें अब भी बुलावे का इंतजार कर रही हैं। हालांकि पहलवानों के सपोर्ट पर सब एकराय हैं। हरियाणा की अलग-अलग खापों को मिलाकर बनी सर्वखाप पंचायत के प्रवक्ता जगबीर मलिक कहते हैं, %हम अपनी बेटियों के साथ हैं। वे जंतर-मंतर पर बैठकर रो रही हैं। उनके साथ कुछ तो जरूर हुआ है। वे पहलवान हैं, ऐसे बैठकर नहीं रोतीं। सारी खाप पंचायतें उनके साथ हैं। झज्जर, रोहतक, सोनीपत और बाकी पंचायतों से बात करेंगे। बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह



- **52 गांव की नैन खाप ने कहा- बेटियों को अकेला नहीं छोड़ेंगे**
- **पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई, 28 अप्रैल को सुनवाई**
- **1430 गांव वाली सबसे बड़ी खाप पहलवानों के साथ**

के खिलाफ मोर्चा खोलकर बैठे पहलवानों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। सिंह पर 7 पहलवानों ने सेक्शुअल हैरसमेंट का आरोप लगाया है। प्रोटेस्ट कर रहे रेसलर सिंह के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग कर रहे हैं। उनकी याचिका पर 28 अप्रैल को सुनवाई होगी। कोर्ट ने यौन शोषण का आरोप लगाने वाली लड़कियों के नाम ज्यूडिशियल रिकॉर्ड से हटाने के लिए कहा है, ताकि उनकी पहचान सामने न आए। कोर्ट ने कहा, पहलवानों ने यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए हैं। इन पर विचार करने की जरूरत है। सर्वखाप के प्रवक्ता जगबीर मलिक, मलिक खाप के भी प्रवक्ता हैं। ये देश की सबसे बड़ी खाप पंचायत है। इसमें हरियाणा, पंजाब और राजस्थान के 1430 गांव आते हैं। जनवरी में भी पहलवानों ने जंतर-मंतर पर धरना दिया था। तब खाप पंचायतें इससे दूर रही थीं। इस पर जगबीर मलिक कहते हैं, %हमें लगा था इंटरनेशनल और नेशनल लेवल की कमेटी बन रही है। सही जांच होगी, लेकिन कुछ नहीं हुआ तो पहलवान फिर धरने पर आ गए। अब इस लड़ाई में हम उनके साथ हैं।' नैन खाप में हिसार, जींद और झज्जर के 52 गांव आते हैं। खाप के प्रधान नफे सिंह काफी बुजुर्ग हैं। उन्हें सुनाई भी कम देता है, लेकिन फोन पर उन्होंने एक बात साफ कही कि हम पहलवानों के साथ हैं। उनके लिए आंदोलन करेंगे।

# अभियान चलाकर 134 स्थानों को किया गार्बेज मुक्त

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



प्रदेश सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में मच्छर जनित रोग यथा डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, जैसे घातक रोगों के संक्रमण को रोकने के लिये 01 अप्रैल से 30.अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्राण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें नगर निगम द्वारा सघन फॉगिंग, एंटीलार्वा का छिड़काव, नालियों की सफाई, सिल्ट का उठान, सड़क किनारे उगी झाडियों की कटाई के कार्यो पर जोर दिया जा रहा है साथ ही विशेष अभियान चलाकर समस्त नगर निगम परिक्षेत्रा के सभी जलभराव वाले स्थल एवं नालियों में एंटीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है। वशेष सफाई अभियान में आज लगभग 1800 कर्मचारियों को योजित करते हुए 134 स्थानों को गार्बेज मुक्त किया गया एवं 178 स्थलों पर एंटीलार्वा का छिड़काव कराया गया। आज के अभियान में जोन-01 के बीएसएनएल कार्यालय, कलेक्ट्रेट के आस पास का क्षेत्रा, मछली मोहाल, जम्बूर खाना, चुटकी भण्डार, ख्वाजा गौहर हाता,एपीसेन रोड़, रिसालदार पार्क, कुर्मी टोला, लोक भवन, बेलदारी लेन, अशोक मार्ग, छितवापुर पंजावा, गांधी नगर, नहर किनारा, मकबूलगंज, रथखाना, गुईन तालाब, नाले के किनारे पूर्वी बिरहाना, जोन-02 के पाण्डेगंज की गलियां, मवैया, टुडियागंज मुख्यमार्ग, यहियागंज बर्तन बाजार, क्कर कुआ, शीतल प्रसाद रोड, सेक्टर-11 राजाजीपुरम, बाडा पार्क लेबर कालोनी, बीर बक्का, मुस्लिम टोला, तापल विहार कालोनी, जोन-03 के निराला नगर, सेक्टर-सी, रिंग रोड़, अम्बेडकर नगर, सेक्टर-ई, दर्शन, प्रीती नगर डिडौली, दीनदयाल नगर, रूपपुर खदरा-5 सुल्तानपुर गांव, साठफ्टि रोड, सेक्टर-जे जानकीपुरम, शिया कॉलेज, जोन-04 के तिवारीगंज, गोमती नगर विपुल खण्ड विशाल खण्ड, एवं विकास खण्ड, कॉल्विन कालेज निशातगंज के काला काकर, पेपर मिल वार्ड जुगौली, आनन्द विहार, विपुल खंड, पेपर मिल कालोनी, चिनहट में सघन फॉगिंग, एंटीलार्वा रसायन का छिड़काव के साथ साथ साफसफाई कार्य सम्पादित कराये गये। जोन-05 के स्नेह नगर आलमबाग, सूर्य नगर मानक नगर, विक्रम नगर आरडीएसओ, मधुबन नगर, आलमबाग, कैलाश पुरी, इन्द्रपुरी भोलाखेड़ा, बस अड्डा। जोन-06 के आघा मीन द्वेबढी, हरिनगर, चूड़ी वाली गली, बाबा हजारा बाग, लाजपत नगर, जलालपुर, हाता सितारा बेगम, रानी कटरा, जनरैल गंज जहरा कालोनी, बीबीगंज शिवाला, नरपत खेड़ा, जोहरी मोहल्ला, शीतना स्क्यायर, हसन पुरिया, झवाई टोला, बहमी टोला, मोमिन नगर, मसूर नगर, जोन-7 के पटेल नगर, सन्तपुरम, अतरौली, गायत्री पुरम, सेक्टर-01, सेक्टर-11, खुर्रम नगर गॉव, जय नगर, सेक्टर-13 डी-ब्लाक, झूले लाल चौराहा और जोन-08 के कुष्ठाश्रम, शुभम पैलेस, दंगल मैदान, तहसील वाला मैदान, सभागार, दुर्गापुरी, सेक्टर 8-सी, साउथ सिटी, तेलीबाग मार्केट में सघन फॉगिंग, एंटीलार्वा रसायन का छिड़काव के साथ साथ साफसफाई कार्य सम्पादित कराये गये।

## अपराजपत्रित्र कर्मचारी संघ पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

लखनऊ। जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के कार्यालय में अराजपत्रित्र राज्य कर्मचारी संघ, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग नगर शाखा लखनऊ के पदाधिकारियों को महासंघ के अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान श्री पाण्डेय ने निर्वाचित पदाधिकारियों को अपने सदस्यों के संरक्षण देने तथा किसी तरह की जरूरत पड़ने पर पूर्ण समर्थन और सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने आहवान किया कि महासंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में आपकी शतप्रतिशत उपस्थित ही आपकी निष्ठा का प्रदर्शन होगा। श्री पाण्डेय ने अध्यक्ष आशीष कुमार दीक्षित और महामंत्री शिवशम्भू सिंह,प्रमोद कुमार श्रीवास्तव उपाध्यक्ष प्रथम, तेज बहादुर राम उपाध्यक्ष द्वितीय, ईशान श्रीवास्तव उपाध्यक्ष तृतीय, सुरेश चन्द्र उपाध्यक्ष चतुर्थ, कमल किशोर शुक्ला आडीटर, मीनू श्रीवास्तव संयुक्त सचिव, शशि शुक्ला कार्यालय मंत्री, प्रभात रंजन मीडिया प्रभारी, अक्षय कुमार सिंह संगठन मंत्री, अभिषेक वर्मा कोषाध्यक्ष, गयूरूल अब्बास और अनीता सिंह प्रचार मंत्री और राम किशोर मंत्री चतुर्थ को शपथ दिलाई। इस दौरान अध्यक्ष आशीष कुमार दीक्षित ने महासंघ अध्यक्ष को आश्वासन दिया कि उनका संगठन एवं सदस्य महासंघ के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगें। पुरानी पेंशन बहाली के लिए होने वाले हर आन्दोलन में उनकी भागीदारी शतप्रतिशत होगी।

## डिप्टी रघुबर दयाल के नाम दर्ज सरकारी पार्क पर लगवायेंगे बच्चों के झूले

### हजरतगंज की शान बनारसीबाग को हटाया तो होगा बड़ा जनांदोलन-सुभाष श्रीवास्तव

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

हजरतगंज रामतीर्थ वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी सुभाष श्रीवास्तव ने लखनऊ चिड़ियाघर को नरही और हजरतगंज इलाके की पहचान बताया है।सुभाष के अनुसार सरकार से जुड़े कुछ भूमाफ्यिा तत्वों के इशारे पर लखनऊ के नवाबों की इस देन को समाप्त करने का देशविरोधी षड्यंत्र लंबे समय से किया जा रहा है लेकिन इसे सफ्ल नहीं होने दिया जायेगा।नरही स्थित चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए सुभाष ने सीवर लाईन चोक रहने की समस्या को क्षेत्रों की सबसे बड़ी जनसमस्या बताया।पीने के पानी की व्यवस्था से लेकर क्षेत्र में मौजूद नगर निगम संपत्तियों पर कब्जे जैसी घटनाओं को रोकने की जरूरत बताते हुए सुभाष ने कहा कि अगर हजरतगंज रामतीर्थ वार्ड की जनता उन्हें इस क्षेत्र का सभासद बनाती है तो मीराबाई मार्ग पर नगर निगम के डिप्टी रघुबर दयाल पार्क का जीर्णोद्धार कराने के साथ ही बच्चों के खेलने के लिये झूले भी लगवाये जायेंगे।

## खबरें एक नजर में



(लोक भारती इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन)

लखनऊ. लोक भारती इंटर कॉलेज गीतापल्ली, आलमबाग के विद्यार्थियों ने हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है।पिछले वर्षो की तरह इस बार भी विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा .इंटर परीक्षा में अरुण यादव ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया वहीं हाईस्कूल की परीक्षा में अमन कुमार 92.1 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रहे. उनके अलावा इंटरमीडिएट की छात्रा आर्य सिंह को 80.2 प्रतिशत ,सुहानी वर्मा को 79.6 प्रतिशत, छात्र सत्य प्रकाश 79.6 प्रतिशत, छात्रा खुशी वर्मा 79.2 प्रतिशत, जोया फातिमा को 78.4 प्रतिशत ,छात्र अभय बाजपेई को 77. 4त्न ,साक्षी तिवारी को 76.6 प्रतिशत, तथा रितिक यादव 75.6 प्रतिशत अंक हासिल कर अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया. हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में छात्र अक्षय बाजपेई को 90.3 प्रतिशत, छात्रा जसमीत कौर को 89.8 प्रतिशत, अनुज शर्मा को 83त्न अंक मिले छात्रा अंशिका ठाकुर को 82.8 प्रतिशत ,नैंसी गुप्ता को 82.3 प्रतिशत, सानिया अली को 81.5 प्रतिशत, साबिया बानो 77.8 प्रतिशत तथा अंश त्रिपाठी 75त्न अंकों के साथ मेधावी की सूची में शामिल हुए. इस अवसर पर विद्यालय के मेधावी व सफल विद्यार्थियों को प्रधानाचार्या ममता दीक्षित व प्रबंध निदेशक नमन दीक्षित ने सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### केकेसी पीजी कालेज में मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण सम्पन्न

लखनऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया जयनारायण (के.के. सी.) पीजी कालेज में आयोजित होने वाला मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दो पालियों में आयोजित हुआ। उक्त प्रशिक्षण के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी जयनारायण (के.के. सी.) पीजी कालेज पहुँचकर,कई व्यवस्थाओ का जायजा लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा समस्त कक्षों में जा कर निरीक्षण कर,आये हुए प्रशिक्षणार्थियों से संवाद भी किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया प्रथम पाली में सुबह बजे प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इसी प्रकार दूसरी पाली का प्रशिक्षण दोपहर शुरू हुआ और उक्त प्रशिक्षण में आने वाले कार्मिकों ने भी समय पहुँच कर उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं नगर निकाय सामान्य निर्वाचन को सकुशल, सम्पन्न कराये जाने हेतु केकेसी में चल रहे मतदान कार्मिको के द्वितीय प्रशिक्षण को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि दूसरे चक्र का प्रशिक्षण प्रारम्भ हो गया है। उन्होने कहा कि निर्वाचन सम्बन्धी सामग्री उपलब्ध करायी जा रही है। चेक लिस्ट के हिसाब सामग्री को चेक कर लें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिन बीएलओ की डयूटी मतदान कार्मिक के रूप में लगायी गयी है। वह बीएलओ मतदान कार्मिकों के रूप में भी डयूटी करेगें। पर्ची वितरण का कार्य 2 मई से पूर्व कर, मतदान कार्मिक की डयूटी करेंगें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मतदान कार्मिक उपस्थित थे।

### इस्कॉन मन्दिर मे शारदा ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूशंस में बच्चों को सिखाया आध्यात्मिक ज्ञान का महत्व

लखनऊ। श्री श्री राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कॉन) सुशांत गोल्फसिटी लखनऊ के अध्यक्ष श्रीमान अपरिमेय श्याम प्रभु जी द्वारा युवाओं को आध्यात्मिक एवं तनावमुक्त बनाने हेतु विशेष सत्र शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस,सुल्तानपुर रोड स्थित में किया गया। जिसमे डीन प्रोफेसर विवेक मिश्र शिक्षक बीएड एवं बीटीसी के छात्र एवं गणमान्य भक्त उपस्थित रहे। इस्कॉन मंदिर के अध्यक्ष श्याम प्रभु ने छात्रों को बताया कि हरिनाम जप से आध्यत्मिक उन्नति के साथ आप तनाव से मुक्त रह सकते हैं। शिक्षकों एवं 200 छात्रों को प्रतिदिन गीता के श्लोक पढ़ने का संकल्प कराया। उन्होंने बताया की हमारे जीवन की सारी समस्यों का हल श्रीमद् भगवद्गीता में उपलब्ध है, अत: हमें नित्य गीता का पाठ करना चाहिए। उक्त कार्यक्रम इस्कॉन, लखनऊ के विशेष सेवादारों क्रमशरूकृपा शंकर, रवि तिवारी, सौरभ सिंह प्रभु, विनय गुप्ता प्रभु एवं मीरा तिवारी के अथक प्रयासों से सम्पन्न हुआ।

### लूलू मॉल ने शुरू फेयर एण्ड एक्सपोर्ट सेवा

लखनऊ। लूलू मॉल लखनऊ, लखनऊ ही नहीं , प्रदेश का जाना माना नाम बन चूका है। लूलू मॉल अपनी विभिन्न कंपनियों द्वारा निरंतर ग्राहकों और स्थानीय किसानों की संतुष्टि और विकास के लिए प्रयासरत रहता है। इसी क्रम में लूलू ग्रुप कि कंपनी फेयर एंड एक्सपोर्ट, किसानों और मंडियों से आलू लेकर ओमान और अन्य देशों में इसका निर्यात शुरू करने जा रही है , जिसका उदघाटन कार्यक्रम लूलू मॉल में दिनांक 26 अप्रैल को आयोजित किया गया। इस निर्यात कार्यक्रम का उद्घाटन राजयमंत्री श्री दिनेश प्रताप सिंह जी ने वाहनों को झंडी दिखाकर किया।

## पावर कारपोरेशन से नोएडा और गाजियाबाद की वित्तीय और तकनीकी पैरामीटर पर मांगी तलब

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

मुंसिपल कारपोरेशन गाजियाबाद नोएडा जनपद के लिए मैसर्स अडानिएलेक्ट्रिसिटी जेवर लिमिटेड व अदानी इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन लिमिटेड द्वारा विद्युत नियामक आयोग में समानांतर विद्युत वितरण लाइसेंस के लिए दाखिल याचिका में अभी भी पेच फंसा है। दूसरी ओर विद्युत नियामक आयोग ने अदानी ग्रुप की मुश्किलों को और बढा दिया है। विद्युत नियामक आयोग इस बात की तहकीकात में लगा है कि अडानी की नेट वर्थ जो याचिका में दिखाई गई है उसकी सच्चाई क्या है ? वास्तव में उसकी क्या हैसियत वित्तीय रूप से है कि वह इन दोनों जनपदों में वितरण लाइसेंस ले सकता है ? अदानी ग्रुप द्वारा कहा गया है कि वह समानांतर वितरण लाइसेंस पर 4800 करोड खर्च करेगा। क्या वह यह रकम खर्च कर पाएगा। वास्तव में गाजियाबाद और नोएडा के क्षेत्र में समानांतर लाइसेंस के लिए कितनी लागत की जरूरत होगी ? सच्चाई जानने के लिए अब विद्युत नियामक आयोग ने पावर कारपोरेशन से दोनों क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की कुल संख्या, उनका कुल भार उनकी कुल वित्तीय वर्ष 2022-23 में विद्युत आपूर्ति की स्थिति एलटी लाइन की किलोमीटर में लंबाई 11केवी व 33 केवी लाइन की लंबाई 33 कीवी व 11 केवी उप केंद्रों की संख्या उनकी क्षमता प्रोटेक्शन इन कंट्रोल सिस्टम का विवरण मांगा है। जिससे यह अनुमान लगाया जा सके कि उस क्षेत्र में वितरण लाइसेंस लेने के लिए किसी भी कंपनी की हैसियत क्या होनी चाहिए। इस बीच उपभोक्ता परिषद ने ऐलान कर दिया है कि 27 को आगरा और 28 को नोएडा में भी बिजली दर की सुनवाई में अदानी की याचिका की खुलकर विरोध किया जाएग। किसी भी हालत में अदानी ग्रुप की याचिका को स्वीकार नहीं होने दिया जाएगा, क्योंकि यही याचिका नियम विरुद्ध है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा अदानी ग्रुप कि याचिका कानूनन स्वीकार करने योग्य नहीं है। जिसके बारे में उपभोक्ता परिषद द्वारा नियामक आयोग की स्वीकार्यता की सुनवाई में सभी बिंदुओं को उठा चुका है। अदानी ग्रुप की याचिका भारत सरकार की अधिसूचना के विपरीत है। ऐसे में उसे खारिज होना ही है। लेकिन सबसे बडा सवाल यह है कि पावर कारपोरेशन इस पूरे मामले पर चुप्पी क्यों साधे हुआ है। अब देखना यह है कि जब पावर कारपोरेशन को जवाब दाखिल करना है ऐसे में पावर कारपोरेशन अपना पक्ष रखता है या फिर अदानी ग्रुप के खिलाफ चुप्पी साधे रहता है।

## शक्ति, करन, आयरा और अनिकेत सेमीफाइनल में

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▸ सानिध्य युगल खिताब से एक कदम दूर

लखनऊ की आशियाना स्थित उन्नाद टेनिस अकादमी में चल रहे आल इंडिया टेनिस प्रतियोगिता आइटा चौंपियनशिप सिरीज सीएस-7 के तीसरे दिन क्वार्टरफाइनल मुकाबले में कई बड़े उलटफेर देखने को मिले। बालिका वर्ग में सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए गैर वरियता प्राप्त उत्तर प्रदेश की खिलाड़ी आयरा ने दूसरी वरियता प्राप्त सताक्षिका सहायक को कड़े मुकाबले में 7-6(3),1-6, 7-5 से हरा दिया। तीन सेट तक चले मुकाबले में आयरा ने धैर्य का परिचय दिया और सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। इसी तरह बालक वर्ग में गैर वरियता प्राप्त केरल के खिलाड़ी करन बी थापा ने तीसरी वरीयता प्राप्त गोवा के मीका सेठ को 4-6,6-2.6-1 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बना ली। इसी तरह छठीं वरियता प्राप्त अनिकेत श्रीवास्तव ने चौथी वरियता प्राप्त प्रणव मिश्रा को कठिन मैच में 7-6(2),4-6,6-4 से हरा दिया। वहीं अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त ओम यादव ने वंशराज जलोटा को सीधे सेटों में 6-2,6-0 से हराकर अंतिम चार में अपनी जगह पक्की कर ली है। अन्य क्वार्टर फाइनल में अनुज कुमार ने यूपी के ही वरुण को आसानी से 6-3,6-3 से हरा दिया। बालिका वर्ग के अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में शीर्ष वरीयता प्राप्त शक्ति मिश्रा ने शानदार खेल दिखाते हुए वैष्णवी को 6-3,6-3 से हरा दिया। इसी तरह शताक्षी तिवारी ने रायसा कमल को टिकने नहीं दिया और आसानी से 6-2,6-3 से हरा दिया।युगल मुकाबलों में यूपी के सानिध्य धर द्विवेदी और फैज किदवई की जोड़ी अब खिताब से सिर्फ एक कदम दूर है। सेमीफाइनल मुकाबले में इस जोड़ी ने यूपी के अर्जुन दीक्षित और केरल के करन बी थापा की जोड़ी को टिकने नहीं दिया और सीधे सेटों में 6-4,6-3 से हरा दिया। फाइनल में उनका मुकाबला प्रतियोगिता की सबसे मजबूत समझी जा रही जोड़ी ओम यादव और अनिकेत से होगा। ओम और अनिकेत की जोड़ी ने सेमीफाइनल में वंशराज जलोटा और प्रणव मिश्रा की जोड़ी को लंबे चले मुकाबले में 7-5,6-3 से हरा दिया।

## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना रू 7.33 करोड़ की राज्यांश की धनराशि स्वीकृत

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आरसीपीएलडब्लूईए के प्रोग्राम फंड हेतु प्रथम किस्त के प्रथम ट्रेंच के रूप में अवमुक्त केंद्रांश 11 करोड़ रूपये के सापेक्ष मैचिंग राज्यांश 7.33 करोड़ की धनराशि अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गई है ।

इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासनादेश में मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण को निर्देशित किया गया है कि वह स्वीकृत धनराशि का व्यय जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप कराना सुनिश्चित करेंगे।

## बौद्धिक संपदा का सृजन आवश्यकः इन्द्र दमन तिवारी

### विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर लविवि के विधि संकाय में गोष्ठी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ



विश्व बौद्धिक संपदा दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय की विधि संकाय में गोष्ठी का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का आयोजन स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी के द्वारा किया गया था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) बंशीधर सिंह ने कहा कि ÷बौद्धिक संपदा से अभिप्राय है, नैतिक और वाणिज्यिक रूप से मूल्यवान बौद्धिक सृजन, बौद्धिक संपदा अधिकार प्रदान किये जाने का अर्थ यह नहीं निकाला जाना चाहिये कि अमुक बौद्धिक सृजन पर केवल और केवल उसके सृजनकर्त्ता का सदा-सर्वदा के लिये अधिकार हो जाएगा। यहाँ पर ये कहना आवश्यक है कि बौद्धिक संपदा अधिकार एक निश्चित समयावधि और एक निर्धारित भौगोलिक क्षेत्र के मद्देनज़र दिये जाते हैं।÷ इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व अधिष्ठाता प्रो. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि मनुष्य अपनी बुद्धि से कई तरह के आविष्कार और नई रचनाओं को जन्म देता है, उन विशेष आविष्कारों पर उसका पूरा अधिकार भी है लेकिन उसके इस अधिकार का संरक्षण हमेशा से चिंता का विषय भी रहा है। यहीं से बौद्धिक संपदा और बौद्धिक संपदा अधिकारों की बहस प्रारंभ होती है, यदि हम मौलिक रूप से कोई रचना करते हैं और इस रचना का किसी अन्य व्यक्ति द्वारा गैर कानूनी तरीके से अपने लाभ के लिये प्रयोग किया जाता है तो यह रचनाकार के अधिकारों का स्पष्ट हनन है। गोष्ठी में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने कहा कि ÷विश्व में आज बौद्धिक संपदा का महत्व तेजी से ब?ता जा रहा है, यह ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का आधार है। अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में इसका महत्व होने के कारण यह उद्यमों की प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए उत्तरोत्तर प्रासंगिक व महत्वपूर्ण होती जा रही है। बौद्धिक संपदा में ऐसी वस्तुएं आती हैं, जो व्यक्ति द्वारा बुद्धि के प्रयोग से उत्पन्न होती हैं, किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा सृजित कोई मौलिक कृति, डिजाइन, ट्रेडमार्क इत्यादि बौद्धिक संपदा हैं, भौतिक धन की तरह ही बौद्धिक संपदा का भी स्वामित्व लिया जा सकता है। स्वामित्व के लिए बौद्धिक संपदा कानून बनाए गए हैं, इसके अंतर्गत कोई अपनी बौद्धिक संपदा का नियंत्रण कर सकता है और साथ ही उसका उपयोग करके बौद्धिक संपदा भी अर्जित कर सकता है। बौद्धिक संपदा का स्वरूप अमूर्त होता है, लेकिन राज्य ने संपत्ति की सामान्य व्याख्या के अंतर्गत इसे मान्यता प्रदान की है। भारत सरकार ने 2016 में राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार नीति को स्वीकृति प्रदान की थी। इस नीति के जरिए ही भारत में इसके संरक्षण और प्रोत्साहन में मदद मिल रही है। इस नीति के अंतर्गत सात लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, जो हैं समाज के सभी वर्गों में बौद्धिक संपदा अधिकारों के आर्थिक-सामाजिक एवं सांस्कृतिक लाभों के प्रति जागरुकता पैदा करना। बौद्धिक संपदा अधिकारों के सृजन को ब?ावा देना, मजबूत और प्रभावशाली बौद्धिक संपदा अधिकार नियमों को अपनाना, ताकि अधिकृत व्यक्तियों तथा वृहद लोकहित के बीच संतुलन बना रहे। सेवा आधारित बौद्धिक संपदा अधिकार प्रशासन को आधुनिक और मजबूत बनाना, व्यवसायीकरण के जरिए बौद्धिक संपदा अधिकारों का मूल्य निर्धारण, बौद्धिक संपदा अधिकारों के उल्लंघनों का मुकाबला करने के लिए प्रवर्तन एवं न्यायिक प्रणालियों को मजबूत बनाना। मानव संसाधनों तथा संस्थानों की शिक्षण, प्रशिक्षण, अनुसंधान क्षमताओं को मजबूत बनाना और बौद्धिक संपदा अधिकारों में कौशल निर्माण करना।÷ इस अवसर पर विधि संकाय के छात्र छात्राओं ने बड़ी संख्या में उपस्थित रह कर वक्ताओं के विचार सुने, अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) बंशीधर सिंह ने इस आयोजन हेतु स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के मन में नवीन विषयों पर हो रही दुविधा को समाप्त करते हैं।

## जीत हुई तो नगर निगम के संविदा कर्मी होगे स्थाई: अंजू भट्ट

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

आम आदमी पार्टी से महापौर प्रत्याशी अंजू भट्ट सभी वार्डों में जनसंपर्क कर आप द्वारा किए गए वायदों से जनता को अवगत करा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव जीतती है तो सभी संविदा कर्मियों को पक्का कर दिया जाएगा। अंजू भट्ट ने कहा कि महंगाई के इस दौर में संविदा कर्मियों के लिए घर चलाना मुश्किल है बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला पाना एवं उनके स्वास्थ्य के अच्छी देखभाल, इलाज कर पाना बेहद मुश्किल होता जा रहा है। नगर निगम में संविदा कर्मी बड़े अधिकारियों के शोषण का शिकार होते जा रहे हैं जिसका एकमात्र उपाय है कि उन्हें स्थाई आर्थिक मजबूती प्रदान की जाए। अंजू भट्ट ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा कि 25 वर्षों से लखनऊ नगर निगम में भाजपा की सरकार है लेकिन अब भी 43 फीसदी हिस्से में सीवर लाइन नहीं बिछाई गई है जिस कारण जनमानस को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा सरोजनी नगर प्रथम एवं द्वितीय वार्ड में नगर निगम सीमा के अंतर्गत एक लाख की आबादी है लेकिन दुखद कि यहां सीवर की एक पाइप भी नहीं पड़ी है। तेलीबाग में पीजीआई क्षेत्र के आसपास का इलाका भी सीवर लाइन और ड्रेनेज सिस्टम से अछूता है। लखनऊ नगर निगम के तमाम पार्षद व मेयर एमएलसी और विधायक बने लेकिन दुखद की किसी ने भी सीवर लाइन की समस्या का निस्तारण नहीं किया।अंजू भट्ट ने वार्ड नंबर 69 लालबाग में चुनाव प्रचार किया. लालबाग क्षेत्र की टूटी सड़कों और जाम की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि इन तमाम समस्याओं से आम आदमी पार्टी छुटकारा दिलाएगी।

## महिंद्रा ने ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज से भारत के पिकअप सेगमेंट में मचाई हलचल 7.85 लाख रुपए से शुरू

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

भारत में नंबर 1 पिकअप ब्रांड बोलेरो पिक-अप के निर्माता महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) ने आज अपनी ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज लॉन्च की। 7.85 लाख रुपए (एक्स-शोरूम) कीमत से शुरू ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को ग्राहकों और ऑपरेटरों को एक कम कीमत पर जबरदस्त फीचर और परफॉर्मेंस देने के लिए तैयार किया गया है। हल्की, अधिक कॉम्पैक्ट और वर्सेटाइल ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज पेलोड क्षमता, ईंधन दक्षता, सुरक्षा और ड्राइविंग अनुभव के लिए नए बेंचमार्क सेट करती है। पहले से कहीं अधिक फायदे का सौदा साबित होते हुए इसमें स्मार्ट इंजीनियरिंग भी शामिल है।नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज को 24,999 रुपये के न्यूनतम डाउनपेमेंट पर बुक किया जा सकता है। महिंद्रा ने आसान खरीद और ऑनरशिप एक्सपीरियंस के लिए आकर्षक फाइनेंस स्कीम भी पेश की है।ऑल-न्यू बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज एक नए प्लेटफॉर्म के साथ गेम चेंजर होने का वादा करती है, जबकि इसकी कीमत बोलेरो डीएनए के समान ही रखी गई है। यह महिंद्रा की गाड़ियों की उसी साख और ताकत को आगे बढ़ाती है, जो देती है मजबूती, विश्वसनीयता, कम रखरखाव लागत और अच्छी रीसेल कीमत।

इसमें देश भर की शहरी सड़कों और हाइवे पर छाई बोलेरो की टाइमलैस और मिनिमम डिजाइन को भी बनाए रखा गया है।एमएंडएम के ऑटोमोटिव डिवीजन के प्रेसिडेंट विजय नाकरा ने कहा, 'मेक इन इंडिया' पहल के लिए गहराई से प्रतिबद्ध एक कंपनी के रूप में हम ऐसे प्रोडक्ट तैयार करने में बहुत गर्व महसूस करते हैं जो न केवल ग्राहक केंद्रित हैं बल्कि भारत की आर्थिक वृद्धि में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाते हैं। महिंद्रा में, हम लगातार अपने ग्राहकों के जीवन को समृद्ध बनाने का प्रयास करते हैं, उन्हें वर्सेटाइल वीकल देते हैं जो विकास और समृद्धि लाते हैं। पूरी तरह से नई बोलेरो मैक्स पिक-अप रेंज अत्याधुनिक सुविधाओं, बेजोड़ शक्ति, अधिकतम पेलोड क्षमता और उच्च माइलेज की पेशकश करती है, इसका वादा है कि ड्राइवरों के लिए हर सफर प्रोडेक्टिव और थकान-मुक्त रहेगा। यह वास्तव में बेहतरीन गाड़ी की तलाश कर रहे किसी भी व्यक्ति के लिए सबसे बेस्ट विकल्प है। इस प्रोडक्ट सीरीज के साथ हम ग्राहकों को अद्वितीय मूल्य देने और पिक-अप सेगमेंट में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करने के लिए महिंद्रा की अटूट प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए बहुत प्रसन्न महसूस कर रहे हैं। एमएंडएम में ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी एंड प्रोडक्ट डेवलपमेंट के प्रेसिडेंट आर. वेलुसामी ने कहा, ''महिंद्रा रिसर्च वैली के इंजीनियरों की एक समर्पित टीम ने लगातार तीन साल तक इनोवेटिव काम किया और इसी के नतीजे में एक नए और वर्सेटाइल प्लेटफॉर्म का विकास हुआ, जो ऑल-न्यू बोलेरो मैक्सपिक-अप रेंज को आधार देता है। असली कामयाबी यह है कि हम अलग-अलग कार्गो लंबाई और पेलोड क्षमता के उत्पादों की दो प्रोडक्ट्स की सीरीज पेश कर रहे हैं, जिनमें 1.3 टन से 2 टन तक की क्षमता है। इस तरह दक्षता और उत्पादकता को अधिकतम किया जा सकता है, साथ ही डीजल और सीएनजी के विकल्प भी मिलते हैं।

# बीजेपी का बड़ा दांव, भगवा गढ़ में भी उतारे मुस्लिम उम्मीदवार

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में इस बार स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर बीजेपी अपनी बदली हुई रणनीति के तहत चुनाव मैदान में है। पहली बार बीजेपी ने मुस्लिम समाज को इतनी बड़ी संख्या में टिकट दिया है। पहले चरण के लिए अब तक तकरीबन साढ़े तीन सौ मुस्लिम उम्मीदवार बीजेपी ने चुनाव मैदान में उतारे हैं, इनमें नगर निगम में पार्षद के उम्मीदवार नगर पालिका नगर पंचायत में अध्यक्ष के उम्मीदवार और उसके अलावा वहां के सभासद के उम्मीदवार भी शामिल है। बीजेपी सबका साथ सबका विकास की जो बात करती है इस बार टिकट देने में भी उसने कहीं न कहीं इसे साबित करने की कोशिश की है। बीजेपी बीते कुछ समय से लगातार मुस्लिम समाज को अपने साथ लाने में जुटी है और हाल ही में जो पसमांदा सम्मेलन हुए उसे भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है। दरअसल, पार्टी का फोकस अब पसमांदा समाज पर है क्योंकि यूपी में 2024 के लिए बीजेपी ने मिशन 80 का लक्ष्य रखा है और उसे पता है कि बिना पसमांदा समाज के साथ आए यह संभव नहीं है। इसीलिए इस बार स्थानीय निकाय के चुनाव में भी बीजेपी ने अल्पसंख्यक समुदाय को दिल खोलकर टिकट दिया है। पहली बार इस नगरीय चुनाव में ऐसा हुआ है जब बीजेपी ने तकरीबन 350 मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। इनमें प्रयागराज, वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, झांसी, आगरा, फिरोजाबाद और मथुरा नगर निगम शामिल है। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी नगर निगम में भी बीजेपी ने 4 वार्ड में मुस्लिम उम्मीदवारों को पार्षद का टिकट दिया है तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के क्षेत्र गोरखपुर में भी पार्षद का टिकट मुस्लिम समाज के लोगों को दिया गया है। लखनऊ में भी अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को पार्षद का उम्मीदवार बीजेपी ने बनाया है। जबकि झांसी में आगरा में फिरोजाबाद में मथुरा नगर निगम में भी बीजेपी ने इस बार पार्षद के पद पर अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारा है। कई बार यह सीटें खाली रह जाती थी। बीजेपी के अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का साफ तौर पर कहना है कि बीजेपी सबका साथ सबका विकास की केवल बात ही नहीं करती बल्कि उसे पूरा भी करती है। दरअसल, इस बार निकाय चुनाव में बसपा ने 10 नगर निगमों में से 6 पर मुस्लिम प्रत्याशी मेयर पद के लिए उतारे हैं। ऐसे में बीजेपी ने भी तकरीबन ढाई सौ मुस्लिम उम्मीदवार इस निकाय चुनाव के पहले चरण में घोषित किए हैं। वहीं समाजवादी पार्टी की भी नजर कहीं न कहीं मुस्लिम वोट बैंक पर है और इसीलिए पार्टी भी लगातार मुस्लिम उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतार रही है लेकिन बीजेपी साफ तौर पर कह रही है कि दूसरे दल केवल उन्हें डराने का काम करते हैं। जबकि बीजेपी ने अल्पसंख्यक समाज को आगे ले जाने का काम किया है। अगर नगर पालिका और नगर पंचायतों की बात करें तो फिरोजाबाद नगर पंचायत में लखनऊ की नगर पंचायतों में अमेठी नगर पंचायत में रामपुर में मुरादाबाद मंडल में अमरोहा में तमाम जगहों पर बीजेपी ने इस बार नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ साथ वहां के सभासदों के टिकट भी मुस्लिम समाज को दिए हैं। अगर बीते चुनाव की बात करें जो 2017 में हुए थे तब पूरे प्रदेश में तकरीबन सौ के आसपास ही मुस्लिम उम्मीदवार पार्टी ने उतारे थे लेकिन इस बार जिस तरह से बीजेपी पसमांदा समाज पर फोकस कर रही है यह उसी का असर है कि इतनी बड़ी संख्या में बीजेपी ने कहीं ना कहीं मुस्लिम कैंडिडेट के लिए अपने दरवाजे खोलें हैं। बीजेपी जो सबका साथ सबका विकास का नारा देती है इसके जरिये इस बार सपा और बसपा के मुस्लिम वोट बैंक की आस को तोड़ने में भी वो जुटी है। भारतीय जनता पार्टी के मुस्लिम कार्ड को लेकर कांग्रेस ने साफतौर पर कहा कि पार्टी सत्ता के लालच में इस तरह के आंकड़ों को अपनाती है। क्योंकि बीजेपी का कोई अपना विचारधारा नहीं है वह सिर्फ सत्ता के लाभ के लिए किसी को भी पार्टी में टिकट दे देती है और किसी को भी चुनर उड़ आती है तो क्यों बीजेपी सिर्फ सत्ता लाभ के लिए इस तरह के काम करती है।

> बीजेपी सबका साथ सबका विकास की जो बात करती है इस बार टिकट देने में भी उसने कहीं न कहीं इसे साबित करने की कोशिश की है। बीजेपी बीते कुछ समय से लगातार मुस्लिम समाज को अपने साथ लाने में जुटी है और हाल ही में जो पसमांदा सम्मेलन हुए उसे भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है

# भाजपा राष्ट्रप्रथम की विचारधारा को प्राथमिकता पर रखते हुए निरंतर राष्ट्र निर्माण के लिए अग्रसरः राजेश्वर सिंह

संवाददाता। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनावों को लेकर सभी पार्टियाँ दम-खम से प्रचार प्रसार में जुटी हैं इसी के मद्देनजर भाजपा सभी नगरीय क्षेत्रों में मतदाताओं के सीधे संपर्क संपर्क साध उनसे संवाद कर रही है। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह भी मेयर तथा पार्षद प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत से जिताने के उद्देश्य से सरोजनीनगर के विभिन्न वार्ड में निरंतर जनसभाएं और जनसंपर्क कर रहे हैं। विधायक राजेश्वर सिंह के साथ क्षेत्रीय जनता और पार्टी कार्यकर्ता भी काफी उत्साहित दिख रही है। आपको बता दें कि सरोजनीनगर से विधायक डॉ राजेश्वर सिंह जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं और व्यक्तिगत स्तर पर भी वह जनता की सेवा करने में पीछे नहीं हटते इसी वजह से क्षेत्रीय जनता का भी उन्हें भरपूर समर्थन और स्नेह प्राप्त होता है। बुधवार को अटल बिहारी वाजपेई वार्ड से पार्षद प्रत्याशी शशिबाला रावत के चुनाव कार्यालय पर चुनाव संचालन समिति बैठक का आयोजन किया गया जहां पर सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने जनसभा को संबोधित किया साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा नगर निकायों में किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखा।विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा की भाजपा राष्ट्रप्रथम और अन्त्योदय की विचारधारा के साथ निरंतर कार्य कर रही है। देश की सैन्य क्षमता का सामर्थ्य बताते हुए उन्होंने कहा की आज के दौर में भारत दुश्मन से उसकी सीमा में घुसकर लोहा लेने की ताकत रखता है, और देश के लिए जान की बाजी लगाने में हम पीछे नहीं हटते। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया की कैसे भाजपा के शासनकाल में उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका, जहां दूसरी तरफपिछली सरकारों के दौरान माफिया चुनाव लड़ते दिखते थे।मत अधिकारों की महत्वता बताते हुए आगे विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हर एक व्यक्ति का वोट एक बेहतर सरकार बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर एक वोट भारतीय जनता पार्टी और इसके नेतृत्व को सशक्त करेगा और परिणामस्वरूप क्षेत्र का हर एक नागरिक लाभान्वित होगा।विधायक ने यह भी कहा की नगर निगम का चुनाव विकास की पहली सीढ़ी होता है और इसलिए जनता का उचित निर्णय लेना अत्यंत आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो जातिवाद, परिवारवाद और वंशवाद से कोसों दूर है और इसीलिए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी को चुनाव जिताकर क्षेत्र का निष्पक्ष और समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

## खबरें एक नजर में

### विधायक राजेश्वर सिंह ने सपा के वरिष्ठ पदाधिकारी को दिलाई भाजपा की सदस्यता

लखनऊ, । समाजवादी पार्टी के दिन अच्छे नहीं चल रहे है। पुराने से पुराने कार्यकर्ता सपा को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में अपनी आस्था दिखा रहे है और सपा का दामन छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी संतोष सिंह अपने साथी सुनील कनौजिया के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गये। संतोष सिंह ने पिछले बीस वर्षों का पुराना नाता सपा से तोड़ लिया। वही सुनील कनौजिया भी पन्द्रह वर्षों से सपा से सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में जुड़े थे। संतोष सिंह सन् 2006 से समाजवादी युवजन सभा लखनऊ महानगर के नगर उपाध्यक्ष पद पर थे साथ ही 2014 से 2019 तक समाजवादी व्यापार सभा के लखनऊ के जिला उपाध्यक्ष भी रह चुके है। विधायक सरोजनी नगर, राजेश्वर सिंह ने संतोष सिंह व सुनील कनौजिया को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर जोगेंद्र सिंह चंदेल, दवेंद्र सिंह, अंनू सोनकर, विश्वनाथ श्रीवास्तव, अमित द्विवेदी, ऋषभ श्रीवास्तव, अरुण कुमार मुन्ना, अनुभव अस्थाना, डॉक्टर आदित्य प्रताप सिंह, साजन रावत, अवनीश कुमार सिंह, रवि सिंह, रोहित कनौजिया, अमित वर्मा, ज्ञानी, नागेंद्र यादव, संजय शर्मा, सचिन सिंह आदि सहित बहुत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### सामान्य बीमा उद्योग की रीढ़ सरकारी बीमा कंपनियों को बचाने की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से गुहार

लखनऊ। जनरल इंश्योरेंस एंपलाइज ऑल इंडिया एसोसिएशन के जॉन के उपाध्यक्ष जी एस सिंह ने बताया की त्रिलोक सिंह महासचिव ऑल इंडिया ने राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सरकारी बीमा कंपनियों को बचाने का आग्रह किया है। उन्होंने अनुरोध किया है कि नेशनल इंश्योरेंस कंपनी के निदेशक जो संयुक्त सचिव के रूप में डीएफएस में कार्यरत हैं जिनकी लेटरल एंट्री के द्वारा नियुक्त की गई है।सामान्य बीमा उद्योग की रीढ़ है और सामान्य बीमा क्षेत्र का सकल लिखित प्रीमियम रुपए 125000 करोड से अधिक है पिछले डेढ़ वर्ष में सामान्य बीमा उद्योग में संयुक्त सचिव डीएफएस द्वारा कई एकतरफा और निजी क्षेत्र के हितों को प्राथमिकता देने वाले कई केंद्रीय परिवर्तन प्रस्तावित किए गए और एकतरफा रूप से लागू किए जा रहे जिनका उद्देश्य सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों को अप्रत्यक्ष रूप से अस्थिर करना और निजी सामान्य बीमा कंपनियों को मजबूत करना है। हमारा संगठन सार्वजनिक बीमा सार्वजनिक सामान्य बीमा उद्योग में वर्ग 3 और 4 के कर्मचारियों का अधिकतम प्रतिनिधित्व करने वाला संघ है और हमने वित्तीय सेवा विभाग के अधिकारियों को कई शिकायतें भेजी हैं कि संयुक्त सचिव द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग किया जा रहा है और यह भारत सरकार के हित के प्रतिकूल है। बावजूद इसके सार्वजनिक क्षेत्र की सामान्य बीमा कंपनियों को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं जो कि राष्ट्रीय हित के साथ वित्तीय सुरक्षा के भी खिलाफहै मामले को संज्ञान में लेकर हस्तक्षेप करें और सार्वजनिक सामान्य बीमा कंपनियों को बचाने के लिए किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराकर कड़ी कार्यवाही करने का आग्रह किया गया।

### अतीक अहमद के दफ्तर में मिला खून इंसानी खून के सैम्पल में मिला हीमोग्लोबिन

लखनऊ। माफिया अतीक अहमद के दफ्तर में मिले खून का राज खुल गया है।खून के सैंपल में हिमोग्लोबिन की पुष्टि हुई है। जांच दल ने इसे इंसानी खून बताया है।पुलिस आसपास के क्लीनिक और अस्पताल संचालकों से पूछताछ कर रही है।पुलिस अब इस बात का पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर ये खून यहां कैसे आया ? क्या किसी महिला के साथ खूनी खेल हुआ? महिला का खून होने का संदेह इसलिए हो रहा है क्योंकि मौके से खून से सनी कुर्ती और टूटी चूड़ी बरामद हुई है। किसी महिला का खून होने का शक जताया जा रहा है। प्रयागराज पुलिस अतीक अहमद के कार्यालय पहुंची तो सीढ़ियों से छत तक खून के छींटें मिले थे। पुलिस को खून से सना चाकू और खून से सना दुपट्टा मिला था। अतीक के चकिया स्थित दफ्तर पर 2017 में प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने बुलडोजर चलाया था। इसके बाद से कार्यालय वीरान हो गया था, लेकिन यहीं से अतीक अपने गैंग को चला रहा था। उमेश पाल की हत्या के बाद पुलिस ने इसी दफ्तर में छापेमारी करके 72 लाख रुपये कैश के साथ 10 असलहे, 112 कारतूस और 6 मोबाइल फोन बरामद किए थे। पुलिस ने उमेश पाल की रेकी करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिसमें अतीक अहमद का मुंशी और ड्राइवर शामिल थे। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने दफ्तर से लाखों रुपये और हथियारों का जखीरा बरामद किया था। अब पुलिस को जगह-जगह खून के धब्बे और चाकू मिला था।

### उत्तर प्रदेश सरकार ने सूडान में फंसे राज्यवासियों के लिये बनायी हेल्प डेस्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने युद्धग्रस्त सूडान में फंसे प्रदेश के लोगों के लिये हेल्प डेस्क बनायी है। अपर स्थानिक आयुक्त सौम्य श्रीवास्तव ने बुधवार को बयान जारी कर बताया कि अफ्रीकी देश सूडान में उत्पन्न संकट और हालात के मद्देनजर वहां फंसे उत्तर प्रदेश के निवासियों के लिये नयी दिल्ली स्थित राज्य के स्थानिक आयुक्त कार्यालय में एक हेल्प डेस्क का गठन किया गया है। गौरतलब है कि सूडान में सेना और आरएसएफ के बीच सत्ता को लेकर पिछली 15 अप्रैल से भीषण लड़ाई हो रही है। मंगलवार को नौसैनिक जहाज आईएनएस सुमेधा की मदद से सूडान से 278 भारतीयों के पहले जत्थे को निकाला गया था।

## संजय राय को यूपी एसटीएफने लखनऊ से गिरफ्तार किया

लखनऊ। खुद को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर बड़े नेताओं का करीबी बताने वाले संजय राय को यूपी एसटीएफ ने लखनऊ से गिरफ्तार कर लिया है। सूत्र बताते हैं कि संजय ने एसबीआई से करोड़ों रुपए का लोन ले रखा है। काम कराने के नाम पर सैकड़ों लोगों से ठगी की है। संजय राय बहुत से भाजपा नेताओं के साथ मंच साझा कर चुका है। बताया जा रहा है कि 2022 में संजय राय गाजीपुर से भाजपा से टिकट मांग रहा था। यूपी एसटीएफ ने इसकी विस्तृत जानकारी दी है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संजय राय शेरपुरिया की किताब का विमोचन किया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अवार्ड दिया था। संजय को एसटीएफ ने लखनऊ के विभूतिखंड से गिरफ्तार किया है। गाजीपुर जिले का बड़ा समाजसेवी संजय शेरपुरिया नौकरी लगवाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी की है। संजय की सत्ता के लोगों से करीबियां थी।

# यूपी में मिले कोरोना के 602 नए केस, रोगियों के स्वस्थ होने की रफ्तार भी तेज...1000 से अधिक मरीज हुए ठीक

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में जहां लगातार कोरोना वायरस के मरीज बढ़ रहे, वहां संक्रमित रोगियों के स्वस्थ होने की रफ्तार और तेज हो गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 602 नए मरीज मिले है और 1,030 मरीज ठीक हुए है। वहीं, 2 मरीजों की मौत हुई है और 432 सक्रिय केस घटे है। जिसके बाद अब कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या 4,257 रह गई है। बता दें कि, प्रदेश के सभी जिलों में कोरोना वायरस के फैलने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई थी। इसके बाद राज्य में सतर्कता बढ़ाई गई। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए आयुष विभाग ने भी गाइडलाइन जारी की। आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने लोगों को आयुर्वेदिक दवाओं के बारे में जागरूक करने के सभी जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी और क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी को दिए निर्देश। आयुष मंत्री ने सभी क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी से हर दिन उनके जिले का डिटेल भी देने को कहा है। वहीं, उन्होंने यूनानी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि, हर दिन कितने लोगों को आयुर्वेदिक किट दी जा रही है, काढ़ा दिया जा रहा है, यह सभी जानकारियां लखनऊ मुख्यालय पर संकलित करके भेजी जाएं। साथ ही लोगों को जागरूक करने और कोविड-19 में आयुर्वेदिक औषधियां कैसे कारगर हो सकती हैं इसकी भी जानकारी देने को कहा गया था।अब प्रदेश के 17 जिलों में कोरोना का एक भी नया रोगी नहीं मिला है। 9 जिलों में सिर्फ एक-एक नए कोरोना रोगी मिले हैं। वहीं, 11 जिलों में सिर्फ दो-दो नए केस मिले हैं। 24 जिलों में दो से अधिक व नौ से कम नए रोगी मिले हैं। यानी 61 जिलों में कोरोना के 10 से कम ही रोगी मिले हैं। सबसे ज्यादा गौतमबुद्ध नगर में 107, लखनऊ में 104, गाजियाबाद में 64, मेरठ व गोरखपुर में 20-20 नए मरीज मिले हैं। रिकवरी रेट 98.7 प्रतिशत है। अब पाजिटिविटी रेट 1.63 प्रतिशत है। वहीं 48,343 लोगों की कोरोना जांच की गई। उधर, गौतमबुद्ध नगर व शामली में एक-एक रोगी की संक्रमण से मौत हुई है। दरअसल, संख्या बढ़ते ही दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई, इंटीग्रेटेड कोविड कमांड सेंटर को सक्रिय किया गया। मॉक ड्रिल कर तैयारियों को परखा गया। पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों व पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती की गई। ऐसे में कोरोना संक्रमण ज्यादा नहीं बढ़ सका।

# पुस्तक क्षितिज के उस पार का विमोचन

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

लखनऊ जू के म्यूजियम स्थित ऑडिटोरियम में बुधवार को काव्य संग्रह 'क्षितिज के उस पार' का विमोचन हुआ। अनिल मिश्रा 'गुरुजी' की इस पुस्तक में करीब 60 कविताएं हैं। कार्यक्रम प्रो शारिब रुदौलवी की अध्यक्षता में हुआ। इस दौरान नरेश सक्सेना, सुशील कुमार सिंह, प्रो नलिन रंजन सिंह, व्यंग्यकार अनुपमणि त्रिपाठी और डॉ आनंद सिंह कुमार सिंह मौजूद रहे। सभी ने अनिल मिश्रा को उनकी पुस्तक विमोचन के लिए बधाई दी। साथ ही चुनिंदा वक्ताओं ने क्षितिज के उस पार के कुछ अंश पढ़कर भी सुनाए। अनिल मिश्रा 'गुरुजी' ने बताया वो नाटककार हैं, लेकिन कविताओं पर भी हाथ आजमाते हैं। पुस्तक के बारे में उन्होंने कहा 卐इस काव्य संग्रह में करीब 60 कविताएं हैं। इसमें मां पर कविताएं हैं। वहीं सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और मॉब लिंचिंग पर भी कविताएं हैं। समाज का समग्र चिंतन इसमें शामिल किया गया है। नाटक के दौरान मैंने कई कविताएं लिखीं। ये भी उन्हीं दौर से जन्मी हैं। इस दौरान अनुपमणी त्रिपाठी ने अनिल मिश्रा के व्यक्तित्व और पुस्तक पर बात की। उन्होंने कहा 卐कवि दो तरह के होते हैं। एक लिखने वाले और एक कविता को जीने वाले। गुरुजी कविता जीने वाले लेखक हैं। गुरुजी के बारे में बोलना बहुत मुश्किल है। इस पुस्तक में सेकुलरिज्म, मॉब लिंचिंग, चेतना समेत कई मुद्दों पर कविता है। लेकिन इसमें मुझे सबसे ज्यादा पसंद आई मां पर लिखी एक कविता। उसने मेरे दिल को छू लिया।

> अनुपमणी त्रिपाठी ने अनिल मिश्रा के व्यक्तित्व और पुस्तक पर बात की। उन्होंने कहा कवि दो तरह के होते हैं

# या तो न्याय मिले, या नौकरी से निकाल दें

## कोतवाल ने सिपाही को डंडे से पीटा,वीडियो वायरल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

आगरा में शाहगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक द्वारा सिपाही को डंडे से पीटने का मामला सामने आया है। बुधवार की सुबह सिपाही का वीडियो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो गया, जिसमें सिपाही आनंद कुमार निरीक्षक द्वारा की गई पिटाई से अपने हाथ में आई चोट को दिखा रहा है।प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र कुमार ने सिपाही के आरोप को गलत बताया है।मैनपुरी निवासी सिपाही आनंद कुमार 2005 बैच का सिपाही है। आनंद कुमार के मुताबिक वह करीब ढाई वर्ष से शाहगंज थाने में तैनात है। दो दिन पहले खेरिया एयरपोर्ट ड्यूटी किसी और की जगह भेज दिया। दो दिन ड्यूटी करने के बाद मंगलवार की शाम को थाने पहुंचा। मुझसे कहा कि तू क्यों दिख गया। तुझे मैं देखना नहीं चाहता हूं। मेरी बिरादरी के लिए विशेष सूचक शब्द कहे। इसके बाद डंडा लेकर मेरे पीछे पड़ गए।सिपाही का आरोप है कि निरीक्षक ने उसे डंडे से मारा, अभद्रता की। कहा कि तुम कहीं भी जाओ, कौन सुनने वाला है।वह उनसे बचकर किसी तरह थाने से भागा। सिपाही का कहना है कि थाने में तैनाती के दौरान उसके व्यवहार को लेकर भी क्षेत्र के लोगों द्वारा कभी कोई शिकायत नहीं की गई। प्रभारी निरीक्षक शाहगंज जितेंद्र कुमार का कहना है कि सिपाही द्वारा पिटाई करने की बात गलत है। वह नशे में था,जिस समय पिटाई की वह बात कर रहा है, उस समय थाने पर सभी लोग मौजूद थे। उसे अधिकारियों से शिकायत करनी चाहिए थी।इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो में सिपाही आनंद कुमार चोटों के निशान दिखाने के साथ कह रहा है कि या तो उसे न्याय मिल जाए, या फिर उसे नौकरी से निकाल दिया जाए। वह कभी ड्यूटी से गैर हाजिर नहीं रहा है। पुलिस कमिश्नर डा. प्रीतिंदर सिंह का कहना है कि प्रकरण की जांच सहायक पुलिस आयुक्त लोहामंडी सर्किल को दी गई है। जांच आख्या के आधार पर कार्रवाई होगी।

> इंटरनेट मीडिया में प्रसारित वीडियो में सिपाही आनंद कुमार चोटों के निशान दिखाने के साथ कह रहा है कि या तो उसे न्याय मिल जाए, या फिर उसे नौकरी से निकाल दिया जाए।

# रामकुमार प्रान्तीय उपाध्यक्ष और हिमांशु संयुक्त सचिव मनोनीत

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ की बैठक जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के कार्यालय में संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश कुमार पांडे जी द्वारा की गई। बैठक में कर्मचारी हित में राम कुमार धानुक, महामंत्री जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का प्रदेश उपाध्यक्ष एवं हिमांशु गुप्ता, प्रधान सहायक,ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ का संयुक्त सचिव मनोनीत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से जवाहर भवन इंदिरा भवन कर्मचारी महासंघ के संरक्षक विजय प्रकाश श्रीवास्तव महामंत्री राम कुमार धानुक, उमंग निगम, अमित शुक्ला संजय शुक्ला अमित खरे, प्रमोद कुमार,श्रीमती दिव्या रानी, सुमन यादव, रितिका शर्मा, रघुराज प्रताप सिंह, सफीकुर्रहमान, अकिल सईद बबलू अनुराग तिवारी, अनुराग सिंह एवं अन्य समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

### ट्रेन पर चढ़ने के दौरान महिला यात्री ट्रैक पर गिरी, हुई घायल

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के गोरखपुर जं.स्टेशन पर आज प्रात: 08:49 बजे प्लेटफार्म सं.3 से प्रस्थान कर रही गाड़ी सं.22531 छपरा-मथुरा एक्सप्रेस से गोरखपुर से मथुरा जाने के लिए चलती दशा में ही कोच सं.बी-5 में चढ़ने के दौरान एक महिला यात्री रेलवे ट्रैक पर गिर कर घायल हो गयी, घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए ट्रेन को रोक दिया गया। उसी प्लेटफार्म पर उपस्थित राहुल मिश्रा, उप मुख्य यॉत्रिक इंजीनियरध्गोरखपुर ने संवेदनशीलता व तत्परता दिखाते हुए उक्त महिला की सहायता हेतु रेलवे ट्रैक पर उतर गए तथा नीचे उतर कर उन्होने रेलवे लाइन और रेलवे प्लेटफार्म के बीच में फंसी महिला यात्री को सूझबूझ दिखाते हुए प्रियंका सिंहध्उप निरीक्षकध्रेलवे सुरक्षा बल एवं कांस्टेबल अंतिम चौधरी व यात्री मित्र सहायक अवनीश कुमार सिंह की सहायता से उक्त महिला को ट्रैक से सकुशल बाहर निकाल लिया।

# केन्याई स्कूलों में राइटिंग व टेक्स्ट बुक्स की आईएफएल करेगी आपूर्ति

प्रेरियाना होल्डिंग ने आईएफएल एंटरप्राइजेज को दिया निर्यात आर्डर

लखनऊ,26 अप्रैल 2023 (यूएनएस)। पेपर और स्टेशनरी वस्तुओं के कारोबार से जुड़ी भारतीय कम्पनी आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड केन्या के स्कूलों में राइटिंग बुक्स, टेक्स्ट बुक्स, बॉन्ड पेपर, कॉपियर पेपर की आपूर्ति करेगी। इसके लिये आईएफएल को केन्याई प्रेरियाना होल्डिंग लिमिटेड से निर्यात ऑडर मिला है। ऑर्डर का कुल एफओबी मूल्य 8.16 मिलियन अमरीकी डालर (लगभग 67 करोड़ रुपये) अनुमानित है, जिसे 1 वर्ष के भीतर पूरा किया जाना है। कंपनी ने ओवरसीज पार्टनर के साथ जरूरी सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली है। निर्यात शिपमेंट जून 2023 से निर्धारित है और मार्च 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। ऑर्डर अनुबंध की सहमत शर्तों के अनुसार 80 प्रतिशत अग्रिम भुगतान और शेष 20 प्रतिशत ऑर्डर डिलीवरी पर अधीन है। प्रेरियाना होल्डिंग लिमिटेड ने अपने पत्र में आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिनांक 21 अप्रैल 2023 के आदेश की पुष्टि करते हुए कहा है कि केन्या सरकार ने कंपनी को राइटिंग बुक्स, टेक्स्ट बुक्स, बॉन्ड पेपर, कॉपियर पेपर की आपूर्ति करने के लिए ऑर्डर दिया है जिसे आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिया गया है। इस विषय पर टिप्पणी करते हुए, आईएफएल एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीएफओ, श्री डोलर शाह ने बताया कि, हमें खुशी है कि हमारी कंपनी ने 8.16 मिलियन अमरीकी डालर का एक प्रतिष्ठित ऑर्डर जीता है जिसे वित्त वर्ष 23-24 में निष्पादित किया जाना है। यह ऑर्डर सहमत शर्तों के अनुसार 80 प्रतिशत प्रारंभिक अग्रिम भुगतान के अधीन है। शिपमेंट जून 2023 से शुरू होने की उम्मीद है।

# पुरानी पेंशन बहाली से केंद्र सरकार को नही होगी आर्थिक क्षतिः इप्सेफ

लखनऊ। इप्सेफ द्वारा प्रधानमंत्री से आन्दोलन के जरिये कई बार ज्ञापन देकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गयी थी, परन्तु भारत सरकार द्वारा बार-बार कहा गया कि आर्थिक दृष्टि से पुरानी पेंशन बहाल करना संभव नहीं है। राष्ट्रीय सचिव अतुल मिश्रा बताते हैं कि कहा गया कि इससे देश के विकास कार्य ठप हो जायेंगे। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र ने कहा कि अंग्रेजों के समय से पेंशन मिल रही थी। 01 जनवरी 2004 से इसे बन्द कर एनपीएस लागू करके कहा गया था कि इस योजना से कर्मचारियों को ज्यादा पेंशन लाभ होगा। इसमें व्यवस्था की गयी थी कि वेतन का 14 प्रतिशत प्रति माह की दर से भारत सरकार अंशदान देगी और 10 प्रतिशत कर्मचारी को प्रतिमाह अंशदान देना होगा। सेवानिवृत्ति होने पर टियर-01 में जमा 60 प्रतिशत धनराशि सेवानिवृत्ति के समय भुगतान कर दी जायेगी और 40 प्रतिशत टियर-02 की धनराशि को शेयर में लगाया जायेगा और उसी से पेंशन दी जायेगी। परन्तु यह नहीं बताया गया कि प्रतिमाह सेवानिवृत्त कर्मचारीको कितनी पेंशन मिलेगी। भारत सरकार भी नहीं बता पा रही है। इससे एनपीएस के सेवानिवृत्त कर्मचारी को जीवन-यापन के साधन समादर हो जायेगा। विगत 11 मार्च को इप्सेफ का प्रतिनिधिमण्डल रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मिलकर और उन्हें ज्ञापन देकर एनपीएस एवं पुरानी पेंशन के सम्बन्ध में तुलनात्मक स्पष्टीकरण प्रस्तुत करते हुए बताया था कि एनपीएस के मुकाबले पुरानी पेंशन देने में भारत सरकार पर क्या आर्थिक लाभ पडेग्गा। भारत सरकार के अधिकारी एनपीएस को ज्यादा लाभदायक बता रहे है,इसलिए वे भी अपना तर्क संगत प्रस्ताव प्रस्तुत करे, जिस पर विचार किया जायेगा। वीपी मिश्र ने बताया कि इसी के बाद भारत सरकार द्वारा वित्त सचिव की अध्यक्षता में तीन सदस्य समिति का गठन किया गया जो परीक्षण के उपरान्त अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसके बाद इप्सेफ के महामंत्री प्रेमचन्द्र द्वारा 13 अप्रैल को रक्षामंत्री को प्रस्ताव प्रस्तुत कर दियागया था और उनसे आग्रह किया गया था इस बिन्दु पर भी निर्णय कराये।इप्सेफ के प्रस्ताव में पुरानी पेंशन, मूल वेतन 18000 प्रतिमाह, महंगाई भत्ता 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष 9 प्रतिशत की दर से ब्याज दर कुल मिलाकर 33 वर्ष की सेवा पर 1,49,12,60361,पुरानी पेंशन में मूल पेंशन 23100 प्रतिमाह महंगाई भत्ता 44121कुल पेंशन धनराशि 67 221 प्रतिमाह, वार्षिक पेंशन 806652 रूपये है। केन्द्र सरकार का योगदान 14 प्रतिशत 149,12 603 61, ब्याज दर 9 प्रतिशत प्रतिवर्ष 13,42, 134 रूपये, यदि वार्षिक एनपीएस 8,06,652 घटा दिया जाय तो 535 48 27 रूपये भारत सरकार के पास बचेगा। इस आंकड़े से स्पष्ट हो जाता है कि पुरानी पेंशन बहाली से भारत सरकार को कोई आर्थिक हानि नहीं होगी बल्कि लाभ होगा औरकर्मचारी भी संतुष्ट होगे।

### मुख्यमंत्री आवास के सामने युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

लखनऊ । राजधानी लखनऊ में गोल्फ क्लब चौराहे के पास बुधवार को उन्नाव से आए आनन्द मिश्र ने आत्मदाह का प्रयास किया। लपटों में घिरे युवक को देख चौराहे पर मौजूद पुलिस कर्मी मदद के लिए दौड़ पड़े।किसी तरह से आग बुझाते हुए घटना की सूचना गौतमपल्ली पुलिस को दी गई। घायल को इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया है।इंस्पेक्टर गौतमपल्ली के मुताबिक दोपहर में एक युवक गोल्फ कल्ब चौराहे के पास टहलता हुआ आया। जिसने ज्वलनशील पदार्थ डाल कर खुद को आग लगा ली। हादसे के वक्त गोल्फ क्लब चौराहे के पास सुरक्षा कर्मी मौजूद थे। जिन्होंने युवक पर कंबल डाल कर आग बुझाई। पूछताछ में युवक की पहचान उन्नाव सफीपुर निवासी आनन्द मिश्र के तौर पर हुई। सिविल अस्पताल में भर्ती आनन्द ने स्थानीय विधायक की शह पर प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्नाव पुलिस को सूचना दी गई।

# 1 वर्ष पूरा कर चुके एमओआईसी अधीक्षकों का करें स्थानांतरण : डीएम

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे कार्यक्रमों की समीक्षा की गयी। बैठक में प्रस्तावित एजेंडा के आधार पर यू0पी0एच0एम0आई0एस0 हेल्थ डैशबोर्ड, मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, कम्युनिटी प्रोसेस, राष्ट्रीय कार्यक्रम नान कम्युनिकेबल डिजीज, एनसीडी, एनबीसीपी, आरएनटीसीपी, पीएमएमवीवाई, नियमित टीकाकरण, वैक्सीनेशन, जननी सुरक्षा व मातृ वंदना योजना के तहत भुगतान की स्थिति, आशा इन्सेन्टिव, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी, ओपीडी व आईपीडी की स्थिति, प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सीएचसी पर बेडों की ऑक्यूपेंसी की स्थिति सहित अन्य योजनाओं की जिलाधिकारी द्वारा गहन समीक्षा की गई। वहीं जिला स्वास्थ समिति की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रश्मि वर्मा को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के सभी सीएचसी अधीक्षक एवं पीएचसी अधीक्षकों की प्रतिदिन जूम के माध्यम से उपस्थिति को चेक किया जाये। उन्होंने कहा कि जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एमओआईसी अधीक्षक एक वर्ष से अधिक समय से कार्यरत हों, ऐसे सभी एमओआईसी अधीक्षकों को चुनाव खत्म होने के तत्काल बाद अन्य सीएससी पर स्थानांतरित किया जाए।



- बैठक में लापरवाह बीसीपीएम का वेतन रोकने के दिये निर्देश
- शासन की मंशानुसार जनसामान्य को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराएं सीएचसी अधीक्षक

### किसी भी हाल में आशा का वेतन न रोका जाये, समय से दिया जाये वेतन : डीएम

बैठक में डीएम ने सीएमओ को निर्देश देते हुए कहा है कि आशाओं का भुगतान समय से किया जाये। किसी भी हाल में आशा का मानदेय कम नहीं होना चाहिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशानुसार जनसामान्य को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए सभी सीएचसी अधीक्षक सीएचसी पर ही निवास करें तथा संस्थागत प्रसव एवं विभिन्न प्रकार के टीकों को समय से लगवाना सुनिश्चित करें। वहीं बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जनपद में विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बच्चों को चिन्हित कर उन्हें टीका लगाया जाए। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को भर्ती करायें। ई कवच को पोर्टल को अपडेट करें। प्रसव केंद्र पर प्रसव की संख्या बढ़ाएं। सब सेंटरों पर एएनएम की उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। ताकि सेंटर पर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया जा सके।

इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत माह मार्च, 2023 का भ्रमण की समीक्षा की गई। एनआरसी में भर्ती बच्चों, आरसीएच पोर्टल फीडिंग के स्टेटस, एनपीसीडीसीएस, राष्ट्रीय कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता एवं दृष्टिक्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम आदि सभी की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय से कार्य कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में समीक्षा के दौरान फीडिंग व अन्य कार्यों की प्रगति कम पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बीसीपीएम का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कार्यों की प्रगति कम पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी सीएचसी अधीक्षकों को डीएम की तरफ से प्रतिकूल प्रविष्टि देने के सीएमओ को निर्देश दिए हैं। डीएम द्वारा सभी सीएचसी अधीक्षकों को कड़े निर्देश दिये गये कि अपने अपने सीएचसी पर साफ- सफाई पर विशेष ध्यान दें। बैठक में बिना सूचना के अनुपस्थित सीएमएस जिला अस्पताल का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।

## मनकापुर पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ किया पैदल गस्त

- चलाया व्यापक चेकिंग अभियान वसूला लाखों का जुर्माना

**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

आगामी नगर निकाय चुनाव सकुशल संपन्न कराने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी मनकापुर व प्रभारी निरीक्षक मनकापुर ने दल बल के साथ एसएसबी जवानों को साथ लेकर मनकापुर कस्बे में पैदल मार्च करते हुए संदिग्ध वाहनों की व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। आसन्न निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक गोंडा के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मनकापुर व प्रभारी



निरीक्षक ने मनकापुर थाना कोतवाली से लेकर उतरौला रोड होते हुए फील खाना तक एसएसबी जवानों के साथ संयुक्त रूप से पैदल मार्च करके आम जनमानस के बीच सकुशल चुनाव संपन्न कराने का विश्वास दिलाया। तथा प्रभारी निरीक्षक मनकापुर ने उतरौला रोड पर व्यापक सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए प्रत्येक गाड़ियों को चेक किया मौके पर अभियान में 96 वाहनों का चालान करते हुए 110500 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया।

## जेडी ने निरीक्षण कर देखी गतिविधियां



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर गोंडा मे गुरुवार को संयुक्त शिक्षा निदेशक आनंदकर पांडेय ने विद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया। विद्यालय द्वारा संचालित सभी गतिविधियों का सघन निरीक्षण करते हुए विद्यालय की व्यवस्थाओं आदि का अवलोकन किया। भौतिक अवलोकन के दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक ने विद्यालय के विभिन्न व्यवस्थाओं से संतुष्टि व्यक्त करते हुए विद्यालय की सराहना की। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ बृजेंद्र कुमार मिश्र ने संयुक्त शिक्षा निदेशक जी को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर आचार्य परिवार एवं अन्य उपस्थित रहे।

## सीएचसी में खराब पड़े हैं वाटर फ्रीजर

**कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।**

भीषण गर्मी में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज का वाटर फ्रीजर खराब पड़ा हुआ है,लेकिन विभागीय अधिकारियों का ध्यान इस ओर नहीं जा रहा है। मौजूदा स्थिति यह है कि एक ही वाटर फ्रीजर से सीएचसी में आए मरीजों को किसी तरह पेयजल उपलब्ध हो पा रहा है। जबकि गत कई माह से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन में दो वाटर फ्रीजर खराब पड़े हुए हैं। वहीं सब कुछ जानते हुए सीएचसी अधीक्षक इसके प्रति उदासीन बने हुऐ हैं। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के करीब लाखों लोगों की आबादी की स्वास्थ्य सुरक्षा सीएचसी कर्नलगंज के जिम्मे है। इसके बावजूद भीषण गर्मी के मौसम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के

- स्वच्छ पेयजल को लेकर तीमारदार व मरीज परेशान



बाहर व अंदर लगा वाटर फ्रीजर काफी दिनों से खराब पड़ा हुआ है। इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरीजों और उनके साथ सहयोग में आये लोगों (तीमारदारों) को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता होगा। बताया जाता है कि क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतो से प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों का आना जाना लगा रहता है। वाटर फ्रीजर खराब होने के कारण मरीजों को पानी पीने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों की माने तो गर्मी के कारण स्वच्छ शीतल पेयजल आदि को लेकर काफी परेशानी हो रही है लेकिन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। इस संबंध में जब सीएचसी के प्रभारी अधीक्षक से जानकारी की गई तो उन्होंने इस संबंध में उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया है का रटा रटाया जवाब देकर अपना पल्ला झाड़ लिया गया।

## प्रेम प्रसंग में चाकुओं से गोदकर युवक की हत्या

**धानेपुर /गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

धाने पुर थाना क्षेत्र के बछई पुरवा में एक युवक की प्रेम प्रसंग को लेकर चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। हत्या को लेकर लोगो मे काफी आक्रोश व्याप्त है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। धाने पुर थाना क्षेत्र के ग्राम चैनपुर के मौजा बचई पुर निवासी 30 वर्षीय सद्दाम पुत्र इदरीश मंगलवार की देर रात्रि को घर से शौच के लिए गया था। पहले से घात लगाए बैठे हमला वरो ने चाकुओं से गोंदकर हत्या कर दिया। काफी देर तक जब घर नही लौटा तो घर वालो ने खोजबीन करने लगे। हत्या की खबर मिलते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शिव राज सिंह , डाक स्क्वायड , सहित भारी मात्रा में पुलिस पहुँच गई। मृतक युवक सद्दाम



कपड़ा का व्यापार करता था। काफी दिनों से वही के एक महिला से उस का प्रेम प्रसंग चल रहा था। महिला से मिलने वह अक्सर घर से जाया करता था। महिला के बुलाने पर ही मंगलवार की देर रात्रि में घर से शौच करने का बहाना बना कर घर से निकला था। इस के बाद वह वापस घर लौट कर नही आया। मृतक चार भाई थे। तीन भाई इस के साथ मे रहते थे। एक भाई मुस्तफा बाहर मुम्बई में रहता था। घटना को लेकर लोगो मे काफी आक्रोश व्याप्त है।

### घटना स्थल पर मिला प्रेमिका का चप्पल

मृतक सद्दाम की हत्या जहाँ हुई है , उस स्थान पर एक महिला की चप्पल मिली है। इसी से लोग अंदाजा लगा रहे है कि हत्या के दौरान महिला मौजूद रही होगी।

### जल्द हुई थी, सद्दाम की शादी

मृतक सद्दाम की शादी कुछ दिनों पूर्व ही हुई थी। म्रतक का चक्कर चलने की वजह से वह शादी नही कर रहा था। घर वालो के दबाओ में आकर उस ने शादी किया था। सद्दाम की हत्या में पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### ऊसर भूमि सर्वेक्षण के दौरान मृदा नमूना एकत्रित किए गए



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल हरियाणा के क्षेत्रीय लवणता अनुसंधान संस्थान लखनऊ के वरिष्ठ तकनीकी सहायक मनीष कुमार पांडेय के नेतृत्व में सोमशेखर यंग प्रोफेशनल व सूरजभान द्वारा आज दिनांक 26 अप्रैल 2023 को जनपद गोंडा के विकासखंड मनकापुर में ऊसर भूमि का सर्वेक्षण कर मृदा नमूना एकत्रित किए गए। सर्वेक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र महेवा नानकार के प्रक्षेत्र के मृदा नमूना एकत्रित किये गये। श्री पांडेय ने सेटेलाइट से प्राप्त ऊसर भूमियों को खेतों में जाकर मौके पर देखा। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. पीके मिश्रा, डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान व डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक मौजूद रहे। श्री पांडेय ने बताया कि ऊसर भूमि के नमूने दो स्तरों पर लिए जा रहे हैं। एक ऊपरी स्तर आधा फुट की गहराई तक तथा दूसरा आधा फुट से एक फुट की गहराई तक । मृदा नमूनों से ऊसर भूमि में मौजूद पोषक तत्वों की वास्तविक जानकारी प्राप्त होगी तथा मृदा परीक्षण की संस्तुति के अनुसार ही फसलवार खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग किया जाना उपयुक्त होगा । ऊसर भूमि में धान की लवण सहनशील प्रजातियों जैसे सीएसआर 10, सीएसआर 13, सीएसआर 27, सीएसआर 30, सीएसआर 36, सीएसआर 46,सीएसआर 56 आदि की खेती की जा सकती है। अन्य प्रजातियों में ऊसर धान 1,नरेन्द्र ऊसर धान-3 व नरेंद्र 359, नरेंद्र ऊसर धान 2008 उपयुक्त हैं। ऊसर भूमि में पीएच मान के अनुसार फसल एवं प्रजाति का चयन किया जाता है। उदासीन भूमि का पीएच मान 7 होता है । साढ़े सात से अधिक पीएच मान होने पर भूमि ऊसरीली हो जाती है। 9 से अधिक पीएच मान होने पर भूमि में खेती करना संभव नहीं होता है। ऊसर भूमि का उपचार एक प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाता है। इसमें जिप्सम का प्रयोग मृदा परीक्षण की संस्तुति के उपरांत किया जाता है। जिप्सम एक मृदा सुधारक है । सामान्य भूमियों में इसकी एक कुंतल मात्रा प्रति एकड़ की दर से खेत की तैयारी करते समय खेत में मिलाना चाहिए । केंद्रीय लवणता अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित जिपकैल तकनीक का प्रयोग ऊसर भूमि में किया जाता है।

### पांच हजार के इनामी अपराधी को पुलिस ने पकड़ा



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जरवल रोड पुलिस ने बुधवार को पांच हजार इनामी अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक दुष्कर्म का आरोपी काफी दिनों से पुलिस की पकड़ से दूर था, जिस पर एसपी ने इनाम घोषित किया था।जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत हंसना धवरिया के मजरा भवानीपुर निवासी मोहित पुत्र राजेंद्र दुष्कर्म का आरोपी है। मोहित के विरुद्ध 4 फरवरी 2022 को दुष्कर्म का मुकदमा थाने में लिखा गया था। प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर था। आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू वारंट जारी कर दिया था।एसपी प्रशांत वर्मा ने उसके ऊपर पांच हजार का इनाम घोषित कर दिया था। बुधवार सुबह नौ बजे आरोपी के क्षेत्र में होने की सूचना मुखबिर द्वारा पुलिस को मिली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि उपनिरीक्षक अनिल कुमार, संजीत कुमार, सत्येन्द्र कुमार गौतम, महिला आरक्षी पायल पान्डेय, कोमल गुप्ता की टीम ने जरवल रोड तिराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## प्रत्येक निकाय में स्थापित होगा पिंक बूथ

### महिलाओं के हाथों में होगी कमान, दुल्हन की तरह सजाए जाएंगे बूथ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 अन्तर्गत जनपद में अवस्थित निकायों बहराइच, नानपारा, रूपईडीहा, मिहींपुरवा, रिसिया, पयागपुर, कैसरगंज व जरवल में एक-एक पिंक बूथ बनाया जाएगा। पिंक बूथ की विशेषता यह होगी कि यहाँ पर तैनात पोलिंग पार्टियों में सभी कार्मिक महिला होंगी। नगर निकायों में स्थापित किये जाने वाले पिंक बूथों को आकर्षक ढंग से सजाया भी जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार पिंक बूथों पर मतदान की प्रक्रिया को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु नियुक्त महिला कार्मिकों को विकास भवन



सभागार में तकनीकी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने महिला कार्मिकों से कहा कि पिंक बूथ पर मतदान कराने की जिम्मेदारी को चुनौती के रूप में स्वीकार करें। डीएम ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के सन्देश को जन-जन तक पहुंचाए जाने के उद्देश्य से पिंक बूथ की स्थापना की गई है। डीएम ने महिला कार्मिकों का आहवान किया आपने दायित्वों एवं कर्तव्यों को भली प्रकार से समझ लें ताकि मतदान को निर्बाध ढंग से सम्पन्न कराने में कोई समस्या न आए। महिला कार्मिकों के साथ मौजूद बच्चों को डीएम ने टाफी का वितरण भी किया। सीडीओ/डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य आईटीआई प्रदीप अग्निहोत्री, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ सी.के. वर्मा व अन्य द्वारा भी महिला कार्मिकों को व्यवहारिक व तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ज्ञातव्य हो कि नगर पालिका परिषद बहराइच में बूथ संख्या 07 महिला महाविद्यालय सिविल लाइन, नानपारा में बूथ संख्या 22, प्राथमिक विद्यालय नानपारा देहात, नगर पंचायत जरवल में बूथ संख्या 15, प्राथमिक पाठशाला रानीताल, कैसरगंज बूथ संख्या 14, राजकीय बालिका इण्टर कालेज कैसरगंज, पयागपुर बूथ संख्या 17, संविलियन विद्यालय डायट परिसर, रिसिया बूथ संख्या 04, चन्द्रशेखर मेमोरियल श्यामदेवी बालिका इण्टर कालेज, मिहींपुरवा बूथ संख्या 05, सर्वोदय इण्टर कालेज तथा रूपईडीहा बूथ संख्या 10, श्रीरामजानकी इण्टर कालेज को पिंक बूथ बनाया गया है। पिंक बूथ के लिए 16 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया है।

## वोट ऑफ थैंक्स के लिए डीएम से भेंट करने पहुंचा फरियादी

- कलेक्ट्रेट में डीएम को भेंट की भुट्टों की सौगात



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड शिवपुर के ग्राम मानिकपुर निवासी तिलक राम पुत्र शिवचरण लगभग डेढ़ माह पूर्व जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के जनता दर्शन में उपस्थित होकर घर के रास्ते की समस्या से अवगत कराते हुए समस्या का समाधान कराए जाने का अनुरोध किया था। डीएम डॉ. चन्द्र ने फरियादी तिलक राम की समस्या के समाधान के लिए तत्काल सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये थे। उल्लेखनीय है कि डीएम के प्रयास से कुछ दिनों में तिलक राम की समस्या का समाधान हो गया था। परन्तु फरियादी तिलकराम ने कलेक्ट्रेट पहुँचकर डीएम डॉ. चन्द्र ने भेंट कर समस्या के समाधान के लिए कृतज्ञता प्रकट करते हुए भुटटों की सौगात भेंट की। उपहार के लिए डीएम डॉ. चन्द्र ने फरियादी कृषक का न ही आभार ज्ञापित किया बल्कि उसके गांव व परिवार का कुशलक्षेम जानते हुए घर तक आने जाने का किराया देकर ससम्मान विदा किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अनिरूद्ध प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने किया कारागार का निरीक्षण




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कारागार की साफ-सफाई, बन्दियों को मुहैया करायी जा रही सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला, जेल चिकित्सालय व कारागार की अन्य बैरकों का निरीक्षण कर कारागार की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बन्दियों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं मुहैय्या कराए जाने तथा साफ-सफाई के स्तर को बनाएं रखने का निर्देश कारागार प्रशासन को दिया गया। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक राजेश यादव, जेलर आनन्द कुमार शुक्ला, डिप्टी जेलर देवकान्त वर्मा, शेषनाथ यादव एवं अजय कुमार, अनीता सक्सेना तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## क्षेत्रीय उपाध्यक्ष के बहन के अंतिम अरदास में पहुंचे राज्यमंत्री

### राज्यमंत्री बोले ऐसी घटनाएं निन्दनीय, यूपी सरकार पीड़ित परिवार के साथ

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष परविंदर सिंह शम्मी की छोटी बहन सिमरन कौर उर्फ नैंसी की बीते 21 अप्रैल को हत्या कर दी गयी थी। मामले को दबाने के लिए देहात कोतवाल लगातार लगे रहे लेकिन जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के हस्तक्षेप के बाद घटना के 24 घण्टे बाद हत्या का मुकदमा दर्ज करना पड़ा। देहात कोतवाल के रवैये को लेकर सिख समुदाय में आक्रोश का माहौल व्याप्त रहा। बुधवार को पीपल तिराहे पर स्थित गुरुद्वारे में अंतिम अरदास का कार्यक्रम रखा गया जिसमें अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य दर्जा प्राप्त मंत्री परविंदर सिंह ने शिरकत की।



इस दौरान सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, भाजपा नेता आनंद गोंड सहित जनपद के सिख समुदाय के लोग जुटे रहे।अंतिम अरदास में पहुंचे राज्यमंत्री परविंदर सिंह ने शम्मी सरदार व परिवार को ढांढस बांधते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश की सरकार आपके साथ है।इस घटना की जितनी निंदा की जाए वो कम है।ऐसी घटनाएं नही होनी चाहिए।शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अमृतसर के उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के सलाहकार निर्मल सिंह ने कहा कि इस जघन्य अपराध को माफ नही किया जा सकता है।उससे बड़ा अपराध इस पर पर्दा डालने देहात कोतवाल ने किया।उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर सिख आक्रोशित थे आलमबाग गुरुद्वारे में एक निंदा प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया था।उन्होंने आगे कहा कि इस तरह की घटनाएं आगे भविष्य न हो इसके लिए दोनों प्रदेशों के गुरुद्वारों में योजनाबध्द बैठके आवश्यक है।एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी तो इस घटना से काफी भावुक दिखी। परिवारीजनों को देखते ही फफक कर रो पड़ी।सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने इस जघन्य अपराध को निन्दनीय बताया। अरदास कार्यक्रम में काठमांडू के पुलिस उपाधीक्षक सरदार शंकर सिंह, सुलह अधिकारी राकेश चन्द्र श्रीवास्तव, आनंद गोंड, रजनीश राठी, जशनप्रीत सिंह, मलकीत सिंह चीमा, मनदीप सिंह वालिया, भूपेंद्र सिंह, डॉ बलमीत कौर, समप्रीत सिंह, देवेंद्र सिंह बेदी, जगनंदन सिंह, लखबीर सिंह, महेंद्र सिंह, जोरावर सिंह, प्रीतपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में सिख समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## कार्रवाई के विरोध में शिक्षकों ने दिया ज्ञापन

- ऑन लाइन वीडियो कॉलिंग विद्यालय निरीक्षण का भी सभी ने किया विरोध

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के शिवपुर में स्थित बीआरसी भवन में बुधवार को शिक्षक एकत्रित हुए। सभी ने ऑनलाइन वीडियो कॉलिंग पर विद्यालय निरीक्षण और निजी फोन रिसीव न करने पर कार्यवाई का विरोध किया। खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर इसे वापस लेने की मांग की।शिवपुर में स्थित बीआरसी भवन में जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ शिवपुर व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के शिक्षक एकत्रित हुए। शिक्षक संघ ने




महानिदेशक बेसिकशिक्षा को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारी को दिया। सभी ने जनपदों में गठित टास्क फोर्स के माध्यम से ऑनलाइन वीडियो कॉलिंग के द्वारा विद्यालयों के निरीक्षण और किसी कारण से निजी फोन को न रिसीव करने की दशा में कार्रवाई करने का विरोध किया। विभाग के इस नियम को सभी ने वापस लेने की मांग की। इस दौरान शिक्षक राधेश्याम कनौजिय, रंजीत श्रीवास्तव, प्रेम कांत यादव, वरिष्ठ शिक्षक अरुण शुक्ला, मोहम्मद शरीफ मोहम्मद हनीफ मो. जुबैर, केके वर्मा, धर्मवीर भारती, अरविंद कुमार वर्मा, सौरभ राणा,भरत शुक्ला, पूनम चौधरी, परमेश उपाध्याय, रामतेज यादव, देवव्रत शरण, चांद बाबू शाही सहित दोनों ही संगठनों के पदाधिकारियों सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## पुलिस, आरएएफ जवानों ने किया पैदल मार्च

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नगर निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए सरकार की ओर से जिले को रैपिड एक्शन फोर्स के जवान भेजे गए हैं। बुधवार को मटेरा पुलिस के साथ आरएएफ के जवानों ने गांव में पैदल मार्च किया। जिले में नगर निकाय चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। नामांकन और नाम वापसी हो गया है। 1 तारीख के मतदान नगर निकाय चुनाव का मतदान चार मई को होना है। सकुशल चुनाव के लिए पुलिस अधीक्षक के मांग पर सरकार ने रैपिड एक्शन फोर्स जिले को भेज दी है। बुधवार को मटेरा थाने की पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल गस्त करते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया। पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स ने संयुक्त रूप से मटेरा चौराहे से मटेरा बाजार तक कस्बे में पैदल मार्च किया। गस्त करते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने का संदेश दिया। मटेरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने पैदल गस्त करते हुए संदेश दिया की शांति व्यवस्था कायम रहे।

उन्होंने कहा कि कोई भी उपद्रवी नजर में आएगा तो उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। पैदल मार्च के दौरान प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह,रैपिड एक्शन फोर्स से अस्सिटेंट कमांडेंट महीप नारायन यादव, इंस्पेक्टर अनुग्रह नारायण, उपनिरीक्षक आशुतोश राय, सहित थाने व रैपिड एक्शन फोर्स के तमाम जवान मौजूद रहे।

## ट्रेडिंग कंपनी के व्यवसाई से मांगी रंगदारी

- दो बदमाश रात में दुकान में घुसे, पुलिस ने मौके का लिया जायजा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली देहात के कृषि भवन के पास संचालित ट्रेडिंग कंपनी के ऑफिस में सोमवार रात को दो बदमाश पहुंच गए। सभी ने मालिक से 50 हजार की रंगदारी मांगते हुए दुकान में कुर्सी और मेज पलट दी। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। सभी वारदात दुकान के सीसीटीवी में कैद हो गई। व्यवसाई ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।



कोतवाली देहात के ढपालीपुरवा निवासी हमीदुद्दीन पुत्र सलीम की कृषि भवन के निकट बुद्धा ट्रेडिंग कंपनी का संचालन करते हैं। ट्रेडिंग कंपनी के द्वारा कृषि भवन में कृषि यंत्रों की सप्लाई करते हैं। मंगलवार रात को व्यवसाई दुकान में बैठा था। रात 8.32 बजे दो लोग पहुंचे। सभी ने 50 हजार रूपये की रंगदारी मांगी। विरोध करने पर मेज और कुर्सी पलट दिया। रंगदारी की रकम न देने पर अतीक जैसा हाल करने की धमकी दी। बदमाशों की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने रात में ही कोतवाली देहात, सीओ सिटी और एएसपी नगर को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज को अपने कब्जे में ले लिया है। कोतवाल आरके पांडेय ने बताया कि जांच चल रही है। धमकी देकर रंगदारी मांगने वाले लोगों की तलाश की जा रही है।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्ष पर बोला हमला

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**




नगर निकाय चुनाव में राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारी एक दूसरे पर जमकर आरोप प्रत्यारोप लगा रहे हैं। इसी कड़ी में रायबरेली पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि उनके समय में विकास हुआ नहीं इसलिए उन्हें का नहीं दिख रहा है।

भारतीय जनता पार्टी ने नगर से लेकर गांव तक विकास किया है। उन्होंने प्रत्याशी चयन पर भी अखिलेश यादव को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि अखिलेश जी अपना कुनबा संभालें हम प्रत्याशियों के चयन कार्यकर्ता स्तर तक करते हैं। दरअसल अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोप लगाया था कि स्मार्ट सिटी की बात करने वाली भाजपा के राज में नालियां तक टूटी हैं। अयोध्या में हुए भर्ष्टाचार पर उंगलियां उठ रही हैं। शाहजहांपुर में भाजपा को प्रत्याशी तक नहीं मिल रहा है। बड़े शहरों में जितनी भी समस्याएं हैं, भाजपा की देन है। भूपेंद्र चौधरी इन्हीं आरोपों का जवाब दे रहे थे। भूपेंद्र चौधरी यहां निकाय चुनाव को लेकर कार्यकर्ता सम्मेलन करने पहुंचे थे।

## विकास किया है विकास करेंगे : अंकुर गुप्ता



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** नगर निकाय चुनाव में इस समय प्रत्याशी पूरे दमखम के साथ जनता को अपने पक्ष में रिझाने के लिए जुटे हुए हैं ।महराजगंज नगर पंचायत मे वार्ड नंबर 7 प्रकाश नगर से निर्दलीय प्रत्याशी अंकुर गुप्ता एक बार फिर मैदान में आकर जनता से समर्थन की मांग कर रहे हैं। अंकुर गुप्ता वर्तमान सभासद है और अपने वार्ड में काफी लोकप्रिय नेता के रूप में जाने जाते हैं इनके बाबा स्वर्गवासी शिव प्रसाद गुप्ता काफी मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति रहे हैं? अंकुर गुप्ता ने कहा कि बाबा का असर मेरे ऊपर काफी पड़ा है उन्हीं के बताए हुए रास्ते पर हमेशा चलने का प्रयास किया है जब भी जनता द्वारा किसी कार्य के लिए कहा जाता है तो तुरंत सक्रियता दिखा कर हमेशा जनता के कार्य को पहली प्राथमिकता देता हूं एक बार फिर से जनता का भारी समर्थन मिल रहा है और जनता ने मन बना लिया है कि एक बार फिर अंकुर गुप्ता को ही सभासद की सीट पर बैठाना है जिससे कि वार्ड का समुचित विकास होता रहे विकास पहली प्राथमिकता है और जो विकास किया है उसी के सहारे जनता के दरवाजे समर्थन मांग रहे हैं।

# निर्दलीय प्रत्याशी कंचन सूर्यवंशी के समर्थन में उतरे पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज**



प्रख्यात समाजसेवी और पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह ने बुधवार को नगर पंचायत लालगंज के अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी कंचन सूर्यवंशी के पक्ष में नगर भ्रमण किया। जनसंपर्क के दौरान मतदाताओं का पर्याप्त सहयोग मिला। इस दौरान उनके साथ तमाम समर्थक मौजूद रहे। पूर्व विधायक ने नगर वासियों से अपील की है कि नगर पंचायत के अध्यक्ष पद की निर्दलीय उम्मीदवार कंचन सूर्यवंशी के पक्ष में मतदान कर नगर में विकास कार्य सुनिश्चित कराएं। पूर्व विधायक अपने समर्थकों के साथ तेजगांव कांप्लेक्स से जनसंपर्क की शुरुआत की। वह मेन रोड होते हुए स्टेशन रोड, लखनऊ रोड, घोसियाना मोहल्ला सहित कस्बे के अन्य मोहल्लों में पहुंचकर प्रत्याशी के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की है। कहा कि कंचन सूर्यवंशी एक कर्मठ, ईमानदार और जुझारू प्रत्याशी हैं। नगर की जनता प्रत्याशी के संघर्षों और सदव्यवहार का आंकलन करते हुए मतदान करे। लखनऊ रोड, घोसियाना मोहल्ला और मेन रोड पर नुक्कड़ नाटक के जरिए कलाकारों ने एक नायाब तरीके से कंचन सूर्यवंशी के पक्ष में मतदान करने के प्रति लोगों को जागरूक किया। इस दौरान उनके साथ तेजतर्रार नेता राघवेंद्र सूर्यवंशी, सुखेंद्र बहादुर सिंह, राजू तिवारी, अनूप सिंह, मोहम्मद अमन, संतोष तिवारी, दीपक सिंह, सनी सिंह, सहित तमाम समर्थक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### डिप्टी सीएम की जनसभा आज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक गुरुवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी पुनीत गुप्ता के समर्थन में बांगरमऊ नगर के नानामऊ मार्ग स्थित कृष्ण लीला मैदान में मतदाताओं को संबोधित करेंगे। वह हेलीकॉप्टर से ब्लाक रोड चौराहा स्थित शांति मोहन मिल मैदान में उतरेंगे और कार के जरिए दोपहर 12.30 बजे सभा स्थल पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा और शांति व्यवस्था हेतु बुधवार को तहसील और जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा रहा। आज दोपहर क्षेत्राधिकारी पंकज सिंह शांतिमोहन मिल मैदान और सभास्थल कृष्ण लीला मैदान पहुंचे। उन्होंने दोनों स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और कोतवाली पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### विधायक ने सभासद प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को सदर विधायक पंकज गुप्ता व गोल्डी गुप्ता ने गंगाघाट नगर पालिका अन्तर्गत मोहल्ला गांधीनगर वार्ड नंबर (6) प्रत्यासी रोहित कटारिया के चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ व ईमानदार कार्यकर्त्ताओं की मेहनत से भाजपा पुनः नगर पालिका अध्यक्ष व नगर के 28 वार्डो के प्रत्याशियों को जानता अपना वोट देकर विजयी बनाएगी। इसके बाद वार्ड 6 में मतदाताओं से प्रत्याशी रोहित कटारिया के समर्थन में मतदान करने की अपील की। जिसके बाद वह अपने गंतव्य को रवाना हुए। इस दौरान पार्टी कार्यालय में प्रत्याशी रोहित ने कार्यकर्ताओं व समर्थकों को भगवा गमछा डालकर सम्मान कर उनका आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों से अपील की ज्यादा मतदान करके विजई बनाएं। इस अवसर पर सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस मौके पर सोनू गुप्ता, धर्मेंद्र, अशोक निषाद, गुड्डू बाजपेई, बऊन, पप्पू तिवारी, सनी गुप्ता, आजाद गुप्ता, राजकुमार कुरील, हरिओम सैनी, सौरभ कटारिया, टिंकू, सुशील, सुशील तिवारी, पुनीत वर्मा, करन, दुर्गेश गुप्ता, अतुल पाण्डेय, शशांक, सुभाष कुरील, नीलू बाबा, रवि गुप्ता, विजय राज सिंह, गगन वर्मा, आजाद गुप्ता (नेता) अभिजित निषाद समेत अधिक संख्या में कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

### बेकाबू डम्पर की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, दो घायल



**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर अनियंत्रित डम्पर चालक ने आगे जा रही बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे दो महिला और एक बच्चा सहित तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने एक महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। बरौंकी गांव निवासी शब्बू पुत्र शेर अली मां कमरजहां भाभी सन्नो 34 पत्नी सलीम भतीजा असद पुत्र सलीम को लेकर औरास थाना क्षेत्र के बाबाखेड़ा गांव स्थित निजी चिकित्सक के यहां दवा लेने के लिए बुधवार को जा रहा था अभी वह आसीवन और कटरा गांव के बीच में पहुंचा था कि बांगरमऊ से लखनऊ की ओर जा रहे डम्पर चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे पीछे बैठी सन्नो पत्नी सलीम सड़क पर गिर गयी और टायर के नीचे आकर गंभीर रुप से घायल हो गयी जिसे मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के दो बच्चे असद 03, अर्श 05 जबकि दुर्घटना कर भाग रहे चालक को ग्रामीणों ने पकड़ लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि मृतका महिला के शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है और चालक को गाड़ी सहित कब्जे में ले लिया गया है।

### अपशिष्ट प्रबंधन राजमिस्त्री कार्यशाला प्रशिक्षण सम्पन्न

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक मियागंज की सभागार में स्वच्छ भारत ग्रामीण के अंतर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन राजमिस्त्री कार्यशाला का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। 45 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। ब्लाक मियागंज की ग्राम पंचायतों से 45 लोगों को सभागार में स्वच्छ भारत ग्रामीण के अंतर्गत ठोस तरल अपशिष्ट प्रबंधन राजमिस्त्री कार्यशाला का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 24 अप्रैल से शुरू हुआ था। बुधवार को सम्पन्न हुए कार्यक्रम में एडीओ पंचायत निर्मल कुमार सचिव सुमित मिश्रा, पंकज त्रिवेदी, सचिन थारु, मंगल प्रसाद, अजय कुमार, तारा बाबू, संदीप कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### बाइक की टक्कर से आटो सवार युवक की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ नगर के नानामऊ मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक ऑटो रिक्शा से टकरा गई। हादसे में ऑटो रिक्शा सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। युवक की मौत से घर परिवार में कोहराम मच गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम साईंपुर सगौड़ा के मजरा हसनपुर सगौड़ा निवासी रविशंकर 30 पुत्र जगदीश पेशी पर उन्नाव अदालत गया था। अदालत में पेश होने के बाद वह किसी वाहन से बांगरमऊ तक आया और यहां के नानामऊ तिराहा से ऑटो रिक्शा पर आगे की सीट पर बैठकर घर लौट रहा था। रास्ते में शीशमहल के नजदीक विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ऑटो रिक्शा पर बैठे रविशंकर से टकरा गई। हादसे में रवि शंकर को गंभीर चोटे आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे गर्भवती पत्नी राधा, 2 वर्षीय पुत्री खुशी तथा मां लीलावती को रोते बिलखते छोड़ गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटना में शामिल ऑटो रिक्शा और बाइक दोनों चालक सहित भाग निकले। पुलिस चालक सहित दोनों वाहनों की तलाश करने में जुटी है।

## बहुजन समाज पार्टी का ही बनेगा चेयरमैन : मोहम्मद ताहिर

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



बहुजन समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष पद प्रत्याशी मोहम्मद ताहिर घर घर जाकर लोगों से हाथी के निशान पर मतदान करने की अपील कर रहे हैं मोहम्मद ताहिर महराजगंज नगर पंचायत बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी घोषित है वही अपने समर्थकों के साथ डोर टू डोर जाकर जनता से समर्थन मांग रहे हैं मोहम्मद ताहिर ने बताया जनता का अपार समर्थन मिल रहा है अबकी बार जनता ने मन बना लिया है कि बीएसपी के कैंडिडेट को ही चुनाव में जीताकर चेयरमैन के पद पर पहुंचाया जाएगा।

इस मौके पर चुनाव प्रभारी हीरालाल शाक्य देवकुमार बी बी एफ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरला साहू की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



नगर निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सरला साहू की जनसभाओं में उमड़ा जनसैलाब। महराजगंज नगर पंचायत में शामिल हुए अभी हाल फिलहाल में पूरे सुखई एवं पूरे रानी का पुरवा में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी सरला साहू ने जनसभाएं की जिसमें पूरे सुखई मे जहां सैकड़ों की संख्या में लोग सुनने के लिए आए वही पूरे रानी का पुरवा में भी जमकर जनसैलाब उमड़ा ।चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा नगर की जनता की सेवा पहली प्राथमिकता है जिस तरह महराजगंज नगर को सजाने और संवारने का काम किया गया है वह आगे भी इसी तरह चलता रहेगा और पूरे सुखई और पूरे रानी के पुरवा को जितना हो सकेगा उतना सजाने और संवारने का काम किया जाएगा।

इस मौके पूर्व विधायक राजा राम त्यागी भारतीय जनता पार्टी के दिलीप यादव सुनील मौर्य पवन साहू पीयूष साहू सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# अधिकारी कृषकों से गेहूँ क्रय कर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाना करें सुनिश्चित : डीएम

- गेहूँ खरीद में तेजी लाने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारी व क्षेत्रीय विपणन अधिकारी/विपणन निरीक्षक नियुक्त
- कृषक अपना गेहूँ क्रय केन्द्रों पर विक्रय करने के लिए क्रय एजेंसियों के अधिकारियों से कर सकते है संपर्क

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज**




जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने जनपद रायबरेली में विभिन्न क्रय एजेंसियों के कुल 104 गेहूँ क्रय केन्द्र अनुमोदित किये गये है जिसमें खाद्य विभाग के 27, पी0सी0एफ0 के 74 एवं भारतीय खाद्य निगम के 03 क्रय केन्द्र शामिल है। जनपद में गेहूँ का कुल क्रय लक्ष्य 82 हजार मी0टन निर्धारित किया गया। 24 अप्रैल 2023 तक कुल 96 किसानों से 307.93 मी0टन गेहूँ क्रय किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद में तेजी लाये जाने के दृष्टिगत किसानों से गेहूँ खरीद हेतु क्रय एजेंसियों के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों के नाम व दूरभाष नम्बर प्रसारित किये है। जिसमें क्रय एजेंसी खाद्य विभाग के लिए सुश्री सोनी गुप्ता, जिला खाद्य विपणन अधिकारी दूरभाष नम्बर 8869874599, पी0सी0एफ क्रय एजेंसी के लिए सुरेन्द्र कुमार मौर्या, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता 9555086790 तथा क्रय एजेंसी भारतीय खाद्य निगम के लिए आर0एस0 मिश्र, प्रबंधक (खरीद) 9839838838 को नियुक्त किया गया है।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि किसानों को अपना गेहूँ राजकीय क्रय केन्द्रों पर विक्रय करने हेतु सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कृषक तालिका में अंकित सरकारी दूरभाष नम्बर डायल कर अपने घर पर ही 100 कु0 या इससे अधिक गेहूं विक्रय करने वाले कृषक सीधे सम्पर्क कर अपना गेहूं विक्रय कर सकेंगे। साथ ही जनपद स्तर पर स्थापित खाद्य नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) का दूरभाष नम्बर 0535-2975003 पर भी सम्पर्क कर कृषक अपना गेहूं सरकारी क्रय केन्द्रों पर विक्रय कर सकते है। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने जनपद के समस्त कृषकों से अपील की है कि अपनी सुविधानुसार अपना गेहूँ जिस क्रय एजेंसी के जिस क्रय केन्द्रों पर विक्रय करना चाहते है उसके संबंध में संबंधित क्रय एजेंसियों के अधिकारियों के दूरभाष पर सम्पर्क/वार्ता करते हुये उन्हें अवगत कराएंगे कि वह अपना गेहूँ विक्रय करना चाहते है जिसक उपरान्त सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा कृषक का गेहूँ क्रय करते हुये उन्हें भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ सुनिश्चित कराया जायेगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिली अधेड़ महिला की लाश

**बछरांवा रायबरेली, समृद्धि न्यूज**

रेलवे ट्रैक पर महिला की लाश मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया 7 सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पहुरावां के रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला का शव मिला है। शव की अभी तक कोई पहचान नही हो पायी है। घटना बुधवार की सुबह 5 बजे के आसपास की बताई जा रही है। घटनास्थल से कुछ दूरी पर स्थित दुकानदारों ने महिला एक तीन साल का बच्चा वा एक पुरुष को भी कल शाम बगाही रेलवे क्रासिंग के पास देखा था। महिला के साथ आये पुरुष ने दुकान से बिस्केट वा सिगरेट खरीदी। उसके बाद रेलवे ट्रैक के किनारे किनारे कस्बे की तरफ चले गये। उस समय महिला के पास एक बोरी वा तीन साल का बच्चा उसकी गोद मे था। घटना स्थल पर मृतक महिला का शव क्षत-विक्षत अवस्था मे ट्रैक के अंदर मिला। मौके पर ना तो पुरुष दिखा और ना ही तीन साल का बच्चा। मौके पर पुलिस वा ज़ी आर पी ने साक्ष्यों को इकट्ठा किया। घटनास्थल से पुलिस को एक शराब की बोतल व कोल्डड्रिंक की बोतल मिली है। कोतवाल बृजेश राय ने बताया महिला के पहचान की कोशिस की जा रही है मृत्यु के कारणों की जाँच के लिये शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

# पुलिस ने दंगा नियंत्रण के लिए किया अभ्यास



**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

आगामी निकाय चुनाव को देखते हुए पुलिस ने दंगा नियंत्रण का पूर्व अभ्यास किया।साथ ही आपातकालीन स्थिति में निपटने के गुर बताए गए।सलोन कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी नारायण कुशवाहा के नेतृत्व में आगामी नगर निकाय चुनाव में सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए व कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए दंगा होने की स्थिति से निपटने के लिए पूर्व अभ्यास किया गया। इस दौरान पुलिसकर्मियों को विपरीत परिस्थिति में दंगा होने की स्थिति को देखते हुए आम जनमानस को वहां से बचाकर निकालने व दंगाइयों पर नियंत्रण करने के लिए अभ्यास किया गया।इसके साथ ही दंगा निरोधक उपकरण के संबंध में जानकारी दी गई।उपकरण उपयोग के दौरान बरतने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया और हर तरह की परिस्थिति का सामना करने हेतु तैयार रहने के निर्देश दिए गए है।

# एस.एम. सिंह सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र छात्राओं ने विद्यालय का नाम किया रोशन

**सरेनी(रायबरेली), समृद्धि न्यूज**



सरेनी कस्बे का प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान एस.एम. सिंह सरस्वती विद्या मंदिर अपनी बेहतरीन शिक्षा व सख्त अनुशासन के लिए क्षेत्र में एक विशेष संस्थान के रूप में जाना जाता है। इसी क्रम में विद्यालय ने फिर एक बार बोर्ड परिणाम में जिले की टॉप टेन सूची में अपना स्थान बरकरार रखा।

विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख अंजय सिंह ने कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने लगातार बोर्ड परिणाम में जिले की सूची में अपना स्थान बरकरार रखा विद्यालय की छात्रा आराध्या शुक्ला ने हाई स्कूल में 95.33 प्रतिशत अंक हासिल करके जिले में पांचवा स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया।

प्रधानाचार्य मंजय सिंह ने कहा कि हमारा विद्यालय निरंतर जिले की सूची में उत्तरोत्तर स्थान हासिल करने की राह पर चल रहा है ।विगत कई वर्षों से लगातार पहले जिले में 10वां फिर 9वां जबकि पिछले सत्र में छात्रा अंशिका द्वारा आठवां और इस बार लंबी छलांग के साथ छात्रा आराध्या ने पांचवां स्थान हासिल किया। साथ ही हाईस्कूल में दस विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। जिसमें भूमिका ने 94.16 प्रतिशत दिलशाद ने 93व रोहिनी ने 92.83 प्रतिशत शशांक ने 92.5 प्रतिशत सेजल गुप्ता ने 92.16 प्रतिशत गौरव तिवारी ने 91.5 प्रतिशत अभिषेक ने 90.83 प्रतिशत जबकि तन्नू सोनी व अंकिता पाल ने संयुक्त रूप से 90 प्रतिशत आदि विद्यार्थी शामिल है। जबकि वर्तमान सत्र में हाईस्कूल में अध्यनरत विद्यार्थियों में अंश, दिलीप विनय आंचल वैष्णवी सरोजबेबी काव्या राजनंदनी वहीं इंटरमीडिएट में विगत सत्र की टॉपर अंशिका सहित कुलदीप काव्या प्रिंस अंशुमान आदि ने अगले सत्र में अपने विद्यालय का नाम जिले की सूची में प्रथम स्थान पर पहुंचाने का दृढ़संकल्प करके अपने मंसूबे साफ जाहिर कर दिए। साथ ही इंटरमीडिएट में छात्र सौरभ पाण्डेय ने 91.4 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के खानापुर मजरे टीसा खानापुर गांव के युवक सोभनाथ पुत्र रामस्वरूप उम्र 26 वर्ष गांव के बाहर करीब 100 मी. दूर एक बाग मे पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सुबह ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी मौके पर कोतवाल मैं दल बल के साथ पहुंचे और लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के सही कारणों का पता नहीं चल सका है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है युवक की शादी डेढ़ वर्ष पूर्व हुई थी।

# छात्र-छात्राओं को दिये आग से बचाव के टिप्स

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



बीघापुर के गौरी गांव स्थित एमएम पब्लिक स्कूल में कक्षा 5-8 के बच्चों को बुधवार को फायर अफसर सहदेव प्रसाद पांडेय ने आग से बचाव के तरीके बताए। उन्होंने डेमो देकर विभिन्न तरीको से लगने वाली आग और उस पर नियंत्रण के तरीके बताये।

पांडेय ने बच्चों को बुलाकर फायर एक्सटिंगशर का इस्तेमाल भी कराया। बच्चों ने बहुत उत्सुकता के साथ हर चीज को समझा और सीखा। फायर अफसर ने बताया कि जब भी आग लगे तो घबराना नहीं है बल्कि दिमाग का इस्तेमाल कर उसको बुझाने के उपाय का अनुपालन करना है।

छात्र शिवा पांडेय, सृष्टि आदि ने फायर अफसर के साथ मॉकड्रिल भी किया। इस मौके पर संयुक्त प्रबंधक शिखर अवस्थी, प्रधानाचार्य मीना तिवारी व सलाहकार डॉ.कुसुमलता द्विवेदी मौजूद रहीं।

# मंहगाई, बेरोजगारी पर भाजपा के पास कोई जवाब नहीं : नरेश उत्तम

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने कहा कि उन्नाव का चेयरमैन नीतू पटेल का होना तय हो गया है इसका जीता-जागता उदाहरण है मुख्यमंत्री को अपना हेलीकाप्टर उन्नाव में उतारना पड़ा। निकाय चुनाव में भाजपा और उसके अनुसांगिक संगठनो के नेता और मंत्री निकल पड़े हैं क्योंकि वह जानते हैं। यदि चुनाव में गली-मोहल्ले और चौराहो पर मंहगाई, बेरोजगारी, शिक्षा और चिकित्सा पर चर्चा शुरू हो गयी तो भाजपा को जगह ढूढ़े नहीं मिलेगी। इसीलिये वह हिन्दू मुस्लिम पाकिस्तान पर चर्चा कर जनता का ध्यान असली मुद्दो से भटकाना चाह रहे हैं।

यह बात श्री पटेल सपा प्रत्याशी नीतू पटेल के चुनाव कार्यालय में कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि डबल इंजन डबल झूंठ बोल रहा है। अब यह ट्रिपल इंजन की बात कर रहे हैं।

भाजपा के झूंठ को हरायेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओ में जोश भरते हुए कहा कि चुनाव नजदीक है। अफ्वाहो का बाजार भी गर्म हो सकता है। आप लोग पूरी निडरता के साथ मतदाताओ के बीच जाकर भाजपा के कारनामो का पर्दाफाश करे और प्रत्याशी को जिताने का काम करें। पूर्व मंत्री सुधीर रावत ने कहा कि नीतू पटेल अभी तक अध्यक्ष की प्रत्याशी है। 13 तारीख को वह चेयरमैन हो जायेगी। इसके लिए सभी लोग सपा के कारवां को बढ़ाने में कोई कोर कसर न छोड़े। कार्यक्रम को पूर्व विधायक सुन्दरलाल लोधी, रामकुमार, बदलू खां, अंकित परिहार, सपा जिलाध्यक्ष राजेश यादव, पूर्व अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव, प्रभा यादव, जितेन्द्र कुशवाहा, डीएसएन छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष हेमन्त पाल आदि ने भी सपा प्रत्याशियों को जिताने की हुंकार भरी। इस मौके पर सपा सभासद प्रत्याशी समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अनाज पे गाज

इधर ग्लोबल वार्मिंग से मौसम के मिजाज में खासा बदलाव आया है। कब बारिश हो जाये कहना मुश्किल है। हालांकि, अब मौसम विभाग को उपग्रहों के संबल से मौसम की सटीक भविष्यवाणी करना संभव हुआ है। कुछ दिन पहले बता दिया जाता है कि फलां दिन मौसम खराब होगा या बारिश होगी। लेकिन वे तस्वीरें विचलित करती हैं जब मंडियों व सरकारी गोदामों के बाहर पड़ा गेहूं बारिश में भीगता दिखायी देता है। जाहिर है जिन विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की जिम्मेदारी अनाज भंडारण व संरक्षण की होती है, वे अपनी जिम्मेदारी का सही ढंग से निर्वाह नहीं करते। वे तस्वीरें परेशान करती रहीं जिनमें किसान मंडियों में खरीद के लिये रखे अनाज को बारिश से बचाने का प्रयास करते नजर आये। एक अनुमान के अनुसार, देश में हर साल बारह से सोलह मिलियन टन अनाज पर्याप्त भंडारण सुविधा के अभाव में बर्बाद हो जाता है। इतना अनाज देश के एक तिहाई गरीबों को खिलाने के लिये पर्याप्त होता। लेकिन दशकों से चले आ रहे संकट के बावजूद वैज्ञानिक रूप से सुदृढ़ भंडारण की दिशा में गंभीर प्रयास होते नजर नहीं आये। इसके लिये जरूरत के मुताबिक निवेश किया ही नहीं गया। होना तो यह चाहिए था कि फसल की कटाई के बाद नुकसान को कम करने के लिये नयी तकनीक के इस्तेमाल को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती। जिससे लाखों टन अनाज को बर्बाद होने से बचाया जा सकता। कोरोना महामारी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पूरे विश्व में पैदा हुए खाद्यान्न संकट के मद्देनजर अनाज के महत्व को समझा जाना चाहिए। दरअसल, अनाज के उत्पादन से लेकर उपभोग तक की आपूर्ति श्रृंखला के प्रत्येक चरण में यह नुकसान होता है। इसके अलावा खाद्यान्न की मात्रा के साथ ही गुणात्मकता के लिये सुरक्षित भंडारण की सुविधा बेहद जरूरी है। एक अध्ययन के मुताबिक अनाज की कटाई, थ्रेसिंग, परिवहन व भंडारण के दौरान भारी मात्रा में अनाज बर्बाद हो जाता है।

प्रतिकूल मौसम में आये दिन होने वाली बारिश व ओलावृष्टि से हम अनाज को पूरी तरह से सुरक्षित नहीं कर पाये हैं। वहीं दूसरी ओर हर साल किसान अनाज का रिकॉर्ड उत्पादन कर रहे हैं। आज स्टील का ढांचा बनाकर उसे प्लास्टिक आदि की चादरों से ढककर अनाज भंडारण की अस्थायी व्यवस्था की जाती है, लेकिन छोटे किसान के लिये यह व्यावहारिक नहीं है। हालांकि ग्राम पंचायत स्तर पर प्रौद्योगिकी संचालित सुविधाएं स्थापित करने के सामूहिक प्रयास कारगर हो सकते हैं। आज जरूरत इस बात की है कि ग्रामीण स्तर पर गोदामों के लिये एक राष्ट्रीय ग्रिड बनाया जाये। राष्ट्रीय अनाज बोर्ड की स्थापना इस दिशा में उपयोगी कदम हो सकता है। साथ ही किसानों को राष्ट्रीय स्तर पर जागरूक करना होगा कि अनाज के भंडारण व प्रभावी कीट प्रबंधन के लिये कैसे वैज्ञानिक तौर-तरीके अपनाये जाने चाहिएं। साथ ही खाद्य संरक्षण से जुड़े कर्मियों को गुणवत्ता के रखरखाव के लिये प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

# जम्मू कश्मीर की शांति भंग करने की कोशिशें



राजेश माहेश्वरी

**बीते एक-डेढ़ साल में जिस तरह से खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ीं उनसे ये साफ हो गया कि 370 खत्म होने के बाद से पाकिस्तान ने कश्मीर के समानांतर आतंकवाद के पुराने ठिकाने को आबाद करने की कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया है। गत दिवस राजौरी में सेना के ट्रक पर हुए हमले का भले ही खालिस्तानियों से कोई सम्बन्ध न हो लेकिन उसमें पाकिस्तान की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। सेना का जांच दल घटना के दोषियों का पता लगाने में जुटा है। हो सकता है हमलावर जल्द पकड़ में भी आ जाएं किन्तु यह घटना इस बात की चेतावनी है कि घाटी को आतंकवाद मुक्त मान लेना आत्मघाती होगा। ये भी कहा जा रहा है कि कश्मीर घाटी में जी-20 की बैठक न होने पाए इसलिए पाकिस्तान भय के माहौल को पुनर्जीवित करना चाह रहा है। जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष कश्मीर और भारत सरकार की गलत तस्वीर पेश की जा सके। और विश्व बिरादरी को बताया जा सके कि कश्मीर में हालात अब भी बुरे हैं, और वहां कुछ बदला नहीं है। ऐसी घटनाएं पाकिस्तान और भारत विरोधी सोच वालों का षडयंत्र है। वहीं जून के अंत में पवित्र अमरनाथ यात्रा भी होनी है। ये देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही खुफिया तंत्र को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ेगी।**

पिछले दिनों जम्मू-कश्मीर के पुंछ में एक ट्रक पर हुए आतंकी हमले में शहीद हुए पांच जवान शहीद हो गए। हमले की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद से ही जुड़े एक आतंकी संगठन पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। इस खबर के प्रसारित होते ही देश में शोक की लहर दौड़ गई। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद से आतंकी हमलों में कमी दर्ज की गई है। इसके बावजूद आतंकियों पर पूरी तरह से रोक नहीं लगाई जा सकी है।

पिछले दो वर्षों की बात करें तो इस अवधि में जम्मू-कश्मीर में 4 बड़े आतंकी हमले हुए हैं। 11 अक्टूबर, 2021 को पुंछ जिले के सुरंग कोट तहसील में हुए एक आतंकी हमले में पांच भारतीय सेना के जवानों की शहादत हुई थी। 16 अक्टूबर, 2021 को पुंछ जिले में हुए आतंकी हमले में 4 जवान शहीद हुए थे। 11 अगस्त, 2022 को राजौरी के परगल इलाके में आर्मी कैंप में हुए एक आतंकी हमले में 5 जवान शहीद हुए थे, जबकि इस हमले को अंजाम देने वाले दोनों हमलावर फिदायीन को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। वहीं, 1 जनवरी, 2023 को राजौरी के डांगरी में हुए एक आतंकी हमले में हिंदू समुदाय के 7 लोगों को आतंकियों ने मौत के घाट उतार दिया था।

वास्तव में कभी पुलिस या सेना के जवान तो कभी कस्बों में बचे-खुचे कश्मीरी पंडितों की हत्या जैसी वारदातों के जरिये तनाव जारी रखने का षडयंत्र रचा जाता है। लेकिन इससे इतर सेना के काफिलों पर हमला करने की वारदातें भी होती रहती हैं जिनसे ये प्रमाणित होता है कि तमाम चौकसी के बावजूद सीमा पार से आने वाले आतंकी कश्मीर घाटी में घुसने में कामयाब हो जाते हैं। इसका ताजा उदाहरण गत दिवस राजौरी के पास सेना के एक ट्रक पर हुआ हमला है जिसमें पांच सैनिक मारे गए और अनेक घायल हैं। यह वारदात कई गंभीर सवाल खड़े करती है। वास्तव में इस वारदात से एक बात स्पष्ट हो गयी कि भले ही पर्यटकों को परेशान न किया जाता हो क्योंकि ऐसा करने से स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी पर असर पड़ता है, इसीलिये सैन्य ठिकानों के अलावा सेना के काफिलों पर घात लगाकर हमले करने की रणनीति पर अमल हो रहा है। हालांकि सेना काफी सतर्क रहती है लेकिन पहाड़ी इलाकों में आतंकवादियों के छिपने की ऐसी तमाम जगहें होती हैं जहां से वे इस तरह के हमले करने के बाद भाग निकलने में सफल हो जाते हैं। पुंछ में हुआ हादसा भी उसी शैली का लगता है। इससे ये बात भी साबित होती है कि सीमा पार से आने वाले भारत विरोधी तत्वों को घाटी में अभी भी शरण मिलती है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सुरक्षा बलों की निरंतर कार्रवाइयों में बड़ी संख्या में आतंकवादियों के मारे जाने से उनके आका बौखलाए हुए हैं। उनकी आर्थिक मदद करने वालों पर भी सख्त शिकंजा कसा गया है। बीते कुछ समय से सुरक्षा बल लगातार आतंकवादियों को ढूंढकर मार रहे हैं। सीमा पार से घुसपैठ में भी कमी आई है। इस कारण घाटी में बचे-खुचे अलगाववादी बौखलाहट में हैं। उनको



सबसे ज्यादा गुस्सा इस बात पर है कि काफी हद तक आम जनता भी शान्ति के पक्ष में खड़ी नजर आ रही है। सुरक्षा बलों और जांच एजेंसियों ने घाटी के अलगाववादी नेताओं पर भी शिंकजा कसा है।

आतंकवाद से दिखावटी दूरी बनाये रखते हुए अलगाववाद और पाकिस्तान परस्ती का प्रतीक बन चुकी हुर्रियत कांफ्रेंस की कमर भी टूट चुकी है। उसके नेताओं पर नियन्त्रण लगाये जाने का असर ये हुआ कि सुरक्षा बलों पर पत्थर फेंकने और आतंकवादियों के जनाजे में जनसैलाब के उमडने जैसे दृश्य अब नहीं दिखाई देते। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने जिस कुशलता से घाटी के जिम्मेदार लोगों से सीधे संवाद का तरीका अपनाया उससे भी माहौल सकारात्मक होने लगा है। पिछले दिनों ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन और उसके बेटे की संपत्तियों को कुर्क कर लिया है। ये संपत्तियां जम्मू कश्मीर के बडगाम में स्थित हैं। इससे पहले भी एनआईए ने कई आतंकियों के खिलाफ एक्शन लिया है।

आतंकवाद से सबसे ज्यादा प्रभावित कश्मीर घाटी में भी अब इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर अमन बना हुआ है। पत्थरबाजी और बात-बात में सुरक्षा बलों का रास्ता रोकने जैसी घटनाएँ भी अतीत बन गयी हैं। जुमे की नमाज के बाद पाकिस्तान का झंडा फहराते हुए भारत विरोधी नारे लगाता जुलूस भी बरसों से नहीं निकला और न ही श्रीनगर के हृदयस्थल कहे जाने वाले लाल चौक पर अब कोई तिरंगा उतारने का दुस्साहस कर पा रहा है। हुर्रियत कांफ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों की बोलती बंद है।

घाटी में सुरक्षा बलों की चौकसी और सख्ती का लाभ ये हुआ कि घाटी में पर्यटकों की संख्या ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। ये जमीनी सच्चाई है। कश्मीरी युवाओं को काफी हद तक यह बात समझ आने आने लगी है कि उनका भविष्य अलगाववादियों के साथ रहने से अंधकारमय हो जाएगा और जिस बन्दूक को उठाकर वे निर्दोष लोगों की हत्या करेंगे वही एक दिन उनकी मौत का जरिया बनेगी। वहीं आम मानस की सोच में बदलाव से अलगाववादियों के आश्रयस्थल भी लगातार कम होते जा रहे हैं।

वहीं फारुख अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती की पूरी राजनीति भड़ास व्यक्त करने तक सीमित रह गयी है। घाटी के युवक-युवतियां भी इस बात को समझने लगे हैं कि धारा 370 हटने के पूर्व की स्थिति का वापस आना असम्भव है और उनका भविष्य अलगाववादियों के बहकावे में आकर पत्थरबाजी करने में नहीं अपितु पढ़ लिखकर आगे बढने में है। घाटी में विकास कार्य भी जिस तेजी से चल रहे हैं उसका भी जनमानस पर सकारात्मक असर है। लेकिन ये मानकर बैठ जाना आत्मघाती होगा कि कश्मीर घाटी में पाकिस्तान प्रवर्तित अलगाववाद की जड़ें पूरी तरह से उखड़ चुकी हैं, समझदारी नहीं होगी। असल में, धारा 370 की समाप्ति के बाद भी कश्मीर में एक वर्ग ऐसा हैं जो भारत में रहते हुए भी दिल से भारतीय नहीं है। और यही लोग बीच-बीच में ऐसा कुछ करवा देते हैं जिससे भय का माहौल फिर कायम हो जाए।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मारे गए माफिया अतीक अहमद ने भी पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में बताया था कि पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये पंजाब में हथियार भेजे जाते हैं। बीते एक-डेढ़ साल में जिस तरह से खालिस्तानी गतिविधियां बढ़ीं उनसे ये साफ हो गया कि 370 खत्म होने के बाद से पाकिस्तान ने कश्मीर के समानांतर आतंकवाद के पुराने ठिकाने को आबाद करने की कार्ययोजना पर अमल शुरू कर दिया है। गत दिवस राजौरी में सेना के ट्रक पर हुए हमले का भले ही खालिस्तानियों से कोई सम्बन्ध न हो लेकिन उसमें पाकिस्तान की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। सेना का जांच दल घटना के दोषियों का पता लगाने में जुटा है। हो सकता है हमलावर जल्द पकड़ में भी आ जाएं किन्तु यह घटना इस बात की चेतावनी है कि घाटी को आतंकवाद मुक्त मान लेना आत्मघाती होगा।

ये भी कहा जा रहा है कि कश्मीर घाटी में जी-20 की बैठक न होने पाए इसलिए पाकिस्तान भय के माहौल को पुनर्जीवित करना चाह रहा है। जिससे अंतरराष्ट्रीय समुदाय के समक्ष कश्मीर और भारत सरकार की गलत तस्वीर पेश की जा सके। और विश्व बिरादरी को बताया जा सके कि कश्मीर में हालात अब भी बुरे हैं, और वहां कुछ बदला नहीं है। ऐसी घटनाएं पाकिस्तान और भारत विरोधी सोच वालों का षड्यंत्र है। वहीं जून के अंत में पवित्र अमरनाथ यात्रा भी होनी है। ये देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों के साथ ही खुफिया तंत्र को भी अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ेगी।

*लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।*

विचार

# तबस्सुम की सफलता और कुछ सवाल

कर्नाटक की छात्रा तबस्सुम शेख ने 12वीं की बोर्ड परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल किया है। अप्रैल के महीने में हिंदुस्तान के लोग लगभग हर साल इसी तरह की सुर्खियों को देखते हैं कि लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ा या बोर्ड में लड़कों से आगे रही लड़कियां, आदि आदि। लेकिन तबस्सुम का मामला कुछ अलहदा है, उन्होंने बोर्ड में पहला स्थान हिजाब विवाद के बीच हासिल किया है। पाठक जानते हैं कि कर्नाटक के शिक्षण संस्थानों में मुस्लिम लड़कियों के हिजाब पहनने पर बड़ा विवाद खड़ा हुआ, जिसके लिए अदालत का दरवाजा भी खटखटाया गया। कर्नाटक की भाजपा सरकार ने पिछले साल की शुरुआत में शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने पर पाबंदी लगा दी थी, क्योंकि यह एक धार्मिक लिबास है और सरकार इसे स्कूल-कॉलेज के ड्रेस कोड के अनुरूप नहीं मानती। लेकिन फिर भी कई लड़कियों ने हिजाब पहनना नहीं छोड़ा, तो उन्हें कक्षा में बैठने की अनुमति ही नहीं दी गई। कुछ जगहों पर हिंदुत्व के प्रचारक युवा केसरिया गमछा पहनकर विरोध करने लगे। हिजाब पहनी मुस्लिम छात्राओं को भयभीत करने के लिए जय श्रीराम के नारे भी कुछ जगहों पर लगे।

हाईकोर्ट ने भी शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पहनने की इजाजत नहीं दी। सरकार के फैसले के खिलाफ कई लड़कियों ने अपील दायर की, तबस्सुम भी उन्हीं में से एक थी। बहुत सी लड़कियों ने हिजाब न पहनने के कारण कक्षाओं में जाना छोड़ दिया और कई का तो साल भी बर्बाद हो गया, क्योंकि वे परीक्षा नहीं दे पाईं। लेकिन तबस्सुम के पिता ने उन्हें समझाया कि कानून का पालन करना चाहिए और शिक्षा बच्चों के लिए किसी भी चीज से अधिक महत्वपूर्ण है। तबस्सुम ने उनकी नसीहत पर अमल करते हुए हिजाब के ऊपर शिक्षा को चुना और उम्दा अंक लाकर अव्वल स्थान प्राप्त किया। तबस्सुम की यह सफलता की कहानी अब टीवी चैनलों से लेकर कई बड़े अखबारों में छाई हुई हैं। कोई लड़की तमाम विवादों के बीच अगर अच्छे से पढ़कर पहला स्थान हासिल करे, तो वह वाकई अन्य विद्यार्थियों के लिए मिसाल है। क्योंकि बहुत से बच्चे सारी सुख-सुविधाओं और संसाधनों के बावजूद पढ़ाई पर ध्यान नहीं देते हैं, अपनी काबिलियत का सही इस्तेमाल नहीं करते हैं। लेकिन तबस्सुम की सफलता की कहानी जिस तरह सुनाई-दिखाई जा रही है, उसे बहुत बारीकी से देखें तो कहानी के पीछे कोई और ही कहानी नजर आएगी। लगभग हर जगह यही बताया जा रहा है कि तबस्सुम ने हिजाब के ऊपर शिक्षा को चुना। तो क्या यह सवाल नहीं किया जाना चाहिए कि हिजाब और शिक्षा को एक पलड़े में रखा कैसे गया। किसने ऐसा करने दिया। किसी बच्ची को दोनों में से किसी एक को चुनना पड़े, ऐसी नौबत क्यों आई। अगर तबस्सुम में हिजाब में रहती, तो क्या उसकी मेधा पर कोई असर पड़ता। या हिजाब न पहनने के कारण उसकी बौद्धिक क्षमता इतनी बढ़ गई कि वह सीधे प्रथम स्थान पर आ गई। तबस्सुम शुरु से मेधावी और मेहनती दोनों रही होगी, तभी उसने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की। तबस्सुम के अच्छे अंक देखकर तो यह विचार भी आता है कि उसकी तरह और भी दूसरी लड़कियां ऐसी प्रतिभाशाली होंगी, लेकिन उन्होंने हिजाब और शिक्षा में हिजाब को चुना, तो वे परीक्षा ही नहीं दे पाईं। तबस्सुम का साक्षात्कार लेने वाले कई पत्रकारों ने उनसे कई सवाल किए होंगे, लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि इस्लाम का पालन करने वाली छात्राओं के सामने इस तरह विकल्प चुनने की नौबत क्यों आई। हिजाब पहनना या न पहनना किसी की व्यक्तिगत पसंद होनी चाहिए और यह पैमाना हर धर्म और हर नागरिक के लिए होना चाहिए। तभी व्यक्तिगत आजादी का अधिकार कायम रहेगा। यह सही है कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है और शिक्षा संस्थानों में किसी भी धर्म को बढ़ावा दिए जाने वाली गतिविधियों को करना नैतिक रूप से सही नहीं है। मगर कितने ही विद्यालयों में प्रार्थना के बाद गायत्री मंत्र उच्चारित किया जाता है। सरस्वती की मूर्ति अनेक शैक्षणिक परिसरों में है, क्योंकि उन्हें ज्ञान की देवी माना जाता है। बोर्ड के विद्यार्थियों को परीक्षा का दाखिला पत्र मिलने के वक्त यज्ञ और हवन करवाने की परिपाटी कई विद्यालयों में है। यह सब बरसों-बरस होते आया है और इस पर कोई विवाद, कोई हंगामा नहीं हुआ। क्योंकि भारत की तहजीब ऐसी ही है। मगर हिजाब पहनने पर जिस तरह का विवाद खड़ा हुआ और इस पर राजनीति हुई, उससे न जाने कितनी बच्चियों के पढ़ने और बढ़ने के सपने कुचल दिए गए हैं। तबस्सुम ने अपने सपने को बचाने के लिए अपनी हिजाब पहनने की इच्छा को छोड़ा, क्या यह सही हुआ, यह सवाल समाज को ईमानदारी से खुद से करना चाहिए। किसी भी परीक्षा में प्रथम आना मायने रखता है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात ये है कि शिक्षा के सरोकार पूरे हो रहे हैं या नहीं, हम किन मायनों में शिक्षित हो रहे हैं, शिक्षा हासिल करके हमारी सोच का दायरा व्यापक हो रहा है, या हम संकीर्ण विचारों की तंग गलियों में ही विचर रहे हैं। भारत में कबीर और रैदास जैसे संत कवियों की परंपरा रही है, जो जुलाहे या मोची का काम करते हुए अपनी उदार सोच और व्यापक दृष्टिकोण के साथ सड़ी-गली रुढ़ियों को चुनौती देते रहे। जबकि आज के हिंदुस्तान में कई नामी-गिरामी डॉक्टर, इंजीनियर, वकील और अन्य उच्च शिक्षित लोग हैं, जो अब भी धर्म और जाति के नाम पर नफरत फैलाने में लगे हैं, और वैज्ञानिक दृष्टिकोण की जगह अंधविश्वासों को बढ़ावा देते हैं। तबस्सुम की उपलब्धि हर तरह से खास है, और यह खास बनी रहेगी, अगर अपने भावी जीवन में तबस्सुम किसी भी तरह की संकीर्णता को नकार कर उदार, प्रगतिशील सोच अपनाएंगी।

साहित्य



## हरे गुलाबी बहुत शिद्दत से लेता हूं...

**एडवोकेट किशन सनमुख़दास भावनानी**
**गोंदिया महाराष्ट्र**

हरे गुलाबी बहुत शिद्दत से लेता हूं

परिवार को वीआईपी सुविधा सुविधाएं देता हूं
बच्चों को महंगी प्राइवेट स्कूलों में पढ़ाता हूं
पगार कम पर वीआईपी जिंदगी जीता हूं
हरे गुलाबी बहुत शिद्दत से लेता हूं

समझदार समझते हैं भ्रष्टाचारी हूं
मेरा ईमान धर्म हरे गुलाबी है
पगार केवल दस हज़ार है
हरे गुलाबी बहुत शिद्दत से लेता हूं

हर काम के लिए सौदेबाजी करता हूं
बाहर दलालों का घेरा बैठा दिया हूं
पूरी चैनल बनाकर भ्रष्टाचार करता हूं
हरे गुलाबी बहुत शिद्दत से लेता हूं

आलीशान बिल्डिंग गाड़ी मेंटेन करता हूं
परिवार सहित ब्रांडेड वस्तुएं यूज करता हूं
सेठों से कम जीवन नहीं जीता हूं
हरे गुलाबी बहुत शिद्दत से लेता हूं

कल किसने देखा है भावनानी का भाव रखता हूं
विपत्तियां आएगी तो हरेगुलाबी से निपट सकता हूं
सब जगह यही चलते हैं जानता समझता हूं
हरे गुलाबी बहुत शिद्दत से लेता हूं

## झरोखा





# राशिफल

**मेष:-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृषभ:-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुन:-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्क:-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्य में आलस्य का त्याग करें।

**सिंह:-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुला:-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।

**वृश्चिक:-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनु:-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकर:-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुंभ:-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीन:-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# षड्यंत्र और राजनीति का हिस्सा धर्म परिवर्तन

डॉ. प्रियंका सौरभ

सुप्रीम कोर्ट मानता है कि धर्म परिवर्तन एक गंभीर मुद्दा है और इसे राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए। धर्म परिवर्तन राजनीतिक मुद्दा है या आस्था का मामला? लोगों को जबरन धर्मांतरण, प्रलोभन या लालच आदि के प्रावधानों और तरीकों के बारे में भी शिक्षित करने की आवश्यकता है। जबरन धर्मांतरण की सजा को पहले के 10 साल से घटाकर एक से पांच साल कर दिया गया। धर्म परिवर्तन से जुड़ा विवाह अवैध है। यदि धर्मांतरण में नाबालिग, महिला या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का कोई सदस्य शामिल है, तो कारावास दो से सात साल है। आस्था परिवर्तन हृदय का विषय है। आप राजनीतिक भाषा शैली और ऐसे प्रतीकों को अपनाकर किसी के अंतर्मन नहीं बदल सकते। गांधी जी इसी कारण धर्म परिवर्तन के विरुद्ध थे। उनका मानना था कि समाज सुधार के काम में धर्म परिवर्तन की भूमिका नहीं है। जाहिर है, धर्म परिवर्तन के पीछे दिए गए तर्कों को स्वीकार करना कठिन है। धर्म के अधिकार में धोखाधड़ी, धोखे, जबरदस्ती, लालच और अन्य तरीकों से अन्य लोगों को धर्मांतरित करने का अधिकार शामिल नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, सार्वजनिक आदेश में बाधा डालने के अलावा, धोखाधड़ी या प्रेरित धर्मांतरण अंतरात्मा की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन करता है। इसलिए, बलपूर्वक धर्मांतरण को विनियमित-प्रतिबंधित करने के लिए राज्य अपनी शक्ति के भीतर अच्छी तरह से है। भारत में, कोई भी कानून यह प्रतिबंधित नहीं करता है कि कौन से धर्म एक दूसरे में परिवर्तित हो सकते हैं । भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 सभी नागरिकों को धर्म की स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें अपना धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। हालाँकि, भारत में धर्म परिवर्तन के लिए कोई कानूनी बाधाएँ नहीं हैं, लेकिन सामाजिक बाधाएँ अक्सर होती हैं। स्वतंत्रता भारतीय संविधान में परिकल्पित मौलिक अधिकार है। धर्म की स्वतंत्रता उन अधिकारों में से एक है जिन पर मौलिक स्तंभ आधारित है। भारत में, धर्म जीवन के हर पहलू में एक भूमिका निभाते हैं लेकिन साथ ही धर्म व्यक्ति के लिए है। किसी भी धर्म को दिल और पेशे से चुनना किसी भी कानून द्वारा प्रतिबंधित नहीं होना चाहिए। ऐसा कोई भी धर्मांतरण विरोधी कानून अन्यथा ष्किसी भी धर्म को चुनने और मानने की स्वतंत्रता के मूल सिद्धांत को कम कर देगा और संविधान की भावना के खिलाफ जाएगा। इसके अलावा, भारत जैसे देश में जहां धर्मनिरपेक्षता प्रस्तावना का एक तत्व है, वास्तव में जिस चीज की जरूरत है वह समाज के कमजोर और कमजोर वर्गों की रक्षा करना है, जिन्हें कभी-कभी अपना धर्म बदलने के लिए मजबूर किया जाता है। कभी-कभी लोग अपनी खुशहाली बनाए रखने के लिए सामाजिक परिस्थितियों में अपना धर्म बदल लेते हैं और अगर इस तरह के प्रतिबंध लगाए जाते हैं तो यह उन पर गंभीर प्रभाव डालेगा। ऐसे कानूनों की कई कानूनी विद्वानों ने तीखी आलोचना की है जिन्होंने तर्क दिया था कि श्लव जिहाद की अवधारणा का कोई संवैधानिक या कानूनी आधार नहीं था। उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 21 की ओर इशारा किया है जो व्यक्तियों को अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने के अधिकार की गारंटी देता है। साथ ही, अनुच्छेद 25 के तहत, विवेक की स्वतंत्रता, किसी भी धर्म का पालन न करने सहित अपनी पसंद के धर्म के अभ्यास और रूपांतरण की भी गारंटी है। भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कई निर्णयों में यह माना है कि राज्य और अदालतों के पास जीवन साथी चुनने के वयस्क के पूर्ण अधिकार पर कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। लिली थॉमस और सरला मुद्गल दोनों ही मामलों में भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने पुष्टि की है कि बिना किसी प्रामाणिक विश्वास के और कुछ कानूनी लाभ प्राप्त करने के एकमात्र उद्देश्य के लिए किए गए धार्मिक रूपांतरण में दम नहीं है।

सलामत अंसारी-प्रियंका खरवार इलाहाबाद उच्च न्यायालय 2020 का मामला : एक साथी चुनने या पसंद के व्यक्ति के साथ रहने का अधिकार नागरिक के जीवन और स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार (अनुच्छेद 21) का हिस्सा था। मानव अधिकारों पर सार्वभौमिक घोषणा के अनुच्छेद 18 में उल्लेख किया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपना विश्वास बदलने सहित धर्म की स्वतंत्रता का अधिकार है। चूंकि यह एक राज्य का विषय है, इसलिए केंद्र अनुबंध खेती आदि पर मॉडल कानून जैसे मॉडल कानून बना सकता है। धर्मांतरण विरोधी कानून बनाते समय राज्यों को उस व्यक्ति के लिए कोई अस्पष्ट या अस्पष्ट प्रावधान नहीं रखना चाहिए जो अपनी मर्जी से धर्म परिवर्तन करना चाहता है। धर्मांतरण विरोधी कानूनों में अल्पसंख्यक समुदाय संस्थानों द्वारा धर्मांतरण के लिए वैध कदमों का उल्लेख करने का प्रावधान भी शामिल करने की आवश्यकता है। कोई अपनी इच्छा से किसी दूसरे धर्म को अपनाए यह उसका विषय है लेकिन सामूहिक रूप से लोगों को भड़का कर धर्म परिवर्तन को आक्रामक रैली में परिणत करना भयावह दृश्य उत्पन्न करता है। इससे समाज और देश का केवल अहित ही होगा। कुल मिलाकर यह क्षोभ और चिंता का विषय है। धर्म मानव को कर्तव्यों के द्वारा मनुष्यता के उच्चतम शिखर पर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करता है उसे इस तरह राजनीतिक शैली की रैलियां न बनाया जाए यही सबके हित में है। वैसे आर्य समाजी राम, कृष्ण को भगवान नहीं मानते लेकिन महापुरुष मानते हैं। हमारे इतिहास के अनुसार श्री राम इच्छाकू वंश की 65 वीं पीढी थे और महात्मा बुद्ध 123 वीं पीढ़ी। इस नाते वंशावली से भी राम को अपना पूर्वज मानने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अश्वघोष ने महात्मा बुध की जीवनी लिखी है और उसमें वंशावली मिल गई तो फिर इसको अस्वीकार करने का कोई कारण नहीं। आखिर अश्वघोष बौद्ध मुनि थे। लोगों को जबरन धर्मांतरण, प्रलोभन या लालच आदि के प्रावधानों और तरीकों के बारे में भी शिक्षित करने की आवश्यकता है। जबरन धर्मांतरण की सजा को पहले के 10 साल से घटाकर एक से पांच साल कर दिया गया। धर्म परिवर्तन से जुड़ा विवाह अवैध है। यदि धर्मांतरण में नाबालिग, महिला या अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का कोई सदस्य शामिल है, तो कारावास दो से सात साल है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# प्रिंटिंग प्रेसों पर एसडीएम व सीओ की संयुक्त छापेमारी, मचा हड़कंप

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़।**

नगर निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर जिले में तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। निकाय चुनावों में छापी जा रही चुनाव सामग्रियों की प्रिंटिंग प्रेसों पर छापेमारी करते हुए प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी।

इस समय जिले में निकाय चुनावो का दौर है, जिसे लेकर प्रशासन डीएम के सख्त आदेशों के बाद हरकत में है। जिसे लेकर बुधवार को एसडीएम, तहसीलदार एवं सीओ ने नगरीय निकाय में स्थित प्रिंटिंग प्रेसो पर छापामार कार्रवाई करते हुए पोस्टर बैनर इत्यादि प्रचार सामग्री की जांच की तथा प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के बारे में भी समझाया कि चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार ही प्रचार सामग्री छापे।

एसडीएम पंकज श्रीवास्तव ने तहसीलदार, प्रभारी निरीक्षक संग नगर पालिका क्षेत्र मोहम्मदी में स्थित अल फुरकान प्रिंटर्स निकट अशोक चौराहा, विमल प्रिंटर्स निकट अशोक चौराहा, काजमी प्रिंटर्स स्थित मो. देवीस्थान, राजीव कम्प्यूटर्स स्थित मो.बाजारगंज सब्जीमंडी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अल फुरकान प्रिंटर्स में मानक के विरुद्ध निकाय चुनाव सम्बन्धित प्रचार सामग्री प्रिंट की जा रही थी, जिसे जब्त किया व अन्य नियमानुसार कार्यवाही प्रथक से की जा रही है।

- डीएम के निर्देश पर निकाय चुनाव के मद्देनजर प्रिंटिंग प्रेसों पर हुई छापेमारी
- मोहम्मदी में मिली मानक विरुद्ध प्रचार सामग्री जब्त, दी हिदायत

एसडीएम कार्तिकेय सिंह ने तहसीलदार और सीओ पलिया के साथ हिना प्रिन्टिंग प्रेस, एटूजेड प्रिन्टिंग प्रेस, खालिक प्रिन्टिंग प्रेस, गुप्ता प्रिन्टिंग प्रेस, तूलिका प्रिन्टिंग प्रेस, आद्या प्रिन्टिंग प्रेस, आनन्द प्रिन्टिंग प्रेस, तूलिका डिजिटल वर्ड का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रिंटिंग प्रेस संचालकों को चुनाव आयोग द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का पालन करने की हिदायत दी।

एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने गोला स्थित रस्तोगी प्रिंटर्स, सुपर सिस्टम प्रिंटर्स सहित विभिन्न प्रिंटिंग प्रेस का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने बताया कि प्रिंटिंग प्रेस से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में कस्बे की सभी प्रिंटिंग प्रेसों पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जा रही है। प्रत्याशियों द्वारा चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार ही पोस्टर बैनर छापे जाएं तथा पोस्टर बैनर पर प्रिंटिंग प्रेस का नाम तथा प्रचार सामग्री की संख्या अंकित की जानी आवश्यक है। हालांकि निरीक्षण के दौरान सभी प्रचार सामग्री नियमों के अनुरूप मिली।

नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर एसडीएम राजेश कुमार ने नगरीय निकाय क्षेत्र निघासन, सिंगाही में हर छोटे-बड़े प्रिंटिंग प्रेस का औचक निरीक्षण कर वहां छापी जा रही प्रचार सामग्री की पड़ताल की। निर्देश दिए कि पम्पलेट, पोस्टर या अन्य किसी भी मुद्रित सामग्री पर मुद्रक का नाम, पता, मोबाइल नम्बर व मुद्रित प्रतियों की संख्या स्पष्ट व पठनीय रूप से मुद्रण किया जाए।

एसडीएम ने सिंगाही व निघासन नगरीय निकाय प्रत्याशियों की बैठक ली, निकाय चुनाव के सभी कायदे कानून विधिवत समझाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की नजर निर्वाचन से जुड़े हर पहलू पर है, इसीलिए सभी नियम कानूनों का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित करें। इसी के तहत प्रिंटिंग प्रेस मालिकों द्वारा चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का उल्लंघन तो नहीं किया जा रहा है इसका भौतिक सत्यापन करने के लिए छापेमारी शुरू की गई है।

बुधवार को डीएम के निर्देश पर निकाय चुनाव के मद्देनजर एसडीएम अनुराग सिंह ने तहसीलदार भीमसेन एवं नायब तहसीलदार वीरेंद्र संग धौराहरा स्थित शाहिद प्रिंटर्स, स्टार ऑफसेट एवं खमरिया स्थित राज प्रिंटर्स का औचक निरीक्षण कर प्रचार सामग्री का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान सभी चीजें ठीक मिली। निर्देश दिया कि आगे भी प्रचार सामग्री प्रिंटिंग के दौरान आयोग के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

# हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के निर्माण कार्य में सीएमओ को मिली अनियमितता

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़।**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमकोटवा का औचक निरीक्षण सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बुधवार को किया। इस दौरान संविदा आयुष चिकित्सक सहित स्टाफ नर्स और सफाई कर्मी गैरहाजिर मिले। वहीं निर्माणाधीन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का भी उन्होंने निरीक्षण किया। जहां ठेकेदार द्वारा बनाई जा रही भवन की फर्श में अनियमितता मिली। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि उनके द्वारा सीएचसी नकहा के अंतर्गत पीएचसी अमकोटवा का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान वहां तैनात संविदा आयुष चिकित्सक डॉ. संजय वर्मा, स्टाफ नर्स अंजली और सफाई कर्मचारी श्री कृष्णा अनुपस्थित मिले। पीएचसी पर साफ सफाई की व्यवस्था अच्छी नहीं थी। खिड़कियों में लगे शीशे और जाली टूटी हुई थी, जिन्हें दुरुस्त कराने के लिए सीएचसी नकहा अधीक्षक को उनके द्वारा निर्देश दिया गया। वहीं निर्माणाधीन हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का भी उन्होंने निरीक्षण किया। जहां पर फर्श का निर्माण कार्य चल रहा था, इस दौरान लाल गिट्टी डाले बिना ही पत्थर डालकर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिस पर उन्होंने ठेकेदार से नाराजगी जाहिर की और कार्य को गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। सीएचसी नकहा अधीक्षक को इस पर नजर रखने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि जब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आवासों की सुविधा उपलब्ध है तो यहां पर स्टाफ क्यों नहीं रह रहा।

## खबरें एक नजर में

### क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भाजपा प्रत्याशी के कार्यालय का किया उद्घाटन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** नपा अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी नेहा पुनीत मित्तल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने किया। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी रत्ना अनिल शिवहरे ने भी भाजपा प्रत्याशी को अपना समर्थन दिया। अनिल शिवहरे ने नगर की जनता से भाजपा को जिताने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष पद पर भाजपा की ओर से नेहा–पुनीत मित्तल को प्रत्याशी बनाया गया है। गोविंदेश्वर मंदिर के सामने स्थित उनके चुनाव कार्यालय का उद्घाटन भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने किया। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा विकास की राह पर चलती है। नगर की जनता जानती है कि पुनीत मित्तल के पिता सेठ वीरेंद्र कुमार मित्तलजी ने नगरवासियों के हित में हमेशा ही कार्य किया है। अब उसी विरासत को नेहा पुनीत मित्तल आगे बढ़ाएंगी। उन्हें उम्मीद है कि नगर की जनता उन्हें अपना समर्थन देकर नगर को विकास से जोड़ने का कार्य करगी। उधर, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अध्यक्ष पद की उम्मीदवार रत्ना अनिल शिवहरे ने भी नेहा पुनीत मित्तल को अपना समर्थन दे दिया है। अनिल शिवहरे ने कहा कि वह छात्र जीवन से ही संगठन से जुड़े रहे हैं। संगठन हित में वह भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में हैं। उन्होंने नगर की जनता से भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस मौके पर संजीव श्रृंग ऋषि, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उषा गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत, सतेंद्र खत्री, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह गुर्जर, मूलचंद्र निरंजन, निशा माहेश्वरी, डॉ. रंजना दुबे आदि मौजूद रहे।

### विडंबनाः मल्टीपरपज हॉल बनाए जाने की मुहिम कागजों में उलझी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** अब इसे विडंबना ही कहेंगे कि वर्ष 2017 में बनाई गई कार्य योजना के प्रस्ताव को विभाग द्वारा प्रशासन के माध्यम से शासन तक पहुंचाए जाने की मुहिम के 5 वर्ष बाद भी मामला अधर में लटका हुआ है विभागीय सूत्रों की माने तो कई बार भेजे गए प्रस्ताव के बाद नए प्रस्ताव मांगे जाते रहे और मौजूदा स्थिति यह है कि अभी भी मामला कागजों में ही उलझा पड़ा है। गौरतलब हो कि यहां युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग द्वारा जनपद में युवाओं के स्वास्थ्य को प्रोत्साहित किए जाने की दिशा में खेलकूद और व्यायाम शालाओं की स्थापना कराई गई थी बाद में ग्रामीण अंचलों में संचालित व्यायाम शालाओं को ग्राम पंचायतों के सुपुर्द कर दिया गया विभाग के पास एकमात्र राजकीय व्यामशाला के तौर पर जिला मुख्यालय उरई के मोहल्ला रामनगर स्थित व्यायामशाला ही बची थी जो कि बीते कुछ वर्षों के दौरान उपेक्षा के चलते जीर्ण शीर्ण अवस्था में पहुंच गई समय–समय पर विभागीय अधिकारियों ने उक्त व्यायामशाला को लेकर न सिर्फचिंता जताई बल्कि उसके उद्धार के लिए भी कई कार योजनाएं बनाई पर विभाग के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि वह इस व्यायामशाला के भवन को अतिक्रमण से मुक्त कराएं हालांकि आला अधिकारियों की पहल पर यह अतिक्रमण से मुक्त भी हो गई और वर्ष 2017 में इसके जीर्णोद्धार के रूप में विभाग ने एक मल्टीपरपज हॉल बनाए जाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा और यह सिलसिला जारी रहा । सूत्र बताते हैं कि कुछ दिन पूर्व महानिदेशक प्रांतीय रक्षक दल एवं युवा कल्याण द्वारा पुनः प्रस्ताव भेजे जाने की पहल हुई और विभाग को लिखित आदेशित भी किया गया। फिलहाल जो भी हो अब देखना यह है कि विभाग मल्टीपरपज हॉल को निर्मित कराए जाने को लेकर बनाए गए प्रस्ताव पर कितनी कामयाबी हासिल करता है। इस संबंध में जब युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी अर्चना प्रजापति से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मल्टीपरपज हॉल बनाए जाने को लेकर जो भी कार योजना है उससे संबंधित सभी औपचारिकताओं को पूरा किया जा चुका है शासन से स्वीकृति और पैसा मिलने पर उसे अमलीजामा भी पहनाया जाएगा।

### एंटी रोमियो टीम ने कोचिंग सेंटरों में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देश अनुसार एंटी रोमियो टीम ने स्टेशन रोड व करमेर रोड पर कोचिंग सेंटर में सघन चेकिंग अभियान चलाया व कोचिंग संचालकों से जाकर मुलाकात की और बालिका छात्रों को संबोधित करते हुए सुरक्षा का एहसास कराया व एंटी रोमियो टीम के नंबर, विमेन पावर लाइन, पिंक बॉक्स के बारे में जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने यही बताया कि स्टेशन रोड व करमेर रोड पर पिंक बॉक्स लगे है अगर आप अपनी बात नहीं कह पाते हैं तो आप पिंक बॉक्स में चिट्ठी के माध्यम से बता दें आपका नाम गुप्त रखा जाएगा और कार्रवाई की जाएगी। एंटी रोमियो टीम प्रभारी सब इंस्पेक्टर आरिफने टीम के साथ कई कोचिंग सेंटरों में पहुंचकर वहां पर पढ़ने वाली छात्राओं को जागरूक करते हुये कहा कि यदि उन्हें कोई भी व्यक्ति बेवजह परेशान करता है तो उसकी जानकारी टीम को मुहैया करायें ताकि ऐसे लोगों को कानून का सबक सिखाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की सूचनायें देने वाली छात्राओं का नाम गुप्त रखा जायेगा। इसीक्रम में टीम स्टेशन रोड पर इंदर ज्ञान क्लासेस, सिगमा अकैडमी, शिक्षा फाउंडेशन क्लासेस मेडिको बायोलॉजी, एचआईटीएम शिक्षा सदन आदि कोचिंग सेंटरों में भ्रमण किया।

# सपा प्रत्याशी की सक्रियता से भाजपा की नींद हराम, सपा अपने कुनबे को एकजुट करने में जुटी

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद से समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंद्वियों की नींद हराम करने में जुट गई है। समाजवादी पार्टी ने अपने विरोधियों को चारों खाने चित कर अपना परचम फहराने की गरज से सारी ताकत झोंक दी है और समाजवादी कुनबे को एकजुट कर गैर समाजवादी मतदाताओं को भी अपने पक्ष में लाने की जी तोड़ कोशिश शुरू हो गई है। सपा ही एक मात्र पार्टी है जिसका प्रत्याशी भाजपा को टक्कर दे सकता है। वैसे तो यहां पर मुख्य विपक्षी पार्टियों भाजपा, सपा, बसपा, आम आदमी पार्टी ने अपने अपने प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं

- नगर पालिका अध्यक्ष पद चुनाव में सपा भाजपा दोनों की गणित खराब कर रही है बागी निर्दलीय

लेकिन दमखम के साथ सिर्फ भाजपा सपा ने ही नामांकन कर चुनावी सम्पर्क का आगाज किया है।सपा अपने मूल वोटरों के साथ अन्य वर्गों को एकजुट करके भाजपा को करारी शिकस्त देने की जुगत में जुट गई है।

इतना ही नहीं जहां भाजपा ने पुष्पा सिंह को मैदान में उतारा है वहीं सपा ने व्यवसाई व समाजसेवी मोहन बाजपेई की पत्नी रमा बाजपेई को टिकट देकर सभी वर्ग को अपने पाले में लाकर भाजपा को टक्कर देने की जुगाड़ में जुटी है। वहीं पूर्व में रही लखीमपुर नगर पालिका चेयरमैन ईरा श्रीवास्तव भी मैदान में हैं।इस बार टिकट न मिल पाने के कारण वह भाजपा छोड़कर निर्दलीय प्रत्याशी बनकर इन सभी का समीकरण बिगाड़ रही है। क्योकि उनका लखीमपुर की जनता पर अच्छा खासा प्रभाव हैं, पूर्व में उनके द्वारा नगर में करायें गये कार्यों व उनकी साफ सुथरी समाजसेवी छवि लोगों के दिलों से जुड़ी है, वह समाज के सभी वर्गों से मिलकर उनका दिल जीतने की पुरजोर कोशिश कर रही हैं।सपा प्रत्याशी की सक्रियता से भाजपा की नींद हराम हो गई है। साथ ही निर्दलीय प्रत्याशी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं।

# 200 अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद, अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 26 अप्रैल 2023 को थाना भीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त मेजर सिंह उर्फ हेप्पी पुत्र सरमैल सिंह नि0ग्राम बेलवा मलुकापुर थाना भीरा जनपद खीरी को 200 अवैध (अल्प्राजोलम) टैबलेट्स (वजन लगभग 39 ग्राम) बरामद कर के0एयू0के0 इण्टर कालेज के पास बहद ग्राम पडरिया तुला से गिरफ्तार किया गया, जिसके संबंध में थाना भीरा पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी है।

### 15000 का इनामी वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

26 अप्रैल 23 को क्षेत्राधिकारी निघासन के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्रभारी निरीक्षक थाना निघासन के नेतृत्व में थाना निघासन पुलिस टीम द्वारा वांछित 15,000 रुपये का इनामी अभियुक्त गुलाम अली पुत्र जमील अहमद निवासी ग्राम तिनघरवा मजरा चखरा थाना निघासन जनपद खीरी को पलिया रोड ग्राम दुबहा मोड़ से गिरफ्तार करके अभियुक्त का चालान मा0 न्यायालय भेजा जा रहा है।इस मौके पर गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में व0उ0नि0 राममिलन यादव थाना निघासन,हे0का0 जयप्रकाश थाना निघासन,हे0का0 अतीश कुमार थाना निघासन मौजूद रहे।

# सट्टा पर्ची सहित युवक गिरफ्तार



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** चौकी प्रभारी अतुल कुमार राजपूत ने स्टेट बैंक चौराहे पर संदिग्ध रूप से घूम रहे युवक पुलिया उर्फ जाकिर निवासी खटीकान को पकड़ लिया है। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि वह सट्टा लिखता था। पकड़े गये युवक के पास से 3 पैन, डायरी, पर्ची के साथ 1150 रूपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# ट्रैक्टर चालक ने मारा कट तो सवारियों से भरी कार पलटी, किशोरी की मौत

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

दंदरौआ सरकार के दर्शन करके लौट रही कार अचानक ट्रैक्टर के कट लगाने से ट्रैक्टर में टकराई। कार के टकराने कार में बैठी कक्षा 7 की छात्रा की मौत हुई। किशोरी की मौत से मोहल्ले में मातम छा गया। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोशियाना निवासी सुधीर गुर्जर मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे कार से पत्नी चंचल, बेटा हरसू और 11 वर्षीय बेटी वैष्णवी के साथ दंदरौआ सरकार अपने परिवार के साथ जा रहे थे। दोपहर में वह दंदरौआ सरकार के दर्शन कर वापस रतनगढ़ देवी में रूके और वहां से दर्शन कर वापस जालौन आ रहे थे। रतनगढ़ से करीब 5 किमी आगे आने पर एक चढ़ाई पर उनकी कार के आगे ओवरलोड ट्रैक्टर जा रहा था। चढ़ाई पर अचानक ओवरलोड ट्रैक्टर का अगला हिस्सा उठ गया और चालक ट्रैक्टर से नियंत्रण हो बैठा। कार चला रहे राजीव ने अचानक एक ओर मुड़े ट्रैक्टर को बचाने की कोशिश भी की लेकिन उनकी कार ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई और कार में सवार वैष्णवी को ट्रॉली का कोई नुकीला हिस्सा लग गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। 11 वर्षीरू वैष्णवी की मौत की खबर जैसे ही मोहल्ले के पहु छा गया। बेटी की मौत होने पर मां बेहोश हो गई और पिता भी गमगीन हैं।

# निपुण भारत अभियान में शैक्षणिक गुणवत्ता नोडल अधिकारी ने परखी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को राज्य परियोजना कार्यालय निपुण भारत गुणवत्ता सेल से आये जनपद जालौन के नोडल अधिकारी आयुष मालिक ने महेवा ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय सोहरापुर तथा प्राथमिक विद्यालय हरकूपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यालय के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी क्लास का अवलोकन किया। विभिन्न पैरामीटर्स का अवलोकन करते हुए उन्होंने शिक्षकों से संदर्शिकाओं के अनुसार शिक्षण से संबंधित अनेकों प्रश्न पूंछें। बच्चों की कार्यपुस्तिकाओं का अवलोकन किया और आंकलन पत्रक में दिए गए अंकों का ट्रैकर से

- कम्पोजिट विद्यालय सोहरापुर, हरकूपुर का किया औचक निरीक्षक

मिलान करते हुए शिक्षक डायरी की प्रविष्ठियों को जांचा। उन्होंने क्लास के सभी बच्चों के शैक्षिक स्तर को जांचने के लिए उनसे गणित के प्रश्नों को हल करवाया, शब्दों को व्हाइट बोर्ड पर लिखकर पढ़वाया और उनके साथ आये जनपद के एसआरजी लोकेश पाल तथा अभिलाष तिवारी से बच्चों का निपुण लक्ष्य एप पर गणित और भाषा का आंकलन करवाकर एक रिपोर्ट बनवायी। जिससे बच्चों के अधिगम स्तर के आधार पर निपुण विद्यालय की रन रेट आधारित कार्ययोजना बनाकर निर्धारित अवधि में विद्यालय को निपुण बनाया जा सके। गुणवत्ता के सभी मानकों के निरीक्षण के आधार पर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार से चर्चा की तथा इस रिपोर्ट को मुख्य विकास अधिकारी अभय कुमार श्रीवास्तव के समक्ष रखा। उन्होंने जिला समन्वयक प्रशिक्षण विश्वनाथ दुबे के साथ जनपद के एआरपी के साथ भी बैठक करके उनसे अनुश्रवण की बारीकियों पूछते हुए निर्देश दिए। इस दौरान एसआरजी नितिन आनंद पाल, अमित गुप्ता, देवेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।



# पांच नदियों के संगम पर तीन दिवसीय 'पंचनद कैम्पिंग फेस्टिवल'

**जगम्मनपुर (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जालौन, औरैया, इटावा और भिन्ड जनपद मुख्यालयों से समान दूरी पर पंचनदा संगम है। जो कि विश्व का सबसे अनोखा स्थल माना जाता है। जहां चंबल, यमुना, सिंध, पहुंज और क्वारी नदियों का महासंगम होता है। चंबल अंचल के बीहड़ों में आध्यात्मिक और पर्यटन के नजरिये से यह अद्भुत स्थल है। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश की 2,100 वर्ग मील दूरी तय करके राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य यहां विराम पाता है। इससे यहां चांदी की तरह चमकते विशाल रेतीले मैदान दिखते हैं। राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य में तमाम जलचरों और नभचरों का ठिकाना होने से रेत खनन पर प्रतिबंध है। पांच नदियों के संगम पर चांदी की तरह चमकते विशाल रेतीले मैदान गोवा की खूबसूरती को मात देते हैं। चंबल अंचल में बड़े पैमाने पर रेगिस्तान का जहाज कहे जाने वाले ऊंट पाले जाते थे लेकिन अब ऊंट पालको की संख्या में लगातार गिरावट देखी जा रही है। एक दशक से अधिक समय से चंबल अंचल की बेहतरी के लिए कार्य करने वाले चंबल विद्यापीठ के संस्थापक डॉ. शाह आलम राना कहते हैं कि बीहड़वासियों को सामान उठाने के लिए ऊंट एक सहारा रहा है। चंबल नदी के किनारे रहने वाले ऊंट पालकों पर आये दिन भारतीय वन अधिनियम और वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज होती रहती है। इसे ऊंटों की तादाद में भारी गिरावट





देखी जा रही है। ऊंट पालकों की भी आजीविका का सवाल लगातार पीछा करता रहा है। अगर चंबल में ऊंटों के मार्फत पर्यटन के रास्ते खुलते हैं तो ऊंटों की तादाद में और इजाफा हो सकेगा। तीन दिवसीय पंचनद कैम्पिंग फेस्टिवल में सैलानी ऊंट उत्सव का आनंद ले सकेंगे। सजे धजे ऊंट की सवारी फोटोग्राफी के शौकीन के लिए जहां चार चांद लगाएगी वहीं पलायन की मार से जूझ रहे बीहड़वासियों के लिए रोजगार के अवसर भी मुहैया कराएगी। चंबल में पर्यटन को बढ़ाने के मकसद से इस तीन दिवसीय सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन में सैलानी अपनी रूचि के अनुसार हिस्सेदारी कर सकेंगे। दरअसल दस्यु दलों के सफाए के बाद सैलानी यहां बिना रोक-टोक के अब पहुंच सकेंगे। आजादी से पहले और आजादी के बाद सरकारों की बेरुखी से जो ब्रांडिंग पंचनदा की होनी चाहिए थी वो नहीं की गई। लिहाजा पंचनदा का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि जितनी लोकप्रियता और ख्याति इस महासंगम मिलनी चाहिए थी वो नहीं मिल सकी। लंबे अरसे से पंचनदा सरकारी अनदेखी के कारण पंचनदा को देश का सबसे बड़ा पर्यटन हब नहीं बन पाया। अब अगर सरकारें नेकनीयती से पंचनदा और इसके आस-पास ठोस रणनीति बनाकर विकास के थमे पहिये को घुमाती हैं तो आने वाले दिनों में पंचनद घाटी विश्व पर्यटन मानचित्र पर चमक सकती है। पांच नदियों के संगम पर तीन दिवसीय 'पंचनद कैम्पिंग फेस्टिवल' की तैयारी को लेकर जिला पर्यटन अधिकारी इटावा, जिलाधिकारी औरैया, झूमके और चंबल विद्यापीठ के पदाधिकारियों की बैठक बीते 21 अप्रैल की शाम हो चुकी है। आयोजन को सफल बनाने के लिए अभी से आयोजन समिति से जुड़े लोग अपने हिस्से की तैयारी में लगे हुए हैं।

# अब 21 मई को होगा लोक अदालत का आयोजन

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेनू यादव ने बताया कि पूर्व में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली निर्देशानुसार 13 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु नगरीय निकाय चुनाव हेतु अधिसूचना एवं तत्क्रम में राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज कुमार पंचायत एवं नगरीय निकाय, उप्र द्वारा निर्गत पत्र के आलोक में 13 मई के स्थान पर अब 21 मई रविवार को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन का निर्णय कार्यपालक अध्यक्ष, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लिया गया है। उन्होंने ने बताया कि पूर्व निर्धारित प्रकृति के वह सभी मामले जिनमें सुलह-समझौता अनुमन्य है। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अंगीकृत व निस्तारित किये जायेंगे। जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर अथवा लघु शमनीय आपराधिक मामले भी निस्तारित कराये जा सकते है।

# जन अधिकार पार्टी ने निर्दलीय कैलाशी को दिया अपना समर्थन

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

जन अधिकार पार्टी ने निर्दलीय प्रत्याशी कैलाशी गुलाब जाटव के पक्ष में समर्थन दिया। कैलाशी गुलाब जाटव के पति पूर्व में भी पालिकाध्यक्ष रह चुके हैं। नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर कैलाशी गुलाब जाटव के पति गुलाब सिंह जाटव पूर्व में नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर आसीन हो चुके हैं। उनके चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर पहुंचे जन अधिकार पार्टी के जिलाध्यक्ष मूलशरण कुशवाहा ने कहा कि पार्टी राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्णय पर वह घोषणा करते हैं कि जन अधिकार पार्टी चुनाव में उनका समर्थन करेगी।

पार्टी का निर्णय था कि जहां विकासवादी सोच रखने वाले प्रत्याशियों को समर्थन दिया जाए। पूर्व पालिकाध्यक्ष गुलाब सिंह जाटव के विकास कार्यों को देखकर पार्टी ने उन्हें अपना समर्थन देने की घोषणा की है।

वहीं, गुलाब सिंह ने भी विश्वास दिलाया कि यदि उनकी पत्नी को जीत मिलती है तो नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। इस मौके पर मोहन सिंह कुशवाहा, एड. बृजमोहन कुशवाहा, तिलक सिंह जाटव, इरशाद मेंबर, रमाकांत निरंजन, इमरान अंसारी, सरताज खान, सोमिल याज्ञिक, लालजी गुप्ता, मोंटी सोनी, मोंटी मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा में शामिल हुए संजीव गुप्ता टिंचू

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता संजीव गुप्ता उर्फ टिंचू को कमलेश मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सीतापुर सांसद राजेश वर्मा कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा चुनाव प्रभारी मंत्री आशीष राज निर्मल के समक्ष भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई गई और उन्होंने मंत्री तथा सांसद को पुष्प गुच्छ एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। राजेश वर्मा सांसद ने कहा कि संजीव गुप्ता टिंचू के सम्मिलित होने पर भाजपा को नगर निकाय चुनाव में भरपूर समर्थन मिलेगा संजीव गुप्ता टिंचू पिछले नगर निकाय चुनाव में 12000 मत निर्दलीय के रूप में हासिल किया था उनका समर्थन नेहा अवस्थी को मिलेगा और सीतापुर नगर पालिका की सीट पर इस बार कमल खिलेगा जिस कार्यक्रम का संचालन विश्राम सागर राठौर के द्वारा किया गया वही भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कहा काफी दिनों से चर्चा चल रही थी कि संजीव गुप्ता भाजपा में शामिल होने वाले हैं लेकिन कुछ अटकलों को लेकर काफी समय से शामिल नहीं हो पा रहे थे। नगर निकाय का टिकट मुनेंद्र अवस्थी की पुत्रवधू को मिला जिसके लिए संजीव गुप्ता ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया और उनके समर्थन में आ गए चुनाव की घड़ियां नजदीक आ रही थी और इधर-उधर की बातों में ना पड़ कर संजीव गुप्ता ने एक अहम फैसला लिया और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। जिनके साथ हजारों लोगों का जनसैलाब उनके निज निवास टाउन हॉल से होता हुआ आंख अस्पताल पहुंचा और गाजे-बाजे तथा नारों के साथ मुख्य मार्ग पर निकलता हुआ जनसैलाब उत्सव गेस्ट हाउस पहुंचा और जहां पर आशीष शास्त्री पंडित के द्वारा मंत्र उच्चारण किया गया और उनका स्वागत मुनेंद्र अवस्थी ने अंग वस्त्र तथा माला पहनाकर स्वागत किया जिसके पश्चात एक नगर निकाय की चुनावी जनसभा आयोजित की गई जिसमें आए हुए मंत्री सांसद एवं अन्य पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि संजीव गुप्ता टिंचू के आने से नगर निकाय की सीट पर कमल खिलेगा मंच पर नीरज वर्मा संजय मिश्रा पूर्व जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता राकेश शुक्ला जया सिंह कंचन प्रभा पांडे गोविंद भारती आदि लोगों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए।

# मोईन मुखिया के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

**बिसवां सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद बिसवां से अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशी मोईन मुखिया के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्र कुमार सिंह तोमर व अनिल मिश्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम में मोईन मुखिया ने आये हुए अतिथियों व कार्यकर्ताओं को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंद्र कुमार तोमर ने कहा कि मोईन मुखिया के अध्यक्ष बनने से बिसवां का सर्वांगीण विकास होगा और युवाओं को एक नई दिशा मिलेगी। शायर कफील बिस्वानी ने अपनी शायरी से कार्यकर्ताओ से मोईन मुखिया को जिताने की अपील की।उन्होंने शायरी करते हुए पढ़ा कि सब्र करो तुम मत घबराओ उनको हश्र उठाने दो। दिल को राहत मिल जायेगी।जीत के इनको आने दो।ये तो बस वही जाने कौन किस से बेहतर है। पर मेरी निगाहों में तुमसे कौन बेहतर है।इसके उपरांत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी मोईन मुखिया ने अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बिसवां नगर पालिका में पिछले 15 वर्षों में सिर्फ भ्रष्टाचार हुआ है।बिसवां का विकास नही हुआ है। मैं जनता के कहने पर चुनाव लड़ रहा हूँ।उन्होंने कहा कि मेरा हर एक कार्यकर्ता मोईन मुखिया बनकर चुनाव लड़े तभी हमारी जीत होगी। इस अवसर पर अनिल मिश्रा, नूर नेता,चंद्र कुमार सिंह तोमर, रिंकल जोशी, हसीब अंसारी, असलम मोहंती, सलमान घोसी, सत्तार, नबी हसन, हाजी इसरार खान, सद्दाम, इकराम अंसारी, बरकत अली, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्त्ता व समर्थक मौजूद थे।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली निविदा
खुली ई–निविदा सूचना संख्याः Sr.DEE-TRD-BSB-2023-24-T04 दि. 24.04.2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई– निविदा आमंत्रित करते हैः– क्र.सं. (01). कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में ब.रे.का (बनारस स्टेशन) के पास FCI लाइन का 25 केवी विद्युतीकरण कार्य। टेंडर रिफरेंश नं. Sr.DEE-TRD-BSB-2023-24-T04, कार्य का अनुमानित लागत रूपया में : ₹ 11630736.15 धरोहर राशि रूपया में : ₹ 208200/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपया मेंः शून्य, निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 16.05.2023 up to 15.00 Hrs., कार्य पूरा करने की अवधि : 04 माह। खुली ई–निविदा दिनांक 16.05.2023 को 15.00 बजे तक जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, मुजाधि/विद्युत- 22 पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

# पुलिस के हत्थे चढ़े पेशेवर चार तस्कर

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



लोनी कटरा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले चार पेशेवर लोगों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता अर्जित की है। पकड़े गए सभी आरोपियों को पुलिस ने वैधानिक कानूनी कार्यवाही के बाद जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलिजेंस के आधार पर थाना क्षेत्र के दहिला गांव मोड़ के पास से आज बुधवार को 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें कौशिक मिश्रा पुत्र संजय मिश्र निवासी चंदी खेड़ा, सत्यम राजपूत निवासी नरेंद्रपुर मदरहा, दिनेश सिंह पुत्र श्याम बहादुर निवासी फिरोजाबाद व इंद्र बहादुर उर्फ अंशु सिंह निवासी हसनपुर सभी अभियुक्त लोनी कटरा थाना के शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपियों के पास 19 किलो 9 सौ ग्राम अवैध गांजा, एक अदद मोटरसाइकिल व तीन मोबाइल सेट बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि कौशिक मिश्र गिरोह का सरगना है, जो अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले लगभग डेढ़ वर्षों से लखनऊ बाराबंकी जनपदों में गांजा की सप्लाई करता था। अवैध गांजा छत्तीसगढ़ व अन्य प्रांतों से मंगवाता था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक श्री त्रिपाठी के अलावा अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार वर्मा, उप निरीक्षक राकेश कुमार, कांस्टेबल एजाज अहमद, गौतम सिंह , शिव मोहन, प्रिंस कुमार व चालक कांस्टेबल नीतीश कुमार शामिल रहे। पुलिस ने पकड़े गए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है।

# सपा नेताओं ने किया मेधावियों को सम्मानित

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज़**

बुधवार को समाजवादी पार्टी में मंत्री रहे तेज नारायण पांडेय पवन व महापौर पद प्रत्याशी आशीष पांडेय दीपू ने हजरत मुफ्ती मोइनुद्दीन साहब की बेटी मिस्कत नूर के यूपी बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में 97.83त्न अंक के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर उनके आवास पहुंचकर उन्हें सम्मानित कर उज्वल भविष्य की शुभकामना दी।इसी क्रम में उन्होंने ओ.पी.एस अकादमी के छात्र अंशित दुबे ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 97.50त्न अंक के साथ प्रदेशभर में चौथा स्थान हासिल करने पर उनके घर पहुंचकर अंशित एवं उनके माता पिता को सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया कि इस मौके पर महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम,मो अपील बब्लू,सिराजुल हक़,शाहबाज लकी,मो इकराम,राशिद सलीम घोसी, मौजूद रहे।

## हिरन को देखने जुटी भीड़

**त्रिवेदीगंज बाराबंकी।** लोनी कटरा थाना क्षेत्र के सरांय पांडे गांव में आज बुधवार दोपहर गांव के बीच बने तालाब में एक हिरण मिलने से बडी संख्या में लोग उसे देखने मौके पर पहुंच गए क्या करूं ग्रामीण उसे तत्काल पानी से बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। उसके बाद इसकी सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम उसे अपने कब्जे में ले लिया। बाद में उसे वाहन से वन विभाग की टीम लेकर चली गई।

## 13 की जगह अब 21 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**बाराबंकी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार दिनांक-13.05.2023 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत उत्तर प्रदेश में नगरीय चुनाव होने के कारण दिनांक-21.05.2023 को श्री रवीन्द्र नाथ दुबे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी की अध्यक्षता में सिविल कोर्ट, परिसर में आयोजित की जायेगी। श्रीमती नाजनीन बानो अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाराबंकी द्वारा बताया गया कि जिन वादकारियों को दिनांक-13.05.2023 से सम्बन्धित नोटिस प्राप्त हुयी है, वह वादकारी दिनांक-13.05.2023 के स्थान पर दिनांक-21.05.2023 को राष्ट्रीय लोक अदालत में अपने मुकदमों का सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारण कराने हेतु सिविल कोर्ट, परिसर, बाराबंकी में उपस्थित होंगे।

## बिना रिकार्ड के दो लाख नकदी मिलने पर की जाएगी विधिक कार्यवाही

**बाराबंकी।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) द्वारा बताया गया कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के समय यदि किसी व्यक्ति के कब्जे में रूपया 2 लाख से अधिक नकदी पाई जाती है, तो उसका कोई भी अभिलेख नहीं प्रस्तुत किया जाता है, और संदेह का पर्याप्त आधार है कि इसका उपयोग मतदाताओं को रिश्वत देने में किया जा सकता है, तो उस धनराशि को जब्त कर लिया जायेगा और संबंधित प्रावधानों के अधीन कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही की सूचना आयकर विभाग को भी दी जायेगी। उन्होने जनपद बाराबंकी के समस्त नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की अवधि के दौरान निर्धारित मात्रा से अधिक नकदी के साथ संचरण न करें। यदि किसी निर्वाचन क्षेत्र में किसी व्यक्ति को किसी आवश्यक उद्देश्य से निर्धारित मात्रा से अधिक नकदी ले जाने की आवश्यकता पड़ती है।

## पूरे देश के किसानों की आवाज है बादल

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने देश के गौरवशाली किसान जननेता पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री,पूर्व केंद्रीय कृषिमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।श्री श्रीवास्तव ने अपनी शोक संवेदना में कहा कि श्री बादल सिर्फ पंजाब के नहीं बल्कि पूरे देश के किसानों की आवाज थे।वह पांच बार पंजाब के मुख्यमन्त्री रहे हैं। किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने अपने प्रधानमंत्री काल में श्री बादल को देश का कृषि मंत्री बनाया था।श्री बादल अकाली दल के महान नेता थे।देश के किसानों ने अपना प्रिय नेता खो दिया है।

## पूर्व मंत्री के नेतृत्व में हुआ सघन जनसंपर्क

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी महानगर कमेटी ने बुधवार को पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन के नेतृत्व में अयोध्या नगर निगम के क्षेत्र के लक्ष्मण घाट वार्ड, देवकाली वार्ड,रामकोट वार्ड में सघन जनसंपर्क किया।इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री पांडेय ने कहा कि आज जनता इस तानाशाही सरकार से ऊब चुकी है और अयोध्या नगर निगम में इनके पांच साल के कार्यकाल को भी देख चुकी है कि आज जनता के ऊपर कितना टैक्स थोपा जा चुका है। महानगर प्रवक्ता एडवोकेट राकेश यादव ने बताया पूर्व मंत्री के साथ जनसंपर्क में मेयर प्रत्याशी डॉ आशीष पांडेय दीपू,महानगर महासचिव हामिद जाफर मीसम,पूर्व प्रदेश सचिव मोहम्मद हलीम पप्पू,चौधरी बलराम यादव,मोहम्मद अपील बबलू,शक्ति जयसवाल महंत कर तालिया आश्रम महेंद्र शुक्ला, अखिलेश पांडेय,प्रदीप चौबे, दुर्गेश वर्मा,पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिवार को बंधक बनाकर 37 हजार की हुई लूट,क्षेत्र में दहशत का माहौल

**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात मकान के दूसरे मंजिल पर सो रहे परिजनों को बंधक बनाकर चोर 37 हजार की नगदी समेत सोने चांदी के कीमती आभूषण उठा ले गए। चोरी की इस बड़ी वारदात से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। घटना थाना क्षेत्र के सरवनपुर मजरे मोतिकपुर गांव की है। यहां के निवासी कन्हैयालाल मौर्य बीती रात भोजन कर अपने परिवार के साथ मकान के दूसरे मंजिल पर बने कमरे में सोने गया था। रात में पीछे से चोर मकान के दूसरे मंजिल पर चढ़ गए और नीचे उतर आए ।जिस कमरे में कन्हैयालाल और उसका परिवार सो रहा था चोरों ने उसे बाहर से बंद कर दिया और बगल वाले कमरे का ताला तोड़कर आलमारी में रखा सोने का हार झुमका माला अंगूठी टॉप्स और चांदी की पायल बिछिया आदि कीमती आभूषणों समेत करीब सैंतीस हजार की नगदी उठा ले गए।

## दनियालपुर में धूमधाम से मनाई गई डॉ आंबेडकर की जयंती

**बाराबंकी।** दनियालपुर गांव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि सदर विधायक धर्मराज सिंह उर्फ सुरेश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यहां पर उपस्थित सभी माताएं और बहनो बड़े बुजुर्ग तहे दिल से स्वागत करता हूं कि आप लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती में आए जिसके लिए आप लोगों को बहुत-बहुत धन्यवाद और मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं कि बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चले अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा जरूर दिलाएं नहीं तो यह फिरकापरस्त सरकार आपके बच्चों के आपके अधिकारों को छीनने का काम कर रही है इसीलिए मैं आप लोगों से कहना चाहता हूं की एक रोटी कम खाए वह चलेगा लेकिन अपने बच्चों के भविष्य के लिए अच्छी शिक्षा जरूर दें।

# बच्चों के दांतों के बारे जागरूक रहे अभिभावक : डॉ आशीष

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



बच्चों के दाँतो के बारे मे ज्यादा जागरूक रहे अभिवाक- उक्त बाते डाक्टर आशीष प्रताप मल्ल (लेक्चरर पूर्वांचल इंस्टीटयूट आफ डेंटल साइंस गोरखपुर व सीईओ मिशन पायरिया मुक्त अभियान) ने यूरो किड्स प्री स्कूल, ग्रीन सिटी गोरखनाथ गोरखपुर मे मिशन पायरिया मुक्त अभियान के तहत निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर मे कहा। डाक्टर आशीष प्रताप मल्ल ने ये भी बताया कि शहरी जीवनशैली में अधिकतर बच्चे डिब्बा बंद व फास्ट फूड पर जोर देते हैं जो उनके मौखिक स्वच्छता व स्वस्थ्य पर बुरा असर पड़ता है असमय दाँतो मे बीमारी हो सकती हैं। बच्चों के अभिवाको को ध्यान देते रहना कि बच्चे ठीक ढंग से टूथब्रश व कुल्ला कर रहे कि नहीं। शिविर की अध्यक्षता निदेशक अंकित दुबे जी ने करते हुए कहा कि आज के समय मे दन्त चिकित्सा का आधुनिकीकरण से इलाज मे सुगमता है साथ ही मौखिक स्वच्छता पर मिशन पायरिया मुक्त अभियान व चिकित्सकों व पूरे स्टाफ को धन्यवाद दिया। शिविर मे डाक्टर आशीष ने टेढ़े मेढ़े दाँतो के उपचार के बारों में भी लोगों को बताया। शिविर में लगभग 85 लोगों का निशुल्क जाँच, सलाह व टूथपेस्ट दिया गया।

इस अवसर पर संदीप कुमार फार्मासिसट सिटी डेंटल हॉस्पिटल एण्ड इम्प्लांट सेन्टर सहजनवॉ, नितिन कुमार डेंटल हाइजिनषट, गगन सिंह, शिवम श्रीवास्तव मेडिकल रिपंरजेटिव इंडिगो रेमेडीज व विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

# मारपीट मामले में किशोर की इलाज के दौरान हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



नगर पंचायत सुबेहा के हवेली वार्ड में बीते 4 दिन पूर्व मवेशी के चारा खाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में एक 15 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान बुधवार सुबह एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने घटना में शामिल आरोपियों के खिलाफ दर्ज मुकदमे मेंअतिरिक्त धाराओं की बढ़ोतरी करते हुए आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है। उल्लेखनीय हो कि बीते रविवार को जानवरों के चारा खाने को लेकर श्याम लाल व अमरनाथ के बीच जमकर लाठी-डंडे चले थे । जिसमें दोनों पक्ष से 25 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिसमें से करीब आधा दर्जन लोगों को पुलिस अब तक जेल भी भेज चुकी है। मृतक के बाबा रामकिशोर का आरोप है अमरनाथ अपनी गाय छोड़ रखे थे, जो दरवाजे पर रखा हम लोगों का भूसा खा रही थी मना करने पर अमरनाथ हम लोगों से उलझ गए। इसके बाद उन्होंने राजेश राजाराम अरुण कुमार उनके बहनोई व परिवार के अन्य सदस्यो ने मारपीट शुरू कर दी मारपीट में खिरोधन के पुत्र विनय कुमार को गंभीर चोटे आई थी, जिसे जिला अस्पताल रेफर किया गया था। बाद में उसका एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था जिसकी बुधवार सुबह मौत हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थाना प्रभारी का कहना है घटना के मामले में कई लोग जेल जा चुके हैं एक आरोपी को आज भी गिरफ्तार किया गया है बाकी की तलाश की जा रही है जल्द ही अन्य आरोपियों को भी पकड़ लिया जाएगा।

# रामचंद्र यादव कॉलेज के बच्चों ने लहराया परचम

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**




उत्तर प्रदेश बोर्ड ने हाई स्कूल/इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणाम में राम चंद्र कॉलेज के हाई स्कूल में शत प्रतिशत और इंटर में 97.6 विद्यार्थी उत्तीर्ण है। हाई स्कूल में गुलनाज अख्तरी 93.2 , रनध्या 92 और स्मृति यादव 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।इंटर मानविकी में अलंकृता यादव 87 प्रतिशत,अनीशा 83 तथा इंटर विज्ञान वर्ग में अमन 83 और नेहा 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। हाई स्कूल में 88 प्रतिशत से ज्यादा कुल 18 और इंटर में 82 प्रतिशत से ज्यादा 14 बच्चो ने अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रबंधक और स्वावलंबी इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिक्षाविद छत्रधारी यादव ने सभी मेधावी बच्चों को बधाई दिया है।विद्यालय के प्राचार्य राम उग्रह यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दिया और समारोह पूर्वक सम्मानित करेंगे।

# शहर की हर समस्या को दूर करेंगे, रखेंगे सबका ख्याल : शीला सिंह

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



हर गली मोहल्ले की मूल समस्या को समझ कर ही आपके लिए योजनाएं बनेगी, मौजूदा समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। आप सब की मूलभूत जरूरतों को पूरा करना ही मेरा प्रथम लक्ष्य होगा, इस लक्ष्य को मूर्त रूप देने में मैं अपनी पूरी सामर्थ लगा दूंगी।

उक्त कथन समाजवादी पार्टी द्वारा नगर पालिका परिषद नवाबगंज के अध्यक्ष पद के लिए घोषित प्रत्याशी श्रीमती शीला सिंह वर्मा ने आज अपने जनसंपर्क की शुरुआत लाजपत नगर स्थित गुरुद्वारे में पहुंचकर गुरु महाराज के सामने मत्था टेकने कर आशीर्वाद लेने के उपरांत, लाजपत नगर, बेगमगंज, रामनगर बाग एवं मखदुमपुर आदि विभिन्न वार्ड में रहने वाले मतदाताओं के घर घर पहुंच कर वार्ड के निवासियों से वोट और समर्थन की अपील करते हुए कहीं, शीला सिंह ने मतदाताओं से आग्रह करते हुए बताया कि वह नगर को किस तरह से स्वच्छ सुंदर और विकसित करेंगी इस की पूरी रूपरेखा मतदाताओं के सम्मुख रखी,सभी मोहल्ले वासियों को स्वच्छ नाली सड़कें एवं स्वच्छ पेयजल के साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर माताओं बहनों के लिए सुलभ शौचालय का निर्माण जैसी महत्वपूर्ण जरूरतों को तत्काल प्रभाव से पूरा करेंगी।

## पृथ्वी को बचाने के लिए निरंतर प्रयास जरूरी- डॉ बलराम वर्मा

**बाराबंकी।** पृथ्वी को बचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाने की आवश्यकता है यह विचार वीणा सुधाकर ओझा महाविद्यालय मसौली में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम में डॉश बलराम वर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित चित्रकला, पोस्टर एवं निबंध तथा भाषण प्रतियोगिताओं का भी आयोजन सेवा योजना कार्यक्रम के अधिकारी गुलाम नबी व वंदना ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षिक समन्वयक दिनेश सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जल, वृक्ष तथा पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाए जाने पर विचार व्यक्त किए।

# आईजीएल परिवार की तरफ से निःशुल्क डायग्नोस्टिक जांच शिविर का हुआ आयोजन




**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल के मार्गदर्शन में तथा एम फाइन पैथोलाजी के सहयोग से निशुल्क जांच शिविर का आयोजन आईजीएल परिसर में किया गया। एस के शुक्ल के निर्देश पर परिसर में एम फाइन पैथोलाजी सेंटर द्वारा लगाए गए जांच शिविर में श्रमिको एवं अधिकारियो का लिपीड प्रोफ़ाइल, डाइबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन, क्रिएटिनिन, हार्ट, गुर्दा की निःशुल्क जांच की गई। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय के साथ जगदीश चंद धाकड़ रहे, और शिविर की अध्यक्षता वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसम्पर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में 52 लोगो की स्वास्थ्य सबंधित सभी परिक्षण हुए और सभी स्वस्थ पाए गए। एस के शुक्ल ने बताया की जिस तेजी से आज युवाओं में हाई ब्लड प्रेशर, छाती में भारीपन, सांस फूलना,शुगर,हार्ट अटैक जैसी बीमारिया तेजी से बढ़ रही है जो को चिंता का विषय है,इसलिए हम सब को अपने खानपान एवं दिनचर्या को संयमित करते हुए,नियमित योग साधना को भी जीवन में अपनाना होगा। इसके साथ ही उन्होंने अपने पूर्व के संकल्प को दोहराते हुए कहा की हम सब को मिलकर लड़ना होगा और प्रदेश व देश को बीमारियों से मुक्त करना होगा क्युकी स्वस्थ मस्तिष्क में ही स्वच्छ विचारो की उत्पति होती है। और स्वच्छ विचारो से ही हम सब मिलकर मुख्यमंत्री जी के सपने को साकार कर पाएंगे। डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने कहा कि बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में आईजीएल अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए निरंतर ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर आयोजित कर लोगों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रही हैं। डॉ कमलेश सिंह के देख रेख में यह शिविर लगाया गया था,और एम फाइन पैथोलोजी के तरफ से चंद कुमार त्रिपाठी , राहुल पांडेय ,शुशांत, शिवम् इत्यादि उपस्थित रहे , डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगो के नाम, डीजीएम शैलेश चंद यादव, आषीश गुप्ता, विष्णु पांडेय, अनिरुद्ध सिंह, सहायक प्रबंधक प्रशासन, अखिलेश कुमार, संदीप त्रिपाठी, शब्बीर अहमद, रजनीकांत पांडेय, सुजस राय, सुरेंद्र पूरी, सीपी सिंह, केएल चौहान, आनंद पांडेय इत्यादि।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन अब 21 मई को

**अंबेडकरनगर, समृद्धि न्यूज़**



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशों के क्रम में जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष पदम नारायण मिश्र के निर्देशानुसार आगामी 13 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि राज्य निर्वाचन आयुक्त पंचायत एवं नगरीय निकाय द्वारा जारी अधिसूचना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के दृष्टिगत माननीय कार्यपालक अध्यक्ष महोदया उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार परिवर्तित करते हुए अब आगामी 21 मई को नियत की गई है।यह जानकारी विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी अधिनियम व राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी रत्नेश मणि त्रिपाठी ने दी।उन्होंने जिले के आम जनमानस से आगामी 21 मई को जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौता के माध्यम से अपने वादों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित कराने तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# देवकली ने मदरहा को 9 विकेट से हराकर अगले दौर में किया प्रवेश

**गोला गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**

गोला विकास खण्ड के नेवाइजपार गाँव जय माता दी ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन का पहला मैच देवकली व मदरहां के बीच खेला गया।जिसमें देवकली ने मदरहां को 9 विकेट से हराया।बुधवार को प्रारम्भ हुए मैच में ने मदरहां ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।निर्धारित 8 ओवर मे 6 विकेट खोकर 85 रन बनाई पाई।जवाब में उतरी देवकली की टीम ने 6 ओवर 5गेंद में 2 विकेट खोकर जीत हासील की। जिसमें सर्वाधिक रन समरजीत यादव 26 रन की पारी खेली और विक्रम यादव ने 20 रन की पारी खेली।मैन आफ द मैच का पुरस्कार विक्रम यादव को दिया गया।इसके पूर्व मैच का शुभारम्भ मुख्य अतिथि बालचन्द्र सोनकर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि खेल हार -जीत का दो पहलू है खेल का मैदान भाई चारा को बढ़ावा देता है।आयोजन अभय दुबे आयुष दुबे प्रिंस दुबे अनिल दुबे विवेक शुभम राहुल विक्की कृष्णा विकास निहाल सन्नी श्रेयांस कुंदन चंदन निर्णायक सूरज चौरसिया निलेश उद्घोषक अमलेश चौरसिया और शुभम स्कोरर- चमन सहित दर्शकगण मौजूद रहे।

# शगुन गुप्ता के घर दूसरे दिन भी बधाई देने वालो का सिलसिला जारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**



हाईस्कूल परीक्षा में जनपद में चौथे नंबर की टॉपर शगुन गुप्ता के घर दूसरे दिन भी बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ। बुधवार को चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय के प्राचार्य गया प्रसाद दुबे ने अपने सहयोगियों के साथ शगुन गुप्ता के घर पहुंच कर उसे उपहार भेंट करके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी प्राचार्य ने कहा ग्रामीण अंचल से निकलने वाली ऐसी मेधाओं का उत्साहवर्धन करने के लिए विद्यालय परिवार द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया जा रहा।यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में अधिकतम अंको के साथ क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाली बेटी शगुन गुप्ता पुत्री अर्जुन गुप्ता ने 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है।

# अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ कुल शरीफ बांसा शरीफ का मेला

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

गंगा-जमुनी एकता के प्रतीक सुप्रसिद्ध सूफी -सन्त सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह बांसा शरीफ की मजार शरीफ पर ईद के दिन से चल रहे 8 दिवसीय सालाना मेले में बुधवार को शान-शौक़त एव अक़ीदत के साथ कुल शरीफ सम्पन्न हुआ जिसमें फिरंगी महल के ओलेमा इकराम सहित पूरे देश से आये हजारो जायरीनों ने भाग लिया औऱ दुआए मांगी। उल्लेखनीय हो कि सरकार-ए-बांसा शरीफ सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह का कुल शरीफ परम्परागत रीतिरिवाज के अनुसार 5 शव्वाल को सज्जादा नशीन सैय्यद मुहम्मद उमर जिलानी के आवास पर बाद नमाज अस्त्र के सैय्यद साहब की टोपी,तसव्वी, कस कौल की जियारत दूर दराज से आये जायरीनों को करायी गयी था बाद नमाज मग़रिब के खानकाह रज्जाकिया में कारी अब्दुल रहीम की तिलावते कुरान शरीफ के साथ कुल शरीफ शुरू हुआ ।जिसमें लखनऊ स्थित फ़िरंगी महल से आये ओलेमा इकराम के साथ तमाम लोगों ने भाग लिया। कुल शरीफ के बाद शीरनी का वितरण किया गया तथा सज्जादा नशीन के आवास पर लंगर का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों ने लंगर में खाना खाया। दरगाह शरीफ पर चल रहे सालाना उर्स मे आये जायरीनो के लिए मेला कमेटी द्वारा निशुल्क प्याऊ लगाकर पानी पिलाया गया।

## अब 21 मई को आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**अयोध्या।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में आगामी 13 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अब आगामी 21 मई को जनपद न्यायालय में आयोजित की जाएगी।राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन की इस तिथि को उत्तर प्रदेश नगरीय निकाय चुनाव की अधिसूचना को ध्यान में रखते हुए परिवर्तित किया गया है जिसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।बुधवार को यह जानकारी अपर जिला जज व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव ने दी।श्री यादव ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जा सकता है।राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रिलिटीगेशन स्तर के विवाद में धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट), बैंक वसूली वाद,श्रम विवाद वाद, विद्युत एंव जलवाद बिल (अशमनीय छोड़ कर), अन्य आपराधिक शमनीय,पारिवारिक एंव अन्य व्यवहार वाद, न्यायालय में लम्बित वाद(जो नेशनल जुडीशियल डाटा ग्रिड पर प्रदर्शित हो),आपराधिक शमनीय वाद,धारा 138 पराक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट),बैंक वसूली वाद,मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाऐ, श्रम विवाद वाद,विद्युत एंव जलवाद बिल ( अशमनीय छोड़ कर), पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, सर्विस मैटर से संबंन्धित वेतन,भत्ता और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले।

# हास्य कवि प्रदीप महाजन ने बढ़ाया जिले का मान



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

प्रसिद्ध हास्य कवि प्रदीप महाजन ने देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई में राष्ट्रीय चैनल शेमारू टीवी पर राष्ट्र के ख्याति प्राप्त अभिनेता व कुशल कवि शैलेश लोढ़ा के साथ वाह भाई वाह प्रोग्राम में अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर जिले का नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि दिसम्बर 2022 में प्रदीप महाजन शेमारू टीवी के बहुचर्चित कार्यक्रम वाह भाई वाह में काव्य पाठ कर चुके हैं, जिसमें दो एपिसोड की रिकार्डिंग हुई थी और जिनका प्रसारण हो चुका है। श्रोताओं की माँग पर पुनः शेमारू टीवी पर प्रदीप महाजन ने दो एपिसोड में प्रतिभाग किया है जिनका प्रसारण शीघ्र ही होगा। प्रदीप महाजन बताते हैं कि आलोचनाओं को चुनौती मानकर उनसे जीतने की पूर्ण कोशिश आवश्यक है। कड़ी मेहनत जब सफलता के द्वार खोलती है तो आलोचक आपके प्रशंसक बन जाते हैं, इसलिए चुनौतियों से लड़ना सीखो। गौरतलब है कि जनपद के ग्राम रौनी विकासखंड त्रिवेदीगंज निवासी प्रदीप महाजन परिचय के मोहताज नहीं हैं।


**कार्यालय ग्रा0पं0 नगला खेम रैंगाई वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0**

पत्रांकः मीमो /राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा कार्य/ 2023-24 दिनांक 26/04/2023

**निर्माण सामिग्री आपूर्ति हेतु अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नगला खेम रैंगाई विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 27/04/2023 से 03/05/2023 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03/05/2023 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 27/04/2023 से 03/05/2023 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | पू0मा0 विद्यालय नौसारा में गेट व विन्डो लगाने का कार्य | राज्य वित्त/15वां वित्त /मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 3.36 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्तेः-** ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (नरसिंह ) सचिव ( नीरु दीक्षित)**

**ग्राम पंचायत नगला खेम रैंगाई, विकास खण्ड कमालगंज, फर्रुखाबाद।**

# पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में राजकीय बालिका इण्टर कालेज में आयोजित हुआ पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम




विद्यालय प्रांगण में माला पहना कर पुलिस अधीक्षक का स्वागत करती गाइड की छात्रा — समृद्धि न्यूज

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**मुख्यालय** के राजकीय बालिका इण्टर कालेज में आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद रही। पुलिस अधीक्षक द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस की कार्यशैली के बारे में क्रमवार जानकारी देकर छात्राओं से बेझिझक किसी भी परेशानी पर पुलिस से मदद मांगने के लिये प्रेरि्त किया, उन्होने छात्राओं को आपात कालीन नम्बर 112, वूमेन पावर लाइन 1090 में शिकायत के तरीकों को बताया कि किसी भी इमरजेंसी में अपने मोबाइर से 112 डायल करें, तत्काल पुलिस टीम आपके पास पहुंच जायेगी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता द्वारा छात्राओं को जागरुक करते हुये बताया गया कि फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम समेत किसी भी सोशल साइट का उपयोग सावधानी पूर्वक करें, इस दौरान छात्राओं को यातायात नियमों का पालन करने की भी सलाह दी गयी। पुलिस अधीक्षक ने अपने वक्तव्य में कहा कि पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं से बात करने का अवसर मिला, बच्चे ही देश का भविष्य है जिसके लिए उनको बेहतर शिक्षा और मार्गदर्शन मिलना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाली सभी छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए निर्धन छात्राओं की आर्थिक मदद की। अंत में प्रधानाचार्या ने विद्यालय आकर छात्राओं का हौसला बढ़ाने के लिए पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सीओ सदर रामप्रवेश राय सहित विद्यालय की समस्त अध्यापिकाएं एवं छात्राएं मौजूद रहीं।

# अंशुल ने बोर्ड परीक्षा में कालेज के नाम रोशन किया

**बकेवर/इटावा। समृद्धि न्यूज**



**एमबीएस** इंटर कॉलेज हराजपुर में अंशुल सैनी ने बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने माता पिता और इंटर कालेज का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर कॉलेज के डायरेक्टर नितिन उपाध्याय ने अंशुल सैनी की प्रशंसा करते हुए अंशुल के पिता विवेक सैनी को अंग वस्त्र भेट की और इस सफलता का श्रेय उनको दिया और बताया सैनी जी ने दिन रात मेहनत कर अपनी दैनिक जरूरतों को दरकिनार रखते हुए बच्चो की शिक्षा को सर्वोच्च रखते हुए अच्छी शिक्षा प्रदान करवाई नितिन उपाध्याय ने कहा बच्चो के पहले गुरु उनके माता पिता और दूसरे अध्यापक होते हैं साथ ही ये भी बताया की एम बी एस इंटर कॉलेज का परीक्षाफल सौ प्रतिशत रहा और बताया कि जल्द ही हमारे इंटर कॉलेज में एग्रीकल्चर के एडमिशन शुरू किए जाएँगे और इटावा ज़िले में नहीं लगभग 8 जिलो में पहला प्राइवेट एग्रीकल्चर इंटर कॉलेज होगा अब बच्चों को दूसरे राज्यो में भटकने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी।

# किराना की दुकान में आग लगने से लाखों की संपत्ति खाक

**महोबा। समृद्धि न्यूज**



**गर्मी के** मौसम में आग की घटनाओं का सिलसिला जारी है। किराना दुकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से दुकान में रखी सामग्री जलकर खाक हो गई। आग के रौद्र हो रहे रूप से आस-पास आग भड़कने का खतरा मंडराने लगा । सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। दुकानदार ने गोलक में रखी 50 हजार की नकदी साहित 9 लाख रुपये के नुकसान होने की बात कही है।

श्रीनगर थाना क्षेत्र के गांव बिलखी निवासी देवेन्द्र गुप्ता शहर के डाक बंगला के पास रहता है। पीड़ित व्यापारी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पुराना प्राइवेट बस स्टैंड के पास उसकी किराना की दुकान है। मंगलवार को शाम दुकान बंद कर घर चला गया। रात्रि में पड़ोसियों ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि उसकी किराना की दुकान में आग लग गई। व्यापारी का कहना है कि आग से 50 हजार रुपये की नकदी सहित फ्रिज, बैट्री, पंखा, फर्नीचर जलकर खाक हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया है। सूचना पर राजस्व कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी ने बताया कि सूचना पर मौके पर तीन टेंडर भेजकर आग पर काबू पाया गया।

## बोर्ड परीक्षा में इस्लामिया गर्ल्स की छात्राओं का रहा दबदबा

**इटावा।** एचएमएस इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज का हाई स्कूल व इंटर मीडिएट का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। हाई स्कूल में उजला अंसारी और इंटर मीडिएट में महक ने प्रथम स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया। हाई स्कूल में 92 और इंटर में 75 छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एचएमएस इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज हाई स्कूल में 122 छात्राएं सम्मिलित हुई और सभी उत्तीर्ण रहीं। उजला अंसारी पुत्री मोहम्मद जलीस 540 अंक पाकर प्रथम, अलीशा खान पुत्री अफजाल खान 535 अंक पाकर दूसरे और अल्फा पुत्री मोहम्मद जाकिर 524 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहीं। इंटर मीडिएट में 118 छात्राएं सम्मिलित हुई। महक पुत्री मोहम्मद अंजुम 409 अंक पाकर प्रथम, मारिया नाज पुत्री मोहम्मद आरिफ 407 अंक पाकर दूसरे व अनमता पुत्री जमील 397 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रही।

# निकाय चुनाव में क्षय रोग जैसा स्वास्थ्य का मुद्दा चर्चा में

इटावा। जनपद में नगर निकाय चुनाव के लिए मतदान होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं। चुनाव में इस बार शहर की मूल समस्याओं के साथ क्षय रोग जैसा स्वास्थ्य का मुद्दा भी चर्चा में है। इस चुनाव में एक नया नारा भी गूंज रहा है कि मतदाता की है यही पुकार, क्षय मुक्त इटावा हो इस बार। जनता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश त्रिपाठी ने कहा कि क्षय रोग मुक्त इटावा बनाने के लिए विभिन्न मोहल्लों में स्वास्थ्य समिति गठित हो। इसमें टीबी सहित अन्य बीमारियों के सही इलाज के लिए मिलने वाली सुविधाओं के संदर्भ में लोगों को सही काउंसलिंग की जाए। इस चुनाव में उतरे जनप्रतिनिधि इस मुद्दे पर भी अपनी कार्य योजना को जनता के सामने रखें। पर्यावरणविद् राजीव चौहान का कहना है कि स्वस्थ जीवन के लिए बीमारियों से निजात मिलना आवश्यक है। इसलिए टीबी जैसी बीमारी को दूर करने के लिए टीबी से संक्रमित स्थानीय लोगों की जांच जल्द कराने व तुरंत इलाज शुरू करने के लिए जनप्रतिनिधियों को प्रतिबद्ध होना चाहिए।साहित्यकार व शिक्षक डॉ कुश चतुर्वेदी ने कहा कि जनपद को क्षय मुक्त बनाने के लिए इस बार चुनाव में उतरे जनप्रतिनिधियों को क्षय रोगियों के सहयोग के लिए निक्षय मित्र की अनिवार्य भूमिका के रूप में कार्य करना चाहिए। इससे क्षय रोगियों को बेहतर पोषण और उचित देखभाल मिल सके। टीबी एक ऐसी बीमारी है जो किसी को भी हो सकती है। एक संक्रमित व्यक्ति के खांसने या छींकने मात्र से पूरे परिवार व आस पड़ोस के स्वस्थ लोग भी संक्रमित हो सकते हैं। हालांकि इसका इलाज संभव है।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद महोबा का नाम रोशन करने वाले मेधावी बच्चों किया गया सम्मानित




**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जनपद महोबा का नाम रोशन करने वाले यूपी बोर्ड इण्टरमीडिएट की परीक्षा मे 1ह्यह्ल रैंक- शुभ चपरा (यू.पी. टॉपर) एवं 7ह्लद्ध रैंक पुष्पराज पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा आये, पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता द्वारा दोनों मेधावी बच्चों से भेंट कर पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मेधावी बच्चों का अभिवादन स्वीकार करते हुये बच्चों से वात्सल्य भाव से वार्ता कर उनके प्रश्नो का उत्तर दिया गया साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना कर बच्चों को मिष्ठान खिलाया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को अपनी शिक्षा के दौरान आयी हुयी कठिनाईयों एवं संघर्षो को बताते हुये उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये प्रेरित किया गया। इस दौरान मेधावी छात्रों के परिवारीजन, विद्यालय प्राचार्य सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी के ट्रेनिंग कैम्प में हज यात्रियों ने लिया प्रशिक्षण

**इटावा। समृद्धि न्यूज**




**अंजुमन-ए-हुसैनिया** की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज ट्रेनिंग कैंप 2023 का आयोजन स्वयंवर मैरिज होम में किया गया, हज ट्रेनर शारिक अलवी कानपुर ने लगभग 210 पुरुष महिला हज यात्रियों ने प्रशिक्षण दिया।

मास्टर हज ट्रेनर शारिक अलवी कानपुर ने कैम्प में इटावा, औरैया, मैनपुरी, फिरोजाबाद, कन्नौज, उरई जालौन, लखनऊ, फर्रुखाबाद, भिंड, ग्वालियर जनपदों से हज पर जाने वाले हज यात्रियों को हज की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझया। हज ट्रेनर शारिक अलवी का अंजुमन हुसैनिया के अध्यक्ष हाजी सरफराज मुस्तफा खां, हसनैन खलील, हाजी गुड्डू मंसूरी आदि ने जोशील स्वागत किया। कैम्प का शुभारंभ कारी शाहबाज अनवर ने कुरान की तिलावत से किया। हाफिज कैफ ने नात शरीफ पढ़ी और मौलाना जाहिद रज़ा ने हज यात्रियों के हक में अल्लाह से दुआ की। अंजुमन हुसैनिया के अध्यक्ष हाजी सरफ़राज़ ने बताया कि कोविड काल को छोड़कर वर्ष 2016 से अंजुमन द्वारा प्रति वर्ष हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन वृद्ध स्तर पर किया जा रहा है, अंजुमन हुसैनिया डोर टू डोर जाकर हज यात्रियों को कैम्प में आने का निमंत्रण देती है जिससे बड़ी संख्या में हज यात्रियों ने ट्रेनिग कैम्प में भाग लिया। अंजुमन हुसैनिया की तरफ से कैम्प में आने वाले हज यात्रियों के लिए नाश्ते व भोजन की व्यवस्था की गई और सभी हज यात्रियों को सम्मानित किया गया। साथ ही अंजुमन हुसैनिया जुलूसे मोहम्मदी का बड़े पैमाने पर आयोजन करती है और इस वर्ष निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया। ट्रेनिंग कैंप की सफलता में हाजी अब्दुल वहाब अशरफी, हाजी सरफराज मुस्तफा खां सहित कमेटी के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# श्री कृष्ण के वात्सल्य जीवन की अनूठी चरित्र कथा सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**बढ़पुरा** विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कसौगा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवे दिन आचार्य राम किशोर द्विवेदी द्वारा भगवान श्री कृष्ण के वात्सल्य जीवन की अनूठी चरित्र कथाओं का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

श्री आचार्य द्वारा भगवान कृष्ण की बाल लीला के अवसर पर गोवर्धन पर्वत पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि गौ- इंद्रिय वर्धन अर्थात इंद्रियों को वश में करने की क्षमता रखने वाले समूह गोवर्धन पर्वत का अभिप्राय भगवान कृष्ण प्रेम है। गौ से प्रेम जिस प्रकार उन्होंने किया और बाल काल मे ही आता ताई कंस के द्वारा भेजे गए दैत्य राक्षसों का उन्होंने न केवल क्षण में वध किया बरन इंद्र देव की पूजा का भी विरोध किया। उन्होंने अपने बाल्यकाल में ही देवराज इंद्र के अहंकार को खत्म करने की चुनौती दे डाली थी। इंद्रदेव के प्रकोप से हुई भयानक वर्षा भी गोकुल वासियों का कुछ न बिगाड़ सकी और भगवान कृष्ण ने गोकुल वासियों को इंद्र के प्रकोप से सुरक्षा कर अपनी शक्ति का एहसास कराया।यही नहीं कंस के द्वारा रचित व्यूह रचना का भी उन्होंने खंडन कर मथुरा पहुंचकर अपनी शक्ति का एहसास कराते हुए महारथी योद्धाओं और विचलित हाथी को परास्त कर उसके दोनों दांत निकालकर अपने अस्त्र के रूप में प्रयोग किया। दुराचारी अहंकार से लवरेज कंस का बंद करके मथुरा की सत्ता संभाली।

श्रीमद् भागवत कथा के आयोजक बजरंग सिंह भदौरिया उनकी पत्नी परीक्षित के रूप में कथा का श्रवण कर रहे हैं जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुंचकर श्रीमद् भागवत कथा के अमृत सरोवर में डुबकी लगाकर ज्ञान रस को प्राप्त कर रहे हैं। कथा का समापन पूर्ण आहुति व भंडारा 28 अगस्त को है।उन्होंने सभी लोगो से भण्डारा ग्रहण करने की अपील की है।

# छात्र विपिन ने मंडल मास्टर चैपियनशिप में जीता रजत पदक

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



जनता कालेज बकेवर के बीकॉम के छात्र ने मंडल मास्टर चैपियनशिप में पंद्रह सौ मीटर दौड़ में रजत पदक जीता। छात्र के रजत पदक जीतने पर कालेज प्राचार्य ने प्रसन्न्ता जताई। पिछले रविवार को कानपुर मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित मंडल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता जो पनकी कानपुर स्थित राम लखन भट्ट डिग्री कॉलेज में हुई। जिसमें जनता कालेज बकेवर के दो छात्रों के द्वारा प्रतिभाग किया था। कालेज प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में जनता कॉलेज बकेवर का बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र विपिन कुमार ने पंद्रह सौ मीटर दौड़ में भाग लेकर दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक हासिल किया। छात्र विपिन कुमार पदक जीत कर वापसी पर कालेज प्रबन्धक अरविंद मिश्रा , प्राचार्य डॉ राजेश किशोर त्रिपाठी, क्रीड़ा प्रभारी डॉ ज्योति भदौरिया,क्रीड़ा शिक्षक मीनू त्रिपाठी, डॉ इंदुबाला मिश्रा, डॉ एके पांडेय, डॉ डीएन सिंह, डॉ योगेश शुक्ला, डॉ गोपीनाथ मौर्य, डॉ सन्तोष चंदेल, आदि ने छात्र की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## खबरें एक नजर में

### प्रत्याशी सोशल मीडिया के माध्यम से कर रहे प्रचार

**बकेवर/इटावा।** नगर निकाय चुनाव में प्रत्याशियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म प्रचार का माध्यम बनाया है। समर्थकों के साथ प्रत्याशी व्हाट्सएप ग्रुप और फेसबुक पर दावेदार के नाम पर ग्रुप बनाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। नगर पालिका चुनाव में प्रत्याशी सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं। फेसबुक खोलते ही नेताजी हाथ जोड़ते नजर आ रहे हैं। कुछ दावेदार अपने समर्थकों के साथ तो कुछ पति पत्नी अपने समर्थकों संग फेसबुक स्टोरी पर चुनावी गाने के साथ वीडियो अपलोड कर रहे हैं। वहीं कुछ दावेदार बच्चों से ऐसी पोस्ट करा रहे हैं।ऐसा देखने में आ रहा है कि सोशल मीडिया पर प्रचार-प्रसार करने के मामले में प्रत्याशी से संबंधित बुजुर्ग भी युवाओं से कम नहीं है। कम पढ़े लिखे बुजुर्ग मतदाता भी बच्चों से सोशल मीडिया के माध्यम से हो रहे प्रचार के बाबत जानकारी ले रहे हैं। जो अपने जमाने में आधुनिकता को इतना बढ़ते नहीं देखे थे। वह आज एंड्रायड फोन से युवाओं के माध्यम से सीखकर अपने प्रत्याशी के पक्ष में सोशल मीडिया पर तर्क पेश कर रहे हैं। फेसबुक पर सैकड़ों लोग जुड़े हुए हैं। इसी का फायदा संभावित प्रत्याशियों को मिल रहा है। यहां के लाइव वीडियो के ऑप्शन का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। समर्थक डोर-टू डोर प्रचार को लाइव फेसबुक पर चला देते हैं। जिसकी मदद से उनका प्रचार हजारों लोगों तक फैल रहा है। बोर्ड व फ्लैक्स की फोटो को अपने मोबाइल के माध्यम से प्रत्याशियों के समर्थक वाट्सएप के अलग-अलग ग्रुप में और ट्विटर पर अपलोड कर रहे हैं। जिस पर हर एक की नजर पड़ रही है। परिणाम स्वरूप भावी प्रत्याशी कहीं भी बैठे हों, लेकिन उनका प्रचार हो रहा है। सोशल मीडिया के जरिए दावेदार अपने किए काम और शुरू की गई स्कीमों को वीडियो के माध्यम से दिखा रहे हैं। इन वीडियो को सोशल मीडिया पर डालकर अपना प्रचार भी प्रत्याशी कर रहे हैं, क्योंकि सोशल मीडिया ऐसा माध्यम है, जिसकी मदद से करोड़ों लोगों तक अपना प्रचार किया जा सकता है।

### शत प्रतिशत रहा पंडित राम नरेश एक्सीलेंट इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम

**उदी/इटावा।** जैसे ही माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा रिजल्ट जारी किया गया, और रिजल्ट को देखने के बाद समस्त विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा हाई स्कूल में अनुष्का यादव ने सर्वाधिक 536 अंक और पूर्णिमा त्रिपाठी ने 534 अंक प्राप्त की वही इंटरमीडिएट में वर्षा यादव निवासी रजपुरा ने सर्वाधिक 456 अंक तथा प्राची यादव निवासी रजपुरा ने 435 अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राज नारायण शुक्ला ने समस्त विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा मौके पर समस्त स्टाफ आरपी सिंह, तेज प्रताप, धर्मेंद्र, धनेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### पुलिस पीड़ित के फाड कर निकाले गए रुपये कराये वापस

**इटावा।** जनपद में साइबर फ्रॉड की रोकथाम के संबंध में कार्यवाही करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अपराध तथा क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में साइबर सेल इटावा द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से निकाले गये पीडित के 76,045 रुपये पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 36,000 रुपये वापस कराये गये। पीड़ित देवेन्द्र कुमार पुत्र अनार सिंह, निवासी विरौली, थाना वैदपुरा इटावा द्वारा अपने खाते से किसी अंजान व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड के जरिये 76,045 रुपये निकाल लेने के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकप द्वारा साइबर सैल इटावा को घटना का संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल मार्गदर्षन में साइबर सैल द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी/पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी इत्यादि से वार्ता कर प्रार्थी के रूपये वापस करने का प्रयास किया गया जिसमें सफलता प्राप्त करते हुये 36,000 रुपये वापस कराये गये है। अपने रुपये वापस पाकर पीडित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए साइबर सैल टीम व इटावा पुलिस की प्रशंसा की गई। इस सफलता में प्रभारी निरीक्षक साइबर सैल विनोद कुमार, उ.नि. प्रमोद कुमार, क.आ. अभय यादव, का. बृजेश कुमार गोला, का. आदित्य देओल, का. उपेंद्र चैहान, का. दीपक कुमार मय टीम का सराहनीय योगदान रहा।

### पुलिस ने शराब सहित पकड़ा

**बकेवर/इटावा।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसके पास से 15 क्वार्टर देशी शराब बरामद की। प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह ने बताया कि उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य पर गस्त पर थे कि तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक व्यक्ति गैरकानूनी ढंग से शराब बेचने के लिए जा रहा है जिसपर पुलिस मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर अवैध शराब ले जाते हुए जन्टर बाबू पुत्र हरी सिंह निवासी उझियानी को गिरफ्तार करने के साथ उसके पास से 15 क्वार्टर देशी शराब बरामद की।

### ब्लॉक संसाधन केंद्र में हुई प्रधानाध्यापक समीक्षा बैठक

**इटावा।** ब्लॉक संसाधन केंद्र जसवंत नगर के सभागार में मासिक प्रधानाध्यापक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जसवंतनगर अल्केश कुमार सकलेचा ने की। बीईओ महोदय ने टाइम और मोशन, प्रिंट रिच वातावरण तथा विद्यालय परिवेश को बेहतर बनाने पर बल दिया। मीटिंग में राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा एन एम एम एस की मेरिट में जसवंत नगर ब्लॉक का नाम रोशन करने वाले 11 छात्र छात्राओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षकों एवं बच्चों का उत्साह बढ़ाया। आराध्या, शिखा, प्रशांत यूपीएस कंपोजिट नगलाछते, ईशु उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रेम नगर, अंजलि उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला बाबा, निशू उच्च प्राथमिक विद्यालय रुकनपुर, रितिका निगम उच्च विद्यालय बलैयापुर ,शोभना झा यूपीएस कम्पोजिट सिरसा अंकित कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय बाउथ,प्रतीक पांडे यूपीएस नगला सलहदी, रिचा यूपीएस जाखन ने मेरिट में अपना स्थान बनाया।

# शराबी पिता की मार के डर से घर से भागे 8 वर्षीय बालक को कुत्तों ने नोच-नोच कर मार डाला

▸ परिजनों में मचा कोहराम, मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर की जांच पड़ताल

कन्नौज,समृद्धि न्यूज







रोते बिलखते परिजन, मौके पर जांच पड़ताल करती पुलिस टीम व मृतक बालक का फाइल फोटो समृद्धि न्यूज

**बीते** दिवस देर शाम घर से निकले 8 वर्ष के बच्चे को आवारा कुत्तों ने नोच-नोचकर घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बच्चे की खोजबीन में जुटे परिजनों को बुधवार की सुबह बच्चे का क्षत विक्षत शव घर से एक किमी दूर बिजली पॉवर हाउस के पास मिला, जिसे देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। शव के आसपास कुत्तों का जमघट लगा था। लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शहर के एसबीएस इंटर कॉलेज के पीछे स्थित कांशीराम कॉलोनी में ओमकार अपने परिवार के साथ रहता है। बताया जाता है कि वह नशे का आदी है। मंगलवार की देर शाम वह शराब के नशे मे द्युत होकर घर पहुंचा और बच्चों के साथ मारपीट करने लगा। मारपीट के डर के चलते उसका 8 वर्षीय पुत्र प्रिंस घर से भाग गया। देर रात जब वह घर नहीं लौटा, तो उसकी मां पिंकी ने पास पड़ोसियों के घर पर जाकर प्रिंस की तलाश शुरु कर दी। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कहीं पता नहीं चला। बुधवार की सुबह परिजनों और पड़ोसियों ने एक बार फिर प्रिंस की खोजबीन आसपास के क्षेत्र में शुरु कर दी। खोजबीन के दौरान मकरंदनगर चौकी क्षेत्र स्थित बिजली पॉवर हाउस के पास कुत्तों के झुंड को शव नोचते हुए कुछ लोगों ने देखा, तो प्रिन्स के परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने प्रिंस की क्षत विक्षत शव को देखा तो उनमे हड़कम्प मच गया, जिसके बाद पॉवर हाउस के भारी भीड़ जुट गई। वहीं प्रिन्स के परिजनों में कोहराम मच गया। कालोनी निवासी पड़ोसियों ने बताया कि प्रिन्स का पिता शराब पीने का लती है, और शराब के नशे में द्युत होकर बच्चों के साथ मारपीट करता रहता है। मंगलवार की रात उसने बच्चों को मारापीटा, पिता की मार के डर से प्रिंस रात में ही घर से भागकर अपनी ननिहाल मकरन्दनगर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला युसुफपुर भगवान जा रहा होगा। इसी बीच आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया होगा। आवारा कुत्तों के हमले में वह घायल हो गया, जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल की और मामले में परिजनों से भी पूछताछ की है। बच्चे के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## हाईस्कूल में फेल होने पर छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली छात्रा हाईस्कूल परीक्षा में फेल हो गई इससे छात्रा ने बीती रात पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।सुबह घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़कर छात्रा का शव नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के खानपुर निवासी नेहा पुत्री सुधीर सविता 15 वर्ष ऋषि भूमि इंटर कालेज में हाईस्कूल में पढ़ती थी।मंगलवार को हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम आया तो वह फेल हो गई इस पर वह पूरे दिन गुमसुम रही परिजनों ने आगे अच्छे से तैयारी कर पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। बताया जाता है कि मंगलवार की रात सभी परिजन खाना खाकर सो गए और नेहा अपने कमरे में सोने चली गई और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। सुबह काफी देर तक कमरे से बाहर न निकलने पर परिजनों ने दरवाजा खटखटाया न खुलने पर दरवाजा तोड़ दिया तो नेहा का शव फांसी पर झूलता देख परिजनों में कोहराम मच गया।

# अधिशासी अधिकारी ने बूथों का निरीक्षण कर दिए निर्देश

▸ जल्द से जल्द व्यवस्थाओं को पूर्ण करें कर्मी: मीनू सिंह

गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज



कर्मियों के साथ बूथ का निरीक्षण करती ईओ मीनू सिंह समृद्धि न्यूज

**निकाय** चुनाव से पूर्व अधिशासी अधिकारी ने कर्मियों के साथ नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए बनाए गए मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थ कर्मियों को जल्द से जल्द सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बुधवार को अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने कर्मियों के साथ नगरीय निकाय निर्वाचन के बनाये गये 18 में से 15 मतदान स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी मतदान स्थलों पर पेयजल, प्रकाश, विद्युत, शौचालय आदि व्यवस्थाओं सहित छाव आदि का निरीक्षण किया। जिसमें विवेकानंद मॉडर्न पब्लिक स्कूल में प्रकाश की समस्या पाई गई। जिसके लिए संजीव सिंह लाइनमैन को तत्काल उचित व्यवस्था किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी मीनू सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल 18 मतदान केंद्रों में 53 बूथ बनाये गये हैं। सभी बूथों को 8 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इसके उपरांत उन्होंने प्रधान लिपिक आरपी सिंह को समय रहते सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अनिल प्रजापति, जिलेदार सिंह, जनार्दन मिश्रा, जगदीश सिंह, मनोज तिवारी, अशोक शर्मा, राजन राजपूत, अशोक वाल्मीकि आदि मौजूद।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राएं हुई पुरस्कृत




गुरसहायगंज (कन्नौज)। यूपी बोर्ड परीक्षा 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को विद्यालय प्रबंधक सहित संचालक व प्रधानाचार्य ने पुरस्कृत कर व मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा में लक्ष्य से पिछड़ी छात्राएं कड़ी मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें। बुधवार को नगर के मोहल्ला रामगंज स्थिति एवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में हाई स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं अलशिफा, इशिका वर्मा, मेघा, कनिका गुप्ता, आयुषी व अनुष्का सहित इंटरमीडिएट में फलक, परवेज, पायल यदि दीक्षित, उमम, शाकिब, नैंसी, शिफा बानो, नंदिनी पाल को विद्यालय की प्रबंधक रिजवाना सिद्दीकी, संचालक पूर्व विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, विधानसभा प्रभारी अरशद जमाल सिद्दीकी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी सहित प्रधानाचार्य फरहीन एजाज ने मिष्ठान खिलाकर एवं पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कंपटीशन के दौर में सफलता प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत बेहद जरूरी है। कहा कि छात्राएं बेहतर प्रदर्शन कर जहां एक और परिजनों का नाम रोशन करती हैं। वहीं दूसरी ओर विद्यालय परिवार का गौरव बढ़ता है। इस दौरान नसरीन बानो, हिना खान, श्वेता शर्मा, शगुफ्ता बानो, मुस्कान, सलीम खान, अमित दुबे, संजीव यादव सहित तमाम शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## दो गैंग लीडर सहित सात के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** निकाय चुनाव सकुशल संपन्न कराए जाने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा समाज विरोधी क्रिया कलाप में लिप्त दो गैंग लीडर सहित सात लोगों पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है। बुधवार को स्थानीय कोतवाली में कोतवाली प्रभारी जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के ग्राम गुरगुजपुर निवासी गण गैंग लीडर भोला ठाकुर पुत्र विजय सिंह एवं सदस्य कल्लू पुत्र सेवा खान, गद्दू उर्फ यासीन पुत्र सेवा खान द्वारा नाबालिग बच्चियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर उनके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर समाज विरोधी क्रियाकलाप में लिप्त है। वही पड़ोसी थाना तालग्राम के मोहल्ला तालाब कला निवासी अमित यादव पुत्र शेर सिंह एवं सदस्यगण ग्राम रूराखेड़ा निवासी संदीप कुमार पाल पुत्र हरिराम व जितेंद्र पाल पुत्र महेश चंद्र सहित सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवधरापुर निवासी अमित अवस्थी पुत्र रोशनलाल द्वारा संगठित गिरोह बनाकर अंग्रेजी शराब में मिश्रण कर अवैध रूप से बिक्री करने के समाज विरोधी क्रियाकलाप में लिप्त है। इन लोगों का जनता में भय व आतंक व्याप्त है। इनके विरुद्ध कोई भी व्यक्ति गवाही देने व अभियोग पंजीकृत कराने का साहस नहीं करता है। कोतवाली पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू कर दी गई है।

## पुलिस ने युवक पर की शांति भंग की कार्रवाई

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** निकाय चुनाव को सकुशल पूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली पुलिस द्वारा छापेमारी कर युवक को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई की गई है। बुधवार को हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे कोतवाली के उपनिरीक्षक अभिनेश कुमार ने क्षेत्र के कस्बा समधन के मोहल्ला सिकंदर नगर में गाली गलौज कर झगड़े का प्रयास कर रहे सलाउद्दीन पुत्र निजामुद्दीन को हिरासत में लेकर शांति भंग की कार्रवाई की है।

## पुलिस ने कच्ची शराब सहित युवक को पकड़ा

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बुधवार को हमराह सिपाहियों के साथ गस्त कर रहे कस्बा चौकी प्रभारी शशिकांत कनौजिया ने मुखबिर की सूचना पर नगर के डाक बंगला के निकट छापेमारी कर एक युवक के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए उस समय हिरासत में ले लिया। जब वह कच्ची शराब को कहीं बिक्री के लिए ले जा रहा था। पुलिस हिरासत में आरोपी युवक ने अपना नाम मोनू दिवाकर पुत्र सुरेंद्र दिवाकर निवासी मोहल्ला रामगंज बताया है। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## युवक को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** विगत दिनों पूर्व रंजिश के चलते युवक के साथ दो लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर निवासी सुनील पुत्र तेजराम शाक्य द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 21 अप्रैल की शाम वह घर की ओर जा रहा था। तभी सदरपुर नौरंगपुर निवासी अर्जुन एवं मंजेश ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## उप जिलाधिकारी ने मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर को पहुंचाया थाने

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** मुखबिर की सूचना पर उप जिला अधिकारी ने बीती रात अवैध रुप से मिट्टी खनन कर रहे एक ट्रैक्टर को पकड़ लिया और थाने पहुंचा दिया। देर रात थाना क्षेत्र के नगरिया कुसका इलाके में मिट्टी खनन की मुखबिर द्वारा सूचना पर पुलिस बल के साथ पहुंचे उप जिला अधिकारी अशोक कुमार ने मिट्टी खनन कर रहे ट्रैक्टर को पकड़ लिया जांच पड़ताल करने पर मिट्टी खनन के रॉयल्टी कागज नहीं दिखा पाया उप जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने में खड़ा करा दिया और कार्रवाई प्रारंभ कर दी

# डाक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति को अराजकतत्वों ने किया क्षतिग्रस्त

▸ ग्रामीणों ने जताया विरोध मौके पर भारी पुलिस बल तैनात प्रशासन ने मूर्ति कराई दुरुस्त



**सौरिख, समृद्धि न्यूज।** बीती रात अराजक तत्वों ने पूर्व प्रधान के दरवाजे पर लगी डाक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति क्षतिग्रस्त कर दी।सुबह होने पर घटना की जानकारी पर गांव के लोगों में नाराजगी फैल गई सूचना पर पहुंचे पूर्व प्रधान ने घटना की जानकारी पुलिस को दी तो पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया।

थाना क्षेत्र के ईजलपुर गांव में पूर्व प्रधान उर्मिला सिंह पत्नी सुरेंद्र सिंह उर्फ राजू प्रधान के दरवाजे पर डाक्टर भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगी है पूर्व प्रधान परिवार समेत सौरिख रह रहे हैं।बीती रात अराजक तत्वों ने अम्बेडकर की मूर्ति का पंजा क्षतिग्रस्त कर दिया सुबह गांव वालों ने देखा तो मामले की जानकारी पूर्व प्रधान व वर्तमान प्रधान कुलदीप यादव को दी।सूचना पर पूर्व प्रधान भी मौके पर पहुंच गए मूर्ति क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई घटना की सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया मौके पर लोगों की नाराजगी देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल व क्षेत्राधिकारी और उपजिलाधिकारी मौके पर पहुंच गए।प्रशासन ने मूर्ति को दुरुस्त कराकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की और अराजक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही का भरोसा दिलाया।

# दस विद्यालयों को घोषित किया गया निपुण

▸ तालग्राम में निपुण लक्ष्य सम्प्राप्ति की समीक्षा बैठक संम्पन्न

गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज



निपुण लक्ष्य सम्प्राप्ति की समीक्षा बैठक लेते बीएसए कौस्तुभ कुमार सिंह समृद्धि न्यूज

**बुधवार** को ब्लाक संसाधन केंद्र तालग्राम के पूर्व माध्यमिक विद्यालय सरायप्रयाग में कक्षा 01 से 03 तक के बच्चों के निपुण लक्ष्य सम्प्राप्ति की समीक्षा कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कन्नौज कौस्तुभ कुमार सिंह ने कहा कि सभी अध्यापक यदि टीम भावना से कार्य करेंगे तो विद्यालय अवश्य समय से पहले निपुण हो जाएंगे। प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर व कलकत्तापुरवा के प्रधानाध्यापको की सरहाना करते हुए उन्हे अन्य के लिये उदाहरण बताया। आगामी ग्रीष्मावकाश में अध्यापकों को लगातार अभिभावकों से संपर्क रहने के लिये निर्देश दिए। खंड शिक्षा अधिकारी अवनीश कुमार 10 विद्यालय निपुण घोषित किये। जिसका जोरदार स्वागत किया गया। एसआरजी संजीव कटियार ने निपुण विद्यालयों की समीक्षा करते हुए उनके द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यो को अन्य द्वारा अपनाने के लिए प्रेरित किया। एसआरजी अमित मिश्रा द्वारा सक्षम विद्यालयों के प्रधानाध्यापको की समीक्षा करते हुए उनसे स्वघोषित निपुण बनाने की तिथि नोट की। एसआरजी विकास कुमारी दीक्षित ने संघर्षशील विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से चर्चा करते हुए कक्षावार नामंकन व निपुण बच्चों की संख्या पर चर्चा की तथा विशेष ध्यान देने की अपील की जिससे ससमय निपुण लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। एआरपी सुदीप पटेल, अरविन्द चौहान, पंकज यादव, मलिखान सिंह, रेवती रमन व सभी संकुल शिक्षक रवि त्रिपाठी, नवीन मिश्रा, संजीव राजपूत, आदित्य यादव, वीरपाल कुशवाह, मो जाविर, गौरव पटेल, विवेक कटियार, अंजली सिंह, साक्षी कटियार, शैलजा सिंह, सुभाष पाल, सुमित कुमार, अरुण दुबे, अनुराग कुशवाहा, कल्पना सिंह, नीलम त्रिपाठी, मीनू सिंह, करीम खान, मीरा मिश्रा, ताहिर खान, अनुपमा सिंह, मुख्तियार खान, देवेंद्र त्रिपाठी, यदुवीर सिंह, पुष्पेंद्र त्रिवेदी, आलोक तोमर व समस्त प्रधानाध्यापक मौजूद रहे।

# गुरु कृपा की छात्रा नैंसी श्रीवास्तव ने टॉप टेन में बनाया स्थान

▸ बीजेपी इंटर कॉलेज की छात्रा अपर्णा सिंह ने किया विद्यालय का नाम रोशन

गुरसहायगंज (कन्नौज)। समृद्धि न्यूज



छात्रा को मिष्ठान खिलाते प्रधानाचार्य अमित यादव



जिले में दसवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नैंसी श्रीवास्तव को ट्राफी देते प्रधानाचार्य समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज बोर्ड परीक्षा 2023 में छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं परिजनों का नाम रोशन किया। गुरुकृपा इंटर कॉलेज के हाई स्कूल की छात्रा नैंसी श्रीवास्तव ने जहां एक ओर जनपद की टॉप टेन सूची में नाम दर्ज कराया। तो वहीं दूसरी ओर बीजेपी मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्रा अपर्णा सिंह ने विद्यालय का नाम रोशन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत कर एवं मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया गया।

बुधवार को नगर के तिर्वा रोड स्थित गुरु कृपा इंटर कॉलेज सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में हाई स्कूल टॉप टेन में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नैंसी श्रीवास्तव, नेहा शर्मा, प्रांशु, अंशिका बाथम, निशा बानो, आर्यन श्रीवास्तव, विवेक कुमार, प्रार्थी शुक्ला, दुर्गा कुशवाहा, अभय, अर्चिता गुप्ता, सहित इंटरमीडिएट में शगुन गुप्ता, रियांसा मराल, श्रेया अग्निहोत्री, मोहम्मद हयात वारसी, हर्षित कुशवाह को विद्यालय के प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार पाल ने पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया। उधर क्षेत्र के ग्राम तेराजाकेट स्थित बीजेपी मेमोरियल इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा अपर्णा सिंह ने विद्यालय में प्रथम स्थान, रिशु सिंह ने द्वितीय, प्रशांत कुमार ने तृतीय, खुशी ने चतुर्थ तथा दीपक बाबू ने पंचम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हाई स्कूल में सीमा वर्मा ने प्रथम स्थान, आस्था ने द्वितीय स्थान, मीनू पाल ने तृतीय स्थान, अंशिका ने चतुर्थ तथा मुस्कान बाथम ने पंचम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के आवास पर पहुंचकर फूल माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस दौरान प्रधानाचार्य अमित यादव ने कहा कि अपने लक्ष्य से पिछड़ने वाले विद्यार्थी निराश ना हो। बल्कि नवीन ऊर्जा धारण करते हुए कड़ी मेहनत कर पुनः लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अग्रसर हो। इस दौरान शिक्षक मनमोहन सिंह, वीरेंद्र सिंह, विकास कुमार, सरनाम सिंह, रंजीत कुमार, राशिद खान, ओमेंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, अमन यादव, सचिन कुमार सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# बीआरसी पर प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

▸ बैठक में विद्यालय को निपुण बनाने के दिए गए दिशा निर्देश

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़




बैठक में मौजूद एआरपी व शिक्षकगण समृद्धि न्यूज

**खण्ड शिक्षा** अधिकारी की अध्यक्षता में प्रत्येक माह होने वाली प्रधानाध्यापकों/ प्रभारी प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से नए शैक्षिक सत्र में नवीन नामांकन, डीवीटी, स्कूल चलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ स्कूल रेडनेस कार्यक्रम संदर्शिका का उपयोग व्यवस्थित पुस्तकालय शिक्षकों की उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति, शिक्षक डायरी, स्पाट एसेसमेन्ट पर विशेष फोकस करते हुए विद्यालय को निपुण बनाने हेतु यथासंभव प्रयास करते हुए अपने विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया गया। बीईओ महेश चंद्र शर्मा ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में लगभग 10-12 विद्यालय निपुण हो गए है। जिसमें 6 विद्यालय पूर्ण निपुण है। बाकी समस्त विद्यालयों को लक्ष्य से पहले निपुण बनाने के प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिए। इस मौके पर एआरपी जितेंद्र प्रताप सिंह, सत्यपाल, भोले शंकर चतुर्वेदी, नीरेंन कुमार, आशीष मिश्रा, रामप्रकाश, अनुराग कुमार, राजीव कुमार, विपिन कुमार, प्रदीप गौतम, अबध नारायण, रेनू कमल, प्रिया सिंह, शिखा सोनकर, अंजली तिवारी, फैशल बानो समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# कम अंक आने पर हाईस्कूल की छात्रा ने पिया जहर, मौत

**▶ परिजनों में मचा कोहराम**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** हाई इस्कूल परीक्षा में अंक कम आने से आहत छात्रा ने जहरीला पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गये। जहां से चिकित्स्क ने लोहिया रेफर कर दिया। लोहिया में उपचार के दौरान छात्रा की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम वसा नगला निवासी 16 वर्षीय दीक्षा पुत्री ओमकार पाल ने इस वर्ष हाई स्कूल की परीक्षा दी थी, लेकिन मंगलवार को आये उसके परिणाम ने दीक्षा को आहत कर दिया। दीक्षा के कम अंक आने पर उसने जहर पी लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे अस्पताल ले गये। जहां हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने लोहिया रेफर कर दिया। लोहिया में उपचार के दौरान दीक्षा की मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। दीक्षा अपनी बुआ के साथ रहती थी। उसकी मां की पहले ही मौत हो चुकी है।



रोते बिलखते मृतका के परिजन

# पुलिस ने तमंचा कारतूस सहित युवक को किया गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक युवक को तमंचा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बुधवार को थाना कादरीगेट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना अंकित उर्फ अजीत उर्फ गुण्डा पुत्र नरेन्द्र निवासी मसेनी थाना कादरीगेट बताया। तलाशी में उसके पास से 01 नाजायज देशी तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मु0अ0सं. 33/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

## गृहकलह के चलते युवक ने पिया जहरीला कीटनाशक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम ढिलावल निवासी 18 वर्षीय अनुपम सक्सेना पुत्र अशोक सक्सेना ने बुधवार को गृहकलह के चलते जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

# आयुध एक्ट में दो अभियुक्तों को दो वर्ष का कारावास, पांच दोषमुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने आयुध अधिनियम 25/27 के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए दो वर्ष का कारावास व दस हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया। वहीं अन्य धाराओं में पांच व्यक्तियों को दोषमुक्त करार दिया।

वर्ष 2006 में हुई पुलिस मुठभेड़ के मामले में पुलिस ने प्रदीप धीमर को असलाहों व अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने रामनिवास पुत्र पहलवान निवासी मिस्तनी कम्पिल, पूरन पुत्र बालकृष्ण धीमर, टिल्ला पुत्र झम्मन, नेपाल सिंह पुत्र बुद्धपाल, प्रदीप पुत्र रामस्वरुप निवासी असरौली एटा, कुंवर पाल पुत्र फूल सिंह निवासी उस्मानपुर थाना कम्पिल के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। जिसमें पूरन पाल सिंह की मौत हो गई। साक्ष्य व गवाहों के आधार पर विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह ने अभियुक्त प्रदीप व कुंवरपाल को आयुध अधिनियम एक्ट की धारा 25/27 में दोषी करार देते हुए 2 वर्ष का करावास व 10 हजार रुपये के जुर्माने से दण्डित किया। वहीं आरोपी रामनिवास उर्फ पहलवान, टिल्ला, नेपाल सिंह, प्रदीप व कुंवर पाल को संदेह होने के कारण धारा 147, 148, 307/149 में दोषमुक्त करार दिया। प्रदीप व कुंवर पाल को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।



## पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार को पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बगैर कागजात वाले वाहन चालकों का चालान किया गया। साथ ही बगैर हैलमेट लगाकर चलने वालों को पुलिस ने हिदायत दी। इस दौरान कई वाहन चालक आरजू मिन्नत करते नजर आया। पुलिस के इस अभियान से हड़कंप मचा रहा।

# अधिवक्ता संघ का चुनाव: श्री किशोर अध्यक्ष व राजेश अग्निहोत्री सचिव बने

**▶ विजयी प्रत्याशियों का समर्थकों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत**
**▶ सुधीर कुमार शर्मा ने सभी को दिया धन्यवाद**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला अधिवक्ता संघ के गहमागहमी के बीच हुए चुनाव में श्री किशोर मिश्रा को अध्यक्ष चुना गया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कृष्णपाल द्विवेदी को 64 वोटों से पराजित किया। श्री किशोर को 239 मत मिले। वही कृष्णपाल द्विवेदी को 172 मतों पर संतोष करना पड़ा।

उपाध्यक्ष पद पर अरुण कुमार गुप्ता ने 243 मत लेकर राजेश कुमार तिवारी को 77 मतों से पराजित किया। तिवारी को 166 वोट मिले। सचिव पद पर एक बार फिर राजेश अग्निहोत्री की भारी भरकम जीत हुई। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी हरि प्रकाश मिश्रा को 88 मतों से पराजित किया। राजेश अग्निहोत्री को 248 व हरिप्रकाश मिश्रा को 166 मत मिले। संयुक्त सचिव पद पर अनूप तिवारी 260 मत लेकर विजयी रहे। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गौरव मिश्रा को 110 मतों से हराया। गौरव को 150 मत मिले।

निर्वाचन अधिकारी सुधीर शर्मा एवं चुनाव संचालन समिति के शशीभूषण दीक्षित, मोनी मजूमदार, गिरधर गोपाल, की देखरेख में मतदान हुआ। सभी ने विजयी प्रत्याशियों का माल्यार्पण कर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया और कार्य में पूरा सहयोगकरने का आश्वासन दिया। सुधीर कुमार शर्मा ने सभी अधिवक्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि चुनाव संचालन में उन्होंने जो सहयोग दिया। उसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं।



स्वागत से गदगद विजय प्रत्याशी राजेश अग्निहोत्री व अन्य

# ट्रेन यात्री को जहर खुरानी गिरोह ने बनाया शिकार



लोहिया अस्पताल में भर्ती युवक

**▶ नकदी व सामान लूटा, रेलवे पुलिस ने लोहिया में कराया भर्ती**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन से रिश्तेदार के यहां जा रहा युवक को रास्ते में जहर खुरानी गिरोह के सदस्यों ने नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और उसके पास से दो थैले व नगदी लूट ली। रेलवे पुलिस ने अचेत युवक को उपचार के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना कम्पिल निवासी अलवक्श पुत्र असफाक जो जयपुर में काम करता है। उसके ममेरे भाई राशिद ने बताया कि वह जयपुर से मौसा व मौसी के साथ कासगंज-शिकोहाबाद ट्रेन से कासगंज तक आया। वहां मौसी व मौसा उतर गये। जिस कारण वह अकेले अपने घर आ रहा था, तभी रास्ते में जहर खुरानी गिरोह के सदस्य ने उसे जहरीला पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और उसके पास से नगदी व सामान लूट लिया और युवक को अचेतावस्था में प्लेटफार्म नम्बर तीन पर छोड़ दिया। सूचना मिलने पर आरपीएफ थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की व अचेतावस्था में पड़े युवक को उपचार के लिए डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचारी जारी है।

# खंड शिक्षा कार्यालय के आसपास पसरी है गंदगी, खंड शिक्षाधिकारी बेखबर



खंड शिक्षा कार्यालय पर पसरी गंदगी का दृश्य

**▶ एक सफाई कर्मचारी है तैनात, वह भी काम के प्रति लापरवाह**
**▶ ऐसे कैसे पूरा होगा स्वच्छ भारत मिशन का सपना**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** खंड शिक्षा कार्यालय पर तैनात कर्मचारी स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगा रहे हैं। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय परिसर में बने खंड शिक्षा कार्यालय पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जहां एक ओर शासन-प्रशासन लाखों रुपया स्वच्छ भारत मिशन के ऊपर खर्च कर रहा है। वहीं नवाबगंज खंड शिक्षा कार्यालय पर चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जानकारी करने पर बताया गया कि यहां पर कोई भी सफाई कर्मचारी तैनात नहीं है। एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था जो कार्यालय की देखभाल करता था। उसको उसके मूल विद्यालय भटासा के लिए रवाना कर दिया गया। जिसके बाद से लगातार कार्यालय पर गंदगी का अंबार लगता चला जा रहा है। कुछ दिन पूर्व एक दूसरे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को बुलाया है, लेकिन वह कार्यालय पर कुर्सी पर बैठता रहता है, लेकिन सफाई के नाम पर उसको भी कुछ दिखाई नहीं देता है। ना ही खंड शिक्षा कार्यालय पर तैनात खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा इस ओर कोई ध्यान देते हैं, जबकि शासन प्रशासन स्वच्छ भारत मिशन के नाम पर लाखों रुपया खर्च कर रहा है, ताकि नगर को स्वच्छ बनाया जा सके, लेकिन इसके बावजूद कर्मचारी सरकार के इस मिशन को पलीता लगा रहे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार का स्वच्छ भारत का मिशन का सपना कैसे पूरा होगा।

# 92 प्रतिशत अंक के साथ एनएकेपी की छात्राओं ने बाजी मारकर किया विद्यालय का नाम रोशन



प्रधानाचार्य व शिक्षिकाओं के साथ मौजूद सभी उत्तीर्ण छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नारायण आर्य कन्या पाठशाला इंटर कालेज का परीक्षा फल 92 प्रतिशत रहा। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षाओं में इंटर मीडिएट का परीक्षा फल 92 प्रतिशत व हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य इंदू मिश्रा ने बताया कि इंटर मीडिएट में 20 छात्राएं विशेष योग्यता के साथ उत्तीर्ण हुई है। विद्यालय में प्रथम स्थान पर वंशिक गुप्ता ने 82.2 प्रतिशत अंक पाकर प्राथम स्थान पाया है। वहीं नेहा गुप्ता ने 83 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पाया है। आस्था ने 82 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल में जैनब सिद्दीकी ने 87.8 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पाया है। राशी ने 86 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पाया। अल्फिया सैय्यद ने 84.7 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य ने सभी उत्तीर्ण छात्राओं को मिठाई खिलाकर माल्यार्पण कर बधाई दी।

# रखा बालिका इंटर कालेज का 94 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम



रखा बालिका इंटर कालेज की मेधावी छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रखा बालिका इंटर कालेज का हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा फल 94 प्रतिशत रहा। यूपी बोर्ड प्रयागराज द्वारा घोषित परीक्षा फल में 18 छात्रायें प्रथम व द्वितीय श्रेणी में 39 छात्रायें रही। वहीं तृतीय श्रेणी में 4 छात्रायें उत्तीर्ण हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा0 नीतू मसीह ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। सभी छात्राओं ने कठिन परिश्रम के साथ पढ़ाई की और परीक्षा परिणाम आने पर प्रथम और द्वितीय श्रेणी में स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

मेधावी छात्राओं को उन्होंने बधाई देते हुए कहा कि उन्हें विद्यालय की ओर से सम्मानित किया जायेगा। इंटरमीडिएट में प्रतिभा कुमारी ने 74 प्रतिशत, बबली ने 67 प्रतिशत तथा अंशिका ने 67 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का मान बढ़ाया है। इस मौके पर सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को पास होने पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकायें मौजूद रही।

# रामानन्द बालक इंटर कालेज के छात्र सिद्धनाथ अग्निहोत्री 93.80 प्रतिशत अंक लाकर बने टॉपर



रामानन्द बालक इंटर कालेज के छात्र को मिठाई खिलाते शिक्षक

**▶ विद्यालय परिसर में छात्र सिद्धनाथ अग्निहोत्री को मैडल पहनाकर प्रधानाचार्य ने किया स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रामानन्द बालक इंटर कालेज के छात्र सिद्धनाथ अग्निहोत्री ने कक्षा 12 की परीक्षा मैथ सम्भाग में यूपी बोर्ड में 93.80 प्रतिशत अंकों के साथ जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय परिसर में टॉपर छात्र सिद्धनाथ अग्निहोत्री का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र सिंह रघुवंशी ने मिठाई खिलाकर मैडल पहनाकर स्वागत किया। विद्यालय परिसर में सभी शिक्षकों ने स्वागत किया। साथ ही प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री ने छात्र की उपलब्धि पर भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए बधाई दी। सभी शिक्षकों ने टॉपर छात्र सिद्धनाथ अग्निहोत्री के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें मिठाई खिलायी। उप प्रधानाचार्य डा0 जितेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि सिद्धनाथ अग्निहोत्री होनहार छात्र है। वह हमेशा पढ़ने के साथ-साथ समय का उपयोग करता था।

परिणाम स्वरुप 93.80 प्रतिशत अंक लाकर टॉपर छात्र ने विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। शुभकामनायें देने वाले शिक्षक राखी त्रिवेदी, राहुल देव, सतीश चन्द्र, सुशील दीक्षित, सुशील अग्निहोत्री, मोहम्म युसूफ, राजीव दीक्षित, मनोज शुक्ला व विद्यालय के कर्मचारी आदि मौजूद रहे।

# राजकीय संप्रेक्षण गृह में बाल खेल महोत्सव का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत' बाल खेल महोत्सव' का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र की अध्यक्षता में राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) जखा में किया गया। इस अवसर पर कैरम, लूडो, शतरंज के अलावा बॉलीवॉल एवं बैडमिन्टन की प्रतियोगिता का आयोजन संस्था में निरूद्ध अपचारी किशोरों के मध्य किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र ने टॉस उछाल कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ कराया।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चन्द्र ने कहा कि खेल से न केवल शरीर का विकास होता है बल्कि एक स्वस्थ मस्तिष्क का भी निर्माण होता है। आउटडोर और इनडोर खेलों में कुछ अन्तर होता है, परन्तु हम सभी को दोनों प्रकार के खेल में हिस्सा लेना चाहिए। खेलने से शरीर में रक्त संचार होता है जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि अभी 100 मीटर फर्राटा दौड़, रिले दौड़, खो-खो एवं कबड्डी का आयोजन भी किया जायेगा। अनिल चन्द्र ने संस्था में निवासरत अपचारी बालकों को मन लगाकर 'बाल खेल महोत्सव' में प्रतिभाग करने को कहा। जिला बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने कहा कि 'बाल खेल महोत्सव'से संस्था में निरूद्ध अपचारी किशोरों के अन्दर छिपी हुई प्रतिभा का विकास होगा। इस अवसर पर प्रभारी संस्था अधीक्षक राजकुमार, प्रवीन गुप्ता, सुनील वर्मा, मार्शल आर्ट प्रशिक्षक अजय प्रताप सिंह के अलावा संस्था का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।




बाल खेल महोत्सव के दौरान मौजूद अपचारी किशोर

# मा0शि0 संघ ने ज्ञापन सौंप उठायीं समस्यायें

**▶ ओमपाल सिंह रघुवंशी के प्रकरण में न्यायालय का पालन कराने की उठाई मांग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने अपनी आठ मांगों को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा व संबंधित मांगों को शीघ्र पूरा किये जाने की बात कही। जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे की अगुवाई में सौंपे गये ज्ञापन में ओमपाल सिंह रघुवंशी के निलंबन को समाप्त करने के मामले में उच्च न्यायालय के आदेश का पालन कराने की मांग की और कहा कि एक महीना पांच दिन हो गये। न्यायालय के आदेश का पालन नहीं कराया गया। रघुवंशी का निलंबन कोर्ट द्वारा समाप्त हो चुका है। इस तरीके से अदालत की अवमानना की जा रही है। ज्ञापन में कहा गया कि रस्तोगी इंटर कालेज संजीव सिंह चौहान की मूल सेवा पंजिका विद्यालय को प्राप्त नहीं करायी गयी, जबकि इस बारे में कई बार मांग की जा चुकी है। शिक्षकों के शैक्षिक प्रमाण पत्रों के सत्यापन की पत्रावलियां लिपिक ब्रह्मदेव मिश्रा के पास हैं, जो उपलब्ध नहीं करायी जा रही हैं। जिस कारण से कई अध्यापकों व लिपिकों का वेतन नहीं निकल पा रहा है, समस्या का समाधान कराया जाना चाहिए, शिक्षकों के चयन वेतनमान, प्रोन्नत वेतनमान के प्रकरणों के प्रपत्र मंगवाये जायें। मृतक आश्रित प्रकरणों की बैठक शीघ्र बुलायी जाये। शिक्षकों के प्रोन्नति वेतनमांग के प्रकरण निस्तारित किये जायें। 2005 के बाद नियुक्त पंजिका एन.पी.एस. कट रहा है। रखरखाव बनाने हेतु पत्र जारी किया जाये। वरिष्ठता के आधार पर वेतन वाली लिस्ट प्रबंधक, प्रधानाचार्य नहीं भेज रहे हैं। उन्हें संयुक्त शिक्षा निदेशक, कार्यवाहक प्रधानाचार्या के हस्ताक्षर प्रमाणित कराये जायें। इस मौके पर लालाराम दुबे, नरोंद्र पाल सिंह सोलंकी, श्याम पाल सिंह, सतेंद्र, संतोष कुमार दुबे आदि लोग शामिल रहें।



डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

# निकाय चुनाव के मद्देनजर पुलिस ने किया पैदल गश्त



पैदल गश्त करती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में अपराध नियंत्रण, शांत व सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से पैदल गश्त किया। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वह शांति बनाये रखें और सकुशल चुनाव सम्पन्न कराये जाने में सहयोग करें। पुलिस ने कहा कि यदि कोई अराजकता फैलायेगा, तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। चुनाव में अराजकता कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी और चुनाव पूरी तरह पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जायेगा। पुलिस ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार निकाय चुनाव सम्पन्न कराया जायेगा।






# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

▸ दावत खाकर वापस लौटते समय घटी घटना



**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** दावत खाकर घर वापस लौट रहे बाइक सवारों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवारों की मौत हो गई। एक बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया व दूसरे बाइक सवार को सीएचसी में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी 30 वर्षीय संदीप पुत्र बृजभान व गांव धर्मपुर निवासी 19 वर्षीय मोहित पुत्र विनोद कुमार यादव मंगलवार देर शाम गांव नुनवारा किसी दावत में गए थे। देर रात दोनों युवक बाइक से लौट रहे थे। जैसे ही वह कंपिल कायमगंज मार्ग पर बंद पड़ी कताई मिल के पास पहुंचे, उसी समय कंपिल की तरफसे आ रहे ट्रैक्टर की टक्कर से दोनों युवक गिरकर घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक घटनास्थल से भाग गया। युवक कुछ देर तक लहूलुहान हालत में वहीं पड़े रहे। पीछे से आ रही कार सवार लोगों ने उन्हें पड़े देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब तक संदीप की मौत हो चुकी थी। मौके पर पहुंचे संदीप के परिजनों ने मोहित पर हत्या का आरोप लगा हंगामा काटा। पुलिस ने मामले को शांत कर मोहित को कायमगंज सीएचसी ले गयी। जहां डॉ0 ने उसे भी मृत घोषित कर दिया गया। दोनों युवक इकलौते पुत्र थे। संदीप की शादी हो चुकी है। उनकी मौत की सूचना पर पत्नी पूजा आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उनके दो पुत्रियां ढाई वर्षीय जानवी व डेढ़ वर्षीय मानवी है। थाना प्रभारी आर के सिंह ने बताया शवों को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# ये कैसी मित्र पुलिस? जिसने निर्दोष नाबालिग को उठाने का किया प्रयास

▸ प्रतिष्ठित सर्राफा एवं दवा व्यापारी के बच्चे की गलत ट्रेसिंग, खाकी को मांगनी पड़ी माफी
▸ बोले व्यापारी नेता पुलिस को लेना चाहिए बुद्धिमानी से काम, ताकि शांति बनी रहे
▸ रुपेश व मनोज मौके पर पहुंचे, देर रात तक चलता रहा हंगामा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देर रात नगर के प्रमुख मार्ग नेहरु रोड पर बिखरे उजाले के बीच एक लड़का अपनी गाड़ी को पार्क करके अपने घर की तरफ वापस लौटता है, तभी क्षेत्राधिकारी की अगुवाई में एसओजी पुलिस वहां पहुंचती है और घर के अंदर गैलरी से उसे पकड़कर खींच लेती है, वह शोर मचाता है, लेकिन पुलिस एक नहीं सुनती। घर वालों से भी दुर्व्यवहार करती है, महिलाओं से भी ऊल जलूल बातें करती है। हंगामे के बीच सैकड़ों लोग एकत्र हो जाते है। यहां गनीमत यह रही कि प्रतिष्ठित परिवार को लोगों ने अपने बेटे को ले नहीं जाने दिया। वरना क्या होता यह तो समय ही बताता, लेकिन इतना अवश्य ही नाबालिग आज भी दहशत में है। हालांकि पुलिस ने क्षमा याचना करके मामले को रफा-दफा कर दिया, लेकिन व्यापारी परिवार अपनी प्रतिष्ठिता पर हुई चोट को लेकर काफी व्यथित है, परन्तु पुलिस के खिलाफ कार्यवाही नहीं करना चाहता। परिवारिक सदस्यों का इतना कहना है कि पुलिस को मनमानी नहीं चलानी चाहिए और सही अपराधी को ही ट्रेस करना चाहिए, ताकि समाज में पुलिस की छवि मित्र पुलिस की ही बनी रहे। ना कि अपहरणकर्ता पुलिस का किरदार सार्थक हो।

दवा व्यवसाई रचित टंडन का पुत्र जो कि एंथोनी स्कूल में कक्षा 12 का छात्र है। देर शाम को पिता के घर आने पर उनकी गाड़ी को पार्क करने गया। लौटते वक्त घटना हो गई, तब से अब वह दहशत में है। परिवारियों के समझाने पर भी वह अपने को संभाल नहीं पा रहा है। घटना की खबर मिलने पर नगर पालिका अध्यक्ष पद की प्रत्याशी सुषमा गुप्ता के पुत्र भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, बसपा प्रत्याशी वत्सला अग्रवाल के पति मनोज अग्रवाल, संघ के विजय अवस्थी, व्यापारी नेता पुलक मेहरोत्रा, व्यापारी नेता मनोज मिश्रा व बड़ी तादात में लोग एकत्र हो गये। देर रात तक हंगामा चलता रहा। पुलिस व एसओजी चली गई। बताते है कि विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के संज्ञान में मामला आने पर एसपी से सम्पर्क किया तो पुनः कोतवाल की अगुवाई में पुलिस रचित टंडन व मुदित के घर पहुंची और मैत्रीयपूर्ण वातावरण में गलती को स्वीकार किया और बच्चे का उत्साहवर्धन किया। हालांकि इस सबके बाद भी व्यापारी समाज में इस बात को लेकर आक्रोश है कि पुलिस किसी समय किसी को भी ट्रेसिंग के बहाने उठा सकती है। व्यापारी नेता अरुण प्रकाश तिवारी ने कहा कि पुलिस को बुद्धिमानी से काम लेना चाहिए, यह मेरी सलाह है, ताकि अशांति न पैदा हो। भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता ने कहा कि पार्टी व्यापारी समाज के साथ है। किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। जब सर्राफा व्यापारी ने कार्यवाही की बात कही, तो उन्होंने कहा कि 24 घंटे में असर दिखेगा। उसके थोड़ी देर बाद पुलिस दोबारा रचित के घर पहुंच गयी और गलती की बात कहते हुए मामले को रफादफा किया।



व्यापारी को समझाते जिलाध्यक्ष व मौजूद कोतवाल

# मांस होने की सूचना पर पहुंची पुलिस को डीएसीएम में मिली मृत जानवरों की हड्डियां



डीसीएम सवारों से पूछताछ करती पुलिस

**अमृतपुर/राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** झारखंड जनपद नोहर तिग्गा से अमृतसर मृत जानवरों की हड्डियां डीसीएम में ले जा रहे गौरक्षक दल को मांस होने की सूचना पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डीसीएम को रुकवाकर जब उसकी तलाशी ली, तो उसमें मृत जानवरों की हड्डियां निकलीं। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम सभा दौलतपुर के निकट गौ रक्षक दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा डीसीएम में गौ मांस होने की सूचना पर थाना राजेपुर की पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने डीसीएम जिसका पंजीकृत नंबर यूपी 14 जीटी 6799 चालाक चुनाव खान पुत्र इंतजार अली निवासी अटसेनी जनपद हापुड़ झारखंड से पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह मृत जानवरों की हड्डियां अमृतसर पंजाब भरकर ले जा रहा है। पुलिस ने गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया। एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने बताया 24 हजार का चालान काटा गया है।

## अध्यक्ष पद के लिए न0प0 सदर से 12 व कायमगंज से 14 प्रत्याशी मैदान में

**फर्रुखाबाद (सं.)** । नगरीय निकाय चुनाव के नामांकन व जांच के उपरान्त नगर पालिका सदर से अध्यक्ष पद के लिए 12 व नगर पालिका कायमगंज अध्यक्ष पद के लिए 14 प्रत्याशी ताल ठोकेंगे। वहीं कुल सात नगर पंचायतों के लिए अध्यक्ष पद हेतु 138 प्रत्याशी मैदान में होंगे। नगर पालिका सदर के 42 वर्षों में सभासद के लिए 320 प्रत्याशी, नगर पालिका कायमगंज से 109 प्रत्याशी मैदान में होगे।

# किरायेदार ने चुरा लिये मकान मालिक के घर से गहने व नगदी



चोरों द्वारा तोड़ी गयी सेफ

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** दिल्ली से वापस लौटे मकान मालिक को अलमारी के ताले टूटे व उसमें रखा सामान गायब मिला। घर पर रह रहा किरायेदार फरार हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

थाना क्षेत्र की नई बस्ती निवासी अनीस पुत्र मेंनुद्दीन ने थाने में दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपने परिवार के साथ दिल्ली गया था। मंगलवार को जब दिल्ली से आकर उसने देखा तो कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था। अलमारी में रखी एक जोड़ी सोने की झुमकी, एक जोड़ी पायल, सोने का पेंडल, पंद्रह हजार नगदी सहित लाखो का माल गायब था। अनीस ने बताया कि उसके मकान में किराये पर शाकिल रहता है और वह चोरी के बाद वह फरार है। सूचना पर कस्बा इंचार्ज प्रशांत कुमार ने पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित का आरोप है कि कस्बा इंचार्ज मामले को दबाने में लगे हुए हैं।

## मजदूरी के पैसे मांगने पर दबंगों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मजदूरी के पैसे मांगने को लेकर दबंगों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बबना निवासी फरजाना बेगम पत्नी रमजानी ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने तीन महीने पहले आलू खोदने का ठेका लिया था। जिसके पैसे मांगने को लेकर आरोपी रखसार पुत्र अख्तर, जुम्मन व सत्तार ने मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# खबरें चलते-चलते

## सट्टा की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद(सं.)।** पुलिस ने सट्टे की खाईवाड़ी करते हुए काशीराम कालोनी हैवतपुर गढ़िया से एक युवक को सट्टा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक अदद सट्टा पर्ची व 520 रुपये नकद बरामद किये। थाना मऊदरवाजा में तैनात उप निरीक्षक इंद्रजीत सिंह अपने हमराहों के साथ गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर ने सट्टे की खाईवाड़ी किये जाने की सूचना दी। पुलिस ने हैवतपुर गढ़िया मंदिर के पास पहुंचकर अमित गुप्ता पुत्र महेशचंद्र गुप्ता निवासी काशीराम कालोनी को गिरफ्तार कर लिया तथा इंद्रजीत की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## बीस लीटर अवैध शराब सहित एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापामारी करके शराब बनाने के उपकरणों सहित बीस लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। एसआई जितेन्द्र कुमार अपने हमराहों के साथ भरेहरपुर में गस्त कर रहे थे, तभी मुखबिर ने सूचना दी कि एक पेट्रोल टंकी के पास देशी शराब बनायी जा रही है तो उपनिरीक्षक अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे और छापेमारी करके अखिलेश पुत्र रतीराम निवासी गोपालपुर को दस-दस लीटर अवैध शराब की कट्टियो सहित गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण बरामद किये है। एसआई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी।

## मारपीट के मामले में चार पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर (सं.)।** मारपीट के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव भाननगर नगला मदायन निवासी मोहित कुमार पुत्र स्व0 विक्रम सिंह ने परिवार के ही विजय सिंह पुत्र धन सिंह, महेंद्र उर्फ मोनू, भूपेंद्र सिंह उर्फ सोनू पुत्रगण नाम नामालूम तथा भूपेंद्र सिंह उर्फ सोनू की पत्नी रवीना के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी दिए जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें दर्शाया कि 25 अप्रैल को समय करीब 2:30 बजे पीड़ित अपनी मां सीमा देवी के साथ अपने घर पंहुचा तो कमरे का ताला टूटा मिला। कमरे में रखा सामान निकाल लिया और उसमें भूसा भर दिया। इसको लेकर पीड़ित व उनकी मां सीमा देवी ने उक्त आरोपियों से कहासुनी की तो इसी को लेकर आरोपीगण गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने पीड़ित व उसकी मां के साथ लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। चीख पुकार की आवाज सुनकर टेनी व कश्मीर ने बचाने का प्रयास किया तो उक्त आरोपियों ने इनके साथ भी मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दारोगा विजय कुमार के सुपुर्द कर दी।

## शमीम हत्याकाण्ड में अनुपम दुबे न्यायालय में पेश

### विवेचक न्यायालय में तलब



**फर्रुखाबाद (सं.)।** बसपा नेता अनुपम दुबे को कड़ी सुरक्षा के बीच मैनपुरी जेल से फतेहगढ़ न्यायालय में पेश कियाइ गया। शमीम हत्याकाण्ड के मामले सीबीसीआईडी इंस्पेक्टर प्रमोद मिश्रा ने अपने बयानों में कहा था कि मैंने मुख्य गवाह इदरीश का न्यायालय में 164 का बयान करवाया था। इसी मामले को लेकर गवाह को न्यायालय ने तलब किया था। जिसमें मुख्य गवाह ने बताया कि मेरा न्यायालय में कभी भी इंस्पेक्टर ने बयान नहीं करवाया था तथा अनुपम दुबे के अधिवकता ने न्यायालय में प्रर्थना पत्र दिया। न्यायाधीश ने विवेचक प्रमोद मिश्रा को तलब किया। जिसमें सुनवाई के लिए अगली तिथि 6 मई की तिथि नियत की है।

## दबंगों ने महिला व उसके पुत्रों को पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** मजदूरी के पैसे मांगने पर पीड़िता को दबंगों ने लात-घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आये पुत्रों को भी पीटा। पीड़िता नवासी बेगम पत्नी अख्तर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उसने अपनी मजदूरी के 1500 रुपये गांव के दबंग परवेश, इशरार पुत्रगण आलम खां, चमन पुत्र जमादार खां, आमिर, मुख्तकीम निवासी नादीवीरपुर ने गाली-गलौज किया व लात घूसों से पिटाई कर दी। पीड़िता के दोनों पुत्र सत्तार व अरमान बचाये आये तो दबंगों ने पुत्रों को भी पीटा। जिससे वे भी घायल हो गये। पीड़िता ने दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की मांग की है।

## कूड़ा डालने के विवाद में दबंगों ने महिला को पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** नाली में कूडा डालने के विवाद में दबंगों ने महिला को गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता रेशमा देवी पत्नी सूरज पाल निवासी करनपुर ने दी गई तहरीर में दर्शाया कि वह अपने घर के बाहर जा रही थी, तभी पड़ोसी रामचरन पुत्र पुत्तूलाल, कुसुमा देवी पत्नी रामचरन ने नाली में कूडा डाल दिया। जिससे नाली बंद हो गई। मना करने पर इन लोगों ने गाली-गलौज कर मारापीटा व धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

## घर में घुसकर छेड़छाड़ व मारपीट की दी तहरीर

**नवाबगंज (सं.)।** घर में घुसकर विवाहिता के साथ छेड़छाड़ी करने के मामले में पीड़िता ने तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। दी गई तहरीर में पीड़िता गीता देवी पत्नी धर्मेन्द्र कुमार कठेरिया निवासी सिरौली ने दर्शाया कि जब वह घर पर अकेली थी, तभी गांव का मुखलाल और दीपू कुमार घर में घुस आये और छेड़छाड़ करने लगे। जब विरोध किया तो मारपीट कर दी। जिससे पीड़िता के गंभीर चोटे आयी है। शोर मचने पर आरोपी जानमाल की धमकी देकर भाग गये। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# तीन सौ लीटर कच्ची शराब सहित दो गिरफ्तार



कच्ची शराब के साथ पकड़े गये आरोपी व मौजूद पुलिस

▸ पुलिस ने मौके पर 500 लीटर लहन किया नष्ट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार चौबे, अपराध निरीक्षक कामता प्रसाद, उपनिरीक्षक विश्वनाथ आर्य, उपनिरीक्षक मोहित मिश्रा, उपनिरीक्षक संजय कुमार मौर्या व हमराहियों ने ग्राम तकीपुर में छापामारी कर चौहान उर्फ चौबे पुत्र जुगल किशोर, राजू पुत्र कालीचरन निवासी तकीपुर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में अभियुक्तों की निशानदेही पर 300 लीटर कच्ची शराब व अवैध शराब निर्मित करने के उपकरण बरामद हुई। मौके पर 500 लीटर लहन बरामद हुई उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि चौबे पर 8 मुकदमे दर्ज है। वहीं आरोपी राजू पर 3 मुकदमा दर्ज हैं।

## पुलिस ने दो वारंटी किये गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार मेरापुर पुलिस ने वारंटी सहवीर उर्फ श्यामवीर पुत्र गोरेलाल निवासी उनाशी व अशोक कुमार पुत्र अरुण कुमार निवासी रुकैया खालिद दादपुर को किया गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया।

## नवोदय प्रवेश परीक्षा की तैयारी बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु 29 अप्रैल को प्रस्तावित प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर 27 अप्रैल को प्रधानाचार्यों की बैठक डीआईओएस कार्यालय में दोपहर 1 बजे से होगी। जिसमें परीक्षा की रुपरेखा तय की जायेगी। परीक्षा के लिए जनपद के 11 कालेजों को सेंटर बनाया गया है। जिनमें कन्या विद्यापीठ इंटर कालेज कायमगंज, कलावती मार्डन पब्लिक स्कूल मंझना, सूर्यकुमारी इंटर कालेज मंझना, राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़, राजकीय बालक इंटर कालेज फतेहगढ़, शक्ति सैनिक इंटर कालेज मौधा, मेजर एसडी सिंह इंटर कालेज रोहिला, आर.पी. इंटर कालेज कमालगंज, फिरोज गांधी इंटर कालेज कमालगंज, सोनी पारिया इंटर कालेज कमालगंज को बनाया गया। मालूम हो कि नवोदय विद्यालय में 80 सीटों के लिए परीक्षा आयोजित की जाती है जिसमें 60 सीटे शहरी व 20 सीटे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित हैं।

# दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर छीनी नगदी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के बाहर बैठे युवक को दबंगों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर मारपीट कर जेब में रखे 1500 रुपये छीन लिये। पीड़ित ने घटना के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार अरुण कुमार पुत्र इंद्रपाल निवासी कालाझाला रजीपुर ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह बीती रात्रि 8 बजे घर के बाहर बैठा था, तभी गांव के ही सुनील उर्फ कल्लू पुत्र मुकुट सिंह व मुकेश कुमार आये और बेबजह गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी और मोबाइल तोड़ दिया तथा जेब से रखे 15000 रुपए भी छीन लिए। पीड़ित ने घटना के संबंध में थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## दहेज लोभियों के खिलाफ मुकदमे की मांग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** दहेज लोभी ससुरालियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की तहरीर विवाहिता के पिता ने नवाबगंज थाने में दी है। जानकारी के अनुसार विवाहिता के पिता मनकु लाल निवासी सिकन्दरपुर ने दी गई तहरीर में दर्शाया कि उसने अपनी पुत्री रिन्की का विवाह 10 साल पूर्व जीतू कुमार पुत्र मुन्नालाल श्रीवास्तव निवासी पुराना गनीपुर के साथ की थी। ससुरालियों ने 50 हजार रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग की और रिन्की का उत्पीड़न करने लगे। कुछ दिन पूर्व उसे व उसके बच्चों को गाली-गलौज कर घर से निकाल दिया। पीड़ित पिता ने बेटी के ससुरालीजनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

# समीक्षा बैठक में डीएम ने परखी शिक्षा व्यवस्था



बैठक लेते जिलाधिकारी व मौजूद अधिकारीगण

▸ रुचि न लेने वाले एआरपी/शिक्षा संकुल से स्पष्टीकरण मांगने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने निपुण भारत में रूचि न ले रहे एआरपी/शिक्षा संकुल से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार कार्य नहीं करेंगे तो बर्खास्तगी की कार्यवाही की जाएगी। विद्यालयों को निपुण बनाने में पूरी ईमानदार/लगन से कार्य करें तथा सभी एबीएसए लगातार मॉनिटरिंग करें। समस्त एबीएसए को स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत सर्वे में मिले बच्चों की आज ही फीडिंग कराने के निर्देश दिए। एबीएसए विशेष मॉनिटरिंग कर विद्यालयों में छात्र छात्राओं की उपस्थिति में सुधार करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्र सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रद्धारानी स्मृति संस्थान की ओर से सरस्वती विद्या मंदिर में मेधावी छात्र कृष्णा शर्मा को 90.05 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर स्मृति व उपहार देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष संजय गर्ग ने कृष्णा शर्मा के घर जाकर शुभकामनायें दी व उज्जवल भविष्यकी कामना की। इस मौके पर कृष्णा शर्मा के गुरु रोहित शर्मा को भी संस्था की ओर से सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा ने कहा कि उनका शिष्य काफी मेधावी है और उनका शिष्य सीए करके जिले का नाम रोशन करेगा।

# इलाज के दौरान जच्चा बच्चा की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

▸ सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझा बुझाकर किया शांत
▸ चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही की उठायी मांग



हंगामा कर रहे परिजनों को समझाती पुलिस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इलाज के दौरान जच्चा बच्चा की मौत के मामले में परिजनों ने जमकर हंगामा काटा। चिकित्सक पर इलाज में लापरवाही करने का आरोप लगाया। सूचना मिलने पर काफी देर बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले को संभाला। पांचाल घाट स्थित चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और परिजनों को काफी समझाया बुझाया।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट में दी गयी तहरीर में मृतका सुरीति के पति नीरज कुमार ने दर्शाया कि वह जब सुरीति को कुलवंती हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, तो उसकी हालत ठीक थी। जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर लिया और इलाज शुरु किया। करीब दो घंटे बाद चिकित्सक ने बच्चे की मौत हो जाने की तहरीर दी । तब पीड़ित ने कहा कि पत्नी को बचा लीजिए। आपरेशन कर दें या मेरी छुट्टी कर दे। पर शाम तक पत्नी का भी निधन हो गया। तब चिकित्सकों ने यह कहा कि अब कहीं भी जाकर इलाज करा सकते हो। जब पीड़ित ने विरोध किया तो चिकित्सक ने गालियां देकर बाहर निकाल दिया। पीड़ित ने संबंधित अस्पताल व चिकित्सक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की।